
नीलू प्रिंटिंग प्रेस
हर प्रकार की वेब ऑफसेट एक रंगीन या बहुरंगीन प्रिंटिंग के लिए नोयडा में एक मात्र स्थान
ई-33, सेक्टर-7 नोएडा (यूपी)
फोन नं. : 9811157562



फरीदाबाद हरियाणा का नंबर 1 समाचार पत्र

# भेदी नज़र

संस्थापक : स्वाधीनता सेनानी सुखवासी लाल शर्मा (ब्रह्मलीन)

ई-पेपर पढ़ने के लिए लॉगऑन करें - www.bhedinazar.com

फरीदाबाद , रविवार 6 जुलाई 2025

दिल्ली, हरियाणा, चड़ीगढ़, पंजाब, राजस्थान, बिहार, झारखंड, उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश का प्रमुख हिन्दी दैनिक

वर्ष : 15 अंक : 187 Email : bhedinazardaily@gmail.com RNI NO. HAR/HIN/2011/43680 Postal REG. No. HR (FBD) -260/2023/25 पृष्ठ : 12 मूल्य : 1 रुपये


## कंपनी को कर्ज उतारने का हक, हमने वही किया

● नेशनल हेराल्ड केस की सुनवाई में बोलीं सोनिया गांधी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के वकील अभिषेक मनु



सिंघवी ने कोर्ट में दलील दी कि एजेएल (एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड) का कर्ज चुकाना एक वैध कारोबारी फैसला था। हर कंपनी को कानूनन अपना कर्ज उतारने का अधिकार है और हमने भी वही किया। एजेएल की संपत्ति अभी भी हमारे पास है और कोई ट्रांसफर नहीं हुआ है। सिंघवी के मुताबिक एजेएल के 90 करोड़ रुपए के कर्ज को यंग इंडियन नाम की गैर-लाभकारी कंपनी ने लिया, ताकि एजेएल कर्ज मुक्त हो सके।

## अमरनाथ यात्रा रूट पर हादसा काफिले की बसें टकराईं

● 36 लोग घायल, पहलगाम रूट पर हादसा,बस के ब्रेक फेल हुए

**श्रीनगर (एजेंसी)।** अमरनाथ यात्रियों को लेकर जा रहे काफिले की चार बसों में टक्कर हो गई। रामबन जिले में चंदरकोट लंगर के पास हुए हादसे में करीब 36 यात्री घायल हो गए हैं। हादसा तब हुआ, जब ब्रेक फेल होने के कारण एक बस का ड्राइवर नियंत्रण खो बैठा। इससे काफिले में शामिल तीन और बसें आपस में टकरा गईं। खबर मिलते ही रेस्क्यू टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और



घायल तीर्थयात्रियों को इलाज के लिए जिला अस्पताल रामबन ले जाया गया है। बाकी यात्रियों को दूसरी गाड़ियों से पहलगाम के लिए रवाना किया गया है। इससे पहले भारी बारिश के बावजूद 6,900 से तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था शनिवार को भगवती नगर बेस कैंप से रवाना हुआ है। इस जत्थे में 5196 पुरुष, 1427 महिलाएं, 24 बच्चे, 331 साधु और साध्वी तथा एक ट्रांसजेंडर शामिल है।

## सोनम रघुवंशी पर फूटा कांग्रेस पार्षद का गुस्सा

● कहा-चौराहे पर कोड़े मारकर दो फांसी,इंदौर को बदनाम किया



**भोपाल।** इंदौर के चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में अब जनप्रतिनिधियों का गुस्सा भी सामने आने लगा है। कांग्रेस की महिला पार्षद रूबिना इकबाल ने सोनम पर कड़ा बयान देते हुए कहा कि उसने केवल अपने पति की हत्या नहीं की, बल्कि इंदौर की छवि और समाज में रिश्तों की मर्यादा को भी ठेस पहुंचाई है। उन्होंने सोनम के लिए सख्त सजा की मांग करते हुए कहा कि उसे चौराहे पर खड़ा कर कोड़े मारे जाएं और फिर फांसी दी जाए। पार्षद रूबिना इकबाल ने कहा कि इंदौर पूरे देश में स्वच्छता और संस्कारों के लिए जाना जाता है। लेकिन सोनम ने पूरे शहर को शर्मसार कर दिया।

## अब सभी वक्फ संपत्ति का होगा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

● 90 दिन का मिलेगा समय,केन्द्र ने किए नए नियम अधिसूचित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट, एम्पावरमेंट, एफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट रूल्स, 2025 का नोटिफिकेशन जारी किया है। ये नियम वक्फ संपत्तियों के पोर्टल और डेटाबेस, उनके पंजीकरण, ऑडिट और खातों के रखरखाव से जुड़े हैं। नए नियमों के तहत एक केंद्रीकृत पोर्टल और डेटाबेस बनाया गया है, जिसमें देशभर की वक्फ की पूरा रिकॉर्ड दर्ज होगा। इसमें वक्फ संपत्तियों की सूची अपलोड करना, नया पंजीकरण, वक्फ रजिस्टर का रखरखाव, खातों की जानकारी देना, ऑडिट रिपोर्ट प्रकाशित करना और बोर्ड के आदेशों को दर्ज करना शामिल है। वक्फ संपत्ति का प्रबंधक (मुतवल्ली) अपने मोबाइल नंबर और




ईमेल के जरिए लॉगिन करके पोर्टल पर रजिस्टर करेगा। इसके बाद वक्फ और उसकी संपत्ति का विवरण अपलोड कर सकेगा। नई वक्फ संपत्ति को बनने के तीन महीने के अंदर पोर्टल पर फॉर्म 4 में पंजीकरण कराना होगा। वक्फ बोर्ड पोर्टल पर फॉर्म 5 में वक्फ का रजिस्टर बनाए रखेगा। नए नियम वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 के तहत बनाए गए हैं, जो 8 अप्रैल 2025 से लागू हुआ है। नए नियमों में सरकारों की जिम्मेदारी तय केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में वक्फ डिवीजन के प्रभारी संयुक्त सचिव इस पोर्टल और डेटाबेस की निगरानी और नियंत्रण करेंगे। राज्य को संयुक्त सचिव स्तर का नोडल अधिकारी नियुक्त करना होगा।

# एक और देश पर चला मोदी का जादू

### यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता का किया समर्थन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत की स्थायी सदस्यता के लिए एक और देश ने समर्थन किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के बीच त्रिनिदाद एवं टोबैगो ने यह घोषणा की है। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी समकक्ष कमला प्रसाद बिसेसर के बीच वार्ता के बाद बुनियादी ढांचे और औषधि समेत कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए छह समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए। दोनों नेताओं ने कृषि, स्वास्थ्य सेवा और डिजिटल परिवर्तन, एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई), क्षमता निर्माण और लोगों के बीच संपर्क जैसे क्षेत्रों में संभावित सहयोग पर चर्चा की। शनिवार को जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि त्रिनिदाद और टोबैगो ने विस्तारित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए भारत को अपना पूर्ण समर्थन देने की पुष्टि की है। वैश्विक मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श करते हुए मोदी और बिसेसर ने संयुक्त राष्ट्र में व्यापक सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया, जिसमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का



विस्तार भी शामिल है ताकि वर्तमान वास्तविकताओं को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित किया जा सके।

संयुक्त वक्तव्य में कहा गया, ''बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक संघर्षों को स्वीकार करते हुए दोनों नेताओं ने बातचीत और कूटनीति को आगे बढ़ने का रास्ता बताया।'' इस बात पर भी सहमति बनी कि भारत 2027-28 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अस्थायी सीट के लिए त्रिनिदाद और टोबैगो की उम्मीदवारी का समर्थन करेगा तथा यह द्वीपीय राष्ट्र 2028-29 की अवधि के लिए नई दिल्ली की दावेदारी का समर्थन करेगा। विदेश मंत्रालय ने कहा, ''प्रधानमंत्री की त्रिनिदाद और टोबैगो की ऐतिहासिक यात्रा से दोनों देशों के बीच विशेष संबंधों को बढ़ावा मिला है।'' पीएम मोदी पांच देशों की यात्रा के दूसरे चरण में बृहस्पतिवार को पोर्ट ऑफ स्पेन पहुंचे। यह 1999 के बाद से किसी भारतीय प्रधानमंत्री की त्रिनिदाद एवं टोबैगो की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के दौरान बिसेसर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की त्रिनिदाद एवं टोबैगो की ''ऐतिहासिक यात्रा'' दोनों देशों के बीच गहरे द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ करेगी।

वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर भारत के लोगों के प्रति त्रिनिदाद एवं टोबैगो के मजबूत समर्थन व एकजुटता की सराहना की। विदेश मंत्रालय ने कहा, ''दोनों नेताओं ने आतंकवाद से लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।'' प्रधानमंत्री मोदी ने त्रिनिदाद और टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू से भी मुलाकात की। मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि भारत और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के बीच दोस्ती को नयी गति मिली है। उन्होंने कहा, ''त्रिनिदाद एवं टोबैगो को धन्यवाद। यहां बिताए गए पल कभी भुलाए नहीं जा सकेंगे।

## अगर मराठी के लिए लड़ना गुंडागर्दी,तो हम गुंडे हैं

### उद्धव और राज ठाकरे ने कहा-हिंदी थोपना बर्दाश्त नहीं



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में हिंदी को लेकर जारी विवाद के बीच उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने मराठी एकता पर शनिवार को मुंबई के वर्ली सभागार में रैली की। दोनों ने 48 मिनट तक हिंदी-मराठी भाषा विवाद, मुंबई-महाराष्ट्र, भाजपा और केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कहा कि तीन भाषा का फॉर्मूला केंद्र से आया। हिंदी से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन इसे थोपा नहीं जाना चाहिए। अगर मराठी के लिए लड़ना गुंडागर्दी तो हम गुंडे हैं। उद्धव और राज 20 साल बाद एक मंच पर नजर आए। आखिरी बार 2006 में बाला साहेब ठाकरे की रैली में साथ दिखे थे। उद्धव को शिवसेना का मुखिया बनाने के बाद राज ने अलग पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना बनाई थी। तब दोनों के रिश्ते अच्छे नहीं थे। ये तीन भाषा का फॉर्मूला कहां से आया, ये सिर्फ केंद्र सरकार से आया है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में आज सब कुछ अंग्रेजी में है। किसी और राज्य में ऐसा नहीं है। सिर्फ महाराष्ट्र में ही ऐसा क्यों। जब महाराष्ट्र जागता है, तो दुनिया देखती है।

## 13वीं बार आरजेडी के अध्यक्ष बने लालू यादव

● पटना में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में हुआ ऐलान

**पटना (एजेंसी)।** लालू यादव 13वीं बार आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। शनिवार को पटना के बाबू सभागार में आरजेडी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में इसका ऐलान किया गया। वे 2028 तक आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद लालू यादव और राबड़ी ने कार्यकर्ताओं और पार्टी नेताओं का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। अधिवेशन की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. रामचंद्र पूर्वे ने की।



## बिहार में बड़े बिजनेसमैन गोपाल खेमका की हत्या

● मिलने पहुंचे डिप्टी सीएम पर फूट पड़ा मां का गुस्सा

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में शुक्रवार रात साढ़े 11 बजे बिजनेसमैन गोपाल खेमका की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में शनिवार को पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। पुलिस सूत्रों की माने तो मर्डर शूटर से कराया गया था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसआईटी की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। एसपी जितेंद्र राणा ने बताया कि हत्याकांड के कई पहलू सामने आए हैं। जिस पर जांच हो रही है। शूटर ने गोली मारी है। उसके साथ कुछ लाइजनर भी थे। शूटर से जुड़े महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं। शूटर और शूटर को भेजने वालों की जानकारी मिल चुकी है। हत्या क्यों की गई ये भी लगभग सामने आ चुका है। जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी होगी। कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा भी परिवार से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन पर खेमका का मां का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने कहा कि मेरा बेटा भी बीजेपी में था। मुझे इंसाफ चाहिए। पटना में गोपाल खेमका को उनके अपार्टमेंट के गेट के ठीक सामने अपराधी ने गोली मारी थी। खेमका गांधी मैदान थाना क्षेत्र के रामगुलाम चौक के पास कटारुका निवास में रहते थे। आनन-फानन में परिजन उन्हें पटना के मेडिवर्सल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। गोपाल खेमका देर रात खुद गाड़ी ड्राइव करते हुए बांकीपुर क्लब से घर लौटे थे। वो जैसे ही अपार्टमेंट के पास पहुंचे, घात लगाए अपराधी ने सिर में गोली मार दी।





पात्रता शर्तें

शैक्षणिक योग्यताएं: अभ्यर्थी द्वारा मैट्रिक कक्षा भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन द्वारा उत्तीर्ण की हो।

जन्मतिथि: 01 सितम्बर 2004 – 29 फ़रवरी 2008 (दोनों तिथियों को मिलाकर)

CBC 10701/13/0009/2526

संगीत संबंधी योग्यता

(क) कीबोर्ड पर बताई गए नोट्स के साथ पिच मिलाकर गाना।
(ख) परीक्षक द्वारा सुनाई गई ताल की तालि बजाकर अनुकरण करना।
(ग) कोई भी प्रसिद्ध गाना सुर में गाएं।
(घ) अपने संगीत के उपकरण पर एक तैयार टुकड़ा प्रस्तुत करें
(ङ) भारतीय/वेस्टर्न संगीत संकेतन पढ़ें।
(च) ताल/राग/शैलियों का सैद्धांतिक ज्ञान हो।

पात्रता मानदंड और विवरण के लिए, www.joinindiannavy.gov.in और 05 जुलाई 2025 का रोजगार समाचार देखें।

ऑनलाइन आवेदन करें
05 जुलाई से 13 जुलाई 2025 तक

युद्ध तत्पर, विश्वसनीय, सुगठित एवं भविष्य सक्षम बल



TARUN JEWELLERS
TODAY BIS HALLMARK
92% Gold Rate ₹88,500/-
76% Gold Rate ₹73,900/-
Making Charges 8% 100% BUY BACK + EXCHANGE
MONDAY CLOSED
Shop No. 25, Sec-7, Huda Mkt, FBD
0129-3668332, 9990032657



देव मैडिकेयर
कैमिस्ट एण्ड कौस्मैटिक
10 प्रतिशत छूट सभी दवाईयों पर | फ्री होम डिलेवरी *




ALL KINDS OF
- MEDICINES
- COSMETICS
- AYURVEDIC MEDICINES
- INSULIN, GLUCOMETER, STRIPS
- B.P.MONITOR, NEBULIZER, SURGICAL GOODS, STRICLS, WHEEL CHAIR, WALKER, ETC

रविवार को दुकान दोपहर 3 बजे तक खुलती है।
आपकी अपनी दुकान
दुकान नं. 260, हुडा मार्किट, सैक्टर-7, फरीदाबाद
आशीष सिंह: 9650518651

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन डॉ वजीर सिंह

**करनाल।** सुरेन्द्र पांचाल करनाल, 5 जुलाई- कृषि उप-निदेशक डॉ वजीर सिंह ने बताया कि जिला के किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने किसानों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपनी फसल का बीमा करवाने का आह्वान किया ताकि फसल खराब होने पर किसानों को अपनी खराब हुई फसल का मुआवजा मिल सके। साथ ही अन्य सरकारी योजनाओं का भी लाभ मिल सके। डॉ वजीर सिंह ने बताया कि खरीफ सीजन 2025 के अंतर्गत आने वाली अधिकृत फसलों (धान, बाजरा, मक्का, कपास, मूंग) का बीमा



किसान 31 जुलाई तक अपने बैंक में जाकर या जन सेवा केंद्र (सीएससी) व प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के ऑनलाइन पोर्टल और फसल बीमा कंपनी के माध्यम से करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जो ऋणी-किसान फसल बीमा नहीं करवाना चाहते हैं, वह किसान अंतिम तिथि से एक सप्ताह पहले अपने बैंक में लिखित रूप में सूचित करेंगे अन्यथा बैंक द्वारा स्वत~ ही फसल बीमा प्रीमियम काट लिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि बीमित किसान फसल खराब होने पर कृषि-रक्षक पोर्टल पर टोल फ्री न0-14447 से अपनी खराब हुई फसल की सूचना 72 घंटे के अंदर दे सकता है जिसका सर्वे बीमा कंपनी प्रतिनिधि और कृषि विभाग के कर्मचारी द्वारा किसान की उपस्थिति में किया जाएगा जिसके उपरांत किसान को उसकी फसल नुकसान प्रतिशत अनुसार मुआवजा देय होगा।

## नशीले दवा और नशीले पदार्थों की रोकथाम तथा बाल विवाह निषेध के बारे में ग्रामीणों को किया जागरूक




**पलवल।** हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के दिशा-निर्देश अनुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं प्राधिकरण की सचिव मेनका सिंह के मार्गदर्शन में शनिवार को पलवल में गांव लालवा में पैनल अधिवक्ता कृष्णा शर्मा ने ग्रामीणों को सभी नालसा व हालसा स्कीमों के बारे में जागरूक किया। इस साथ-साथ उन्होंने लोगों को नशीली दवाओं और नशीले पदार्थों की रोकथाम तथा बाल विवाह निषेध व विभिन्न विषयों की निशुल्क कानूनी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिन लोगों की वार्षिक आय 3 लाख रुपए से कम है वह अपना केस लड़ने के लिए प्राधिकरण की ओर से निन्शुल्क पैनल अधिवक्ता ले सकते हैं। उन्होंने युवाओं को जागरूक करते हुए कहा कि 18 वर्ष पूर्ण होने पर वोटर आईडी कार्ड बनवाने के लिए वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से आवेदन करें। उन्होंने बताया कि बाल विवाह करना अपराध है और ऐसा करने पर सजा का भी प्रावधान है। प्राधिकरण अधिवक्ता ने लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से आपसी विवाद सुलझाने के लिए भी प्रेरित किया। पीएलवी आशा ने समाज से जुड़ी समस्याओं के समाधान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण पलवल के हेल्पलाइन नंबर-01275-298003 पर संपर्क कर सकते हैं।

## हरियाणा के स्कूलों में अब हर वर्ष जुलाई माह के पहले शनिवार को मनाया जाएगा चेस शिक्षा मंत्रीढांडा

**पानीपत,** हरियाणा सरकार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं तार्किक क्षमता को बढ़ावा देने हेतु निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में स्कूल शिक्षा विभाग, हरियाणा ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए घोषणा की है कि हर वर्ष जुलाई माह के पहले शनिवार को प्रदेश के सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों में चेस डे (शतरंज दिवस) मनाया जाएगा। इस पहल की शुरुआत शनिवार को राजकीय माध्यमिक विद्यालय (जीएमएस) कचरौली से की गई। इस महत्वपूर्ण पहल का शुभारंभ आज राज्यभर के स्कूलों में उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा उपस्थित रहे,वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय शिक्षा विभाग, हरियाणा के अतिरिक्त निदेशक सुनील बजाज ने की। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने विद्यालय परिसर में विशाल शतरंज बोर्ड पर प्रथम चाल चलकर चेस ड का औपचारिक उद्घाटन किया।

शिक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं बल्कि बुद्धि, धैर्य, योजना, निर्णय क्षमता एवं समस्या समाधान कौशल को विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में विद्यार्थियों को ऐसे बौद्धिक खेलों से जोड़ना समय की मांग है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त निदेशक सुनील बजाज ने अपने उद्बोधन में विद्यालय प्रमुखों एवं शिक्षकों को निर्देशित किया कि %चेस डे% के माध्यम से विद्यार्थियों को इस खेल से जोड़ने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएँ। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में %चेस क्लब% का गठन कर नियमित अभ्यास एवं प्रतियोगिताएँ सुनिश्चित की जाएँगी ताकि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में छुपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाया जा सके।

## डीसी की फोटो व्हाट्सएप पर लगाकर पैसे मांगने मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार पुलिस प्रवक्ता

**फरीदाबाद।** 3 जुलाई को साइबर थाना सैंट्रल में एक शिकायत प्राप्त हुई जिसमें आरोप लगाया कि किसी व्यक्ति ने व्हाट्सएप पर डीसी फरीदाबाद का फोटो लगाकर उनके नाम से 50 हजार रूपये की मांग की है। जिस शिकायत पर साइबर थाना सैंट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए दूसरे आरोपी एंथोनी(36) वासी कंगपोकपी मणिपुर हाल मुनिरका दिल्ली को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने अपने दोस्त जमतीन खुप हॉकिप (26) का खाता आगे ठगो को उपलब्ध करवाया था। आरोपी बी ए पास है। खाताधारक जमतीन खुप हॉकिप पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। दोनों मणिपुर के रहने वाले है तथा वर्तमान में मुनिरका दिल्ली में रह रहे थे। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

# घरौंडा में कोठी वालों और दुकानदारों ने सरकारी जमीन को दे दिया किराये पर

***• मकान-दुकान के सामने रेहड़ी फड़ी लगाने के लिए वसूले जाते है 4-4 हजार रुपए महीना***

**घरौंडा।** शहर के रेलवे रोड समेत कई इलाकों में फुटपाथ और नालों की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर बड़े कोठियों और दुकानों के मालिक गरीब रेहड़ी व फड़ी वालों से हर महीने हजारों रुपए वसूल रहे हैं। रेहड़ी वाले इस उम्मीद में कि वे कहीं खड़े होकर काम कर सकें, मजबूरी में इन रहीशजादों को 4-4 हजार रुपए तक महीना देकर अपनी रेहड़ी लगाते हैं। वहीं नगरपालिका सिर्फ खानापूर्ति के लिए कभी-कभी सामान हटवाने का नाटक करती है, लेकिन असली समस्या की ओर आंखें मूंद रखी हैं।

समाजसेवी एडवोकेट जेपी शेखपुरा, योगेंद्र सिंह, बरखा, प्रदीप व अन्य स्थानीय लोगों ने साफ आरोप लगाया कि नगरपालिका सिर्फ औपचारिकता निभा रही है। दुकानों के आगे से सामान हटवाकर यह दिखाने की कोशिश की जाती है कि कार्रवाई हो रही है, लेकिन कोठियों और दुकानों के सामने जो रेहड़ियां खड़ी हैं, वो अवैध रूप से फुटपाथ किराए पर देकर खड़ी करवाई गई हैं। असली एक्शन तो उन लोगों पर होना चाहिए जो सरकारी जगह को निजी संपत्ति समझ रहे हैं और उसका भाड़ा वसूल कर रहे हैं।

**रेहड़ी वालों को मजबूरी में देना पड़ रहा किरायानाम** न छापने की शर्त पर रेहड़ी और फड़ी लगाने वाले लोगों ने बताया कि कोठियों और दुकानों के बाहर रेहड़ी लगाने के नाम पर उनसे महीने के 4-4 हजार रुपए तक लिए जाते हैं। कई बार अगर कोई रेहड़ी वाला विरोध करता है, तो उसे वहां से हटा दिया जाता है और उसकी जगह किसी और को दे दी जाती




है। यह पूरे रेलवे रोड पर हो रहा है, जहां सड़कों पर वाहन खड़ा करना तक मुश्किल है क्योंकि जहां गाड़ी खड़ी होनी चाहिए, वहां रेहड़ियां खड़ी हैं, और वह जगह रहीशजादों ने किराये पर दे रखी है।

शहर में वाहन खड़ा करना भी बन गया चुनौतीएडवोकेट जेपी शेखपुरा का कहना है कि घरौंडा में कोई भी व्यक्ति अगर किसी जरूरी काम से आता है, तो उसे अपनी गाड़ी सड़क के बीच में खड़ी करनी पड़ती है। फुटपाथ और नाले के ऊपर रेहड़ियां लगी होती हैं, जिससे सड़क आधी रह जाती है। पार्किंग की कोई जगह नहीं बचती। नगरपालिका बार-बार यह कहकर पल्ला झाड़ लेती है कि कोई शिकायत करेगा तो कार्रवाई होगी, लेकिन क्या नगरपालिका की अपनी कोई जिम्मेदारी नहीं है? नगरपालिका को उन लोगों पर एक्शन लेना चाहिए, जो सरकारी फुटपाथ से ही किराया वसूल रहे है। अगर नगरपालिका ने जल्द ही कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, तो युवा बोलेगा मंच इस अवैध कब्जे और वसूली के खिलाफ मोर्चा खोलेगा। प्रदर्शन भी किया जाएगा। यह सिर्फ एक रेहड़ी वाले या दुकानदार की समस्या नहीं है, बल्कि पूरे शहर के ट्रैफिक और नागरिक सुविधाओं से जुड़ा मसला है।

नगरपालिका का जवाब, शिकायत मिले तो करेंगे जांचजब इस पूरे मामले पर घरौंडा नगरपालिका सचिव रविप्रकाश शर्मा से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि अगर किसी से कोई अवैध वसूली हो रही है, तो वह लिखित शिकायत दे। अतिक्रमण को लेकर समय-समय पर कार्रवाई होती है और जहां पर रेहड़ियों की वजह से दिक्कत होती है, उन्हें हटाया जाता है। अवैध वसूली के मामले में जांच करवाई जाएगी।

**मैंगो मेला स्वाद और संस्कृति का अनूठा उत्सव – अजय मित्तल** भाजपा जिला प्रधान अजय मित्तल ने पंचकूला वासियों से पिंजौर स्थित ऐतिहासिक यादविन्द्र गार्डन में चल रहे 32वें मैंगो मेले में जाने की अपील करते हुए कहा की मेले में देश के अलग-अलग क्षेत्रों से सैकड़ों किस्म के आमों को देखना बहुत ही शानदार और यादगार अनुभव होगा। मैंगो मेला स्वाद और संस्कृति का अनूठा उत्सव है। विदित है, मैंगो मेले का उद्घाटन गत शुक्रवार को हरियाणा सरकार में पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा एवं कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मेले में जिला अध्यक्ष अजय मित्तल एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने विभिन्न प्रकार के आमों का जायजा भी लिया।

मैंगो मेले में तमाम सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जा रहा है जिनमें हरियाणवी एवं पंजाबी लोक गायन, लोक नृत्य, आम खाने की प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता के साथ साथ आम की जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु सेमिनार का आयोजन प्रमुख है। तीन दिवसीय मैंगो मेले का समापन आज रविवार देर शाम हो रहा है।

## पलवल में 11 से 13 जुलाई तक होगा राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ का आयोजन

**पलवल।** उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि सीनियर श्रेणी में लडके और लड़कियों के राज्य स्तरीय खेल महाकंभ का 11 से 13 जुलाई तक पलवल में भव्य तरीके से आयोजन किया जाएगा।

पलवल के नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में आयोजित किए जाने वाले इस खेल महाकुंभ को लेकर संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। जिला उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि खेल विभाग हरियाणा द्वारा सीनियर श्रेणी में लडकी और लड़कियों के राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ 2025-26 में विभिन्न 26 खेलों को शामिल किया गया है। इन खेलों का आयोजन जिला पलवल, पंचकूला, कुरुक्षेत्र, करनाल, यमुनानगर व हिसार में 11 जुलाई से 13 जुलाई तथा जिला जींद, रोहतक, फरीदाबाद, अंबाला और गुरुग्राम में 15 से 17 जुलाई तक करवाया जाना है। पलवल के नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ को भव्य रूप देने के लिए तैयारियां जोरों पर चल रही है। पलवल में राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में कबड्डी, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल और तीरंदाजी खेलों में खिलाड़ी अपना दमखम दिखाएंगे। प्रदेश भर से आने वाले खिलाडियों के ठहरने, सुरक्षा, भोजन और जलपान की उचित व्यवस्था करवाई जा रही है। इसको लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं।

## फरीदाबाद में पौधारोपण नहीं, अब होगा जनभागीदारी आधारित अभियान : महापौर प्रवीण जोशी

**हरियाणा।** के मानेसर में आयोजित राष्ट्रीय शहरी स्थानीय निकाय सम्मेलन में फरीदाबाद नगर निगम की महापौर श्रीमती प्रवीण जोशी ने फरीदाबाद की सफाई व्यवस्था, पर्यावरण सुधार और शहरी विकास को लेकर एक सशक्त और दूरदर्शी दृष्टिकोण प्रस्तुत किया।

फरीदाबाद मॉडल को मिल रही पहचान महापौर ने बताया कि इस वर्ष फरीदाबाद में पहली बार बारिश के दौरान जलभराव नहीं हुआ, जो नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा समय रहते किए गए कार्यों ङ्क विशेषकर नालों की सफाई, कचरा प्रबंधन और जल निकासी व्यवस्था ङ्क का प्रत्यक्ष परिणाम है।

फरीदाबाद अब एन सी आर का केवल हिस्सा नहीं, बल्कि पूरे देश में एक सुनियोजित और स्वच्छ शहर के रूप में उभर रहा है उन्होंने कहा। पॉलिथीन के खिलाफ निर्णायक



पहलजोशी ने सम्मेलन में पॉलिथीन के दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि शहर की सफाई व्यवस्था को भी प्रभावित करता है। उन्होंने फरीदाबाद में इसके विरुद्ध जागरूकता और सख्त कार्रवाई के साथ एक स्थायी समाधान की आवश्यकता पर बल दिया। स्ट्रीट वेंडर व मीट विक्रेताओं के लिए नियोजित व्यवस्था की मांग

महापौर ने शहर में स्ट्रीट वेंडर्स और मीट विक्रेताओं के लिए नियोजित ज़ोन बनाने का सुझाव भी रखा ताकि रोज़गार को सुरक्षित रखते हुए ट्रैफिक और स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके।

हरित फरीदाबाद के लिए जनभागीदारी आधारित अभियान

महापौर श्रीमती जोशी ने घोषणा की कि इस बार फरीदाबाद में सभी पार्षदों और नागरिकों के सहयोग से पौधारोपण किया जाएगा। इसे केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि जनभागीदारी आधारित अभियान के रूप में चलाया जाएगा।

पौधे लगाना पर्याप्त नहीं, उनकी देखरेख और संरक्षण की जिम्मेदारी भी हमारी है। हरित और स्वच्छ फरीदाबाद हमारा सामूहिक संकल्प है।सम्मेलन में महापुरुषों का मार्गदर्शन ओम बिड़ला व मनोहर लाल-महापौर ने सम्मेलन में उपस्थित लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला जी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा

ओम बिड़ला जी जैसे वरिष्ठ और अनुभवी जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन हम सभी नगर निकायों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। वहीं मनोहर लाल जी ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में फरीदाबाद के लिए विकास की मजबूत नींव रखी थी, जिसे अब हम आगे बढ़ा रहे हैं।राष्ट्रीय सम्मेलन हरियाणा में फरीदाबाद के लिए गौरव की बात

महापौर ने अंत में कहा यह पूरे हरियाणा के लिए गौरव की बात है कि इस स्तर का राष्ट्रीय सम्मेलन यहां आयोजित हुआ। फरीदाबाद की सक्रिय भागीदारी यह साबित करती है कि हम देश के श्रेष्ठ शहरी मॉडल बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहे हैं।

## फरीदाबाद एनसीबी की नशा तस्करों पर कार्यवाही: फिरोजपुर झिरका से नशा तस्कर गिरफ्तार, कोडिन सिरप की 12 बोतलें बरामद

**हरियाणा** सरकार द्वारा नशा मुक्त प्रदेश के संकल्प को साकार करने की दिशा में सफलता प्राप्त करते हुए ब्यूरो की फरीदाबाद यूनिट ने थाना फिरोजपुर झिरका एरिया से अवैध नशीले पदार्थ के कारोबार मे लिप्त एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया। विदित है कि ब्यूरो प्रमुख/महानिदेशक ओ.पी. सिंह के दिशा निर्देशों पर पुरे प्रदेश में नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है।

विस्तृत जानकारी देते हुए फरीदाबाद यूनिट के इंचार्ज निरीक्षक मनोज सांगवान ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुश्री पंखुरी कुमार के नेतृत्व व उप पुलिस अधीक्षक श्री पंकज कुमार के निर्देशन में उप निरिक्षक क़ीमती लाल अपनी टीम के साथ फिरोजपुर झिरका मे दिल्ली-अलवर रोड पर अम्बेडकर चौक के पास मौजूद था। तभी गुप्त सूचना मिली कि एक नशा तस्कर हीरो स्प्लेंडर बाइक पर अवैध नशीला पदार्थ की तस्करी कर रहा है। अगर पुलिस टीम द्वारा तुरन्त कार्यवाही की जाए तो आरोपी को काबू किया जा सकता है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम



ने रेड करके आरोपी को प्रतिबंधित नशीले पदार्थ कोडिंन कफ सिरप सहित काबू किया। आरोपी की पहचान तौफिक पुत्र शरीफ निवासी वार्ड नंबर 3 फिरोजपुर झिरका जिला नूह के रूप मे हुई। राजपत्रित अधिकारी को मोके पर बुलाकर तलाशी ली गई तो आरोपी के पास से कुल 12 बोतले कोडिंन कफ सिरप बरामद हुआ।

अतिरिक्त जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया की तौफिक पर पहले से नशा तस्करी के दो मुकदमे दर्ज हैं और उसे पकड़ने के लिए पुलिस लंबे समय से प्रयासरत थी। फिलहाल आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है और उससे जुड़े अन्य तस्करों की पहचान और गिरफ्तारी की प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है।

आरोपी के खिलाफ थाना फिरोजपुर झिरका, जिला नूह में एन.डी.पी.एस. अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत व्यापारिक मात्रा में नशीले पदार्थ रखने का मुकदमा दर्ज कर आगामी कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आगे आमजन से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि अगर आपको कहीं पर भी नशा बिकता हुआ दिखाई दे तो भारत सरकार के द्वारा चलाई जा रही नशें संबंधित टोल फ्री नंबर 1933, ऑनलाइन शिकायत पोर्टल मानस (NCB-MANAS.GOV.IN) और हरियाणा एनसीबी के टॉल फ्री न. 90508-91508 पर बेफिक्र होकर सूचना दें, ताकि नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा जा सके।

## अधिसूचित पानियां में 31 अगस्त 2025 तक जालों से मछली पकड़ने पर प्रतिबंध

**पलवल,** । जिला उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि पंजाब मत्स्य नियमावली 1914 तथा उसके अधीन बनाए गए हरियाणा मत्स्य क्षेत्र नियम 1996 के अंतर्गत राज्य के अधिसूचित पानियां में 31 अगस्त 2025 तक जालों द्वारा मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस दौरान यदि कोई भी व्यक्ति जालों द्वारा अधिसूचित पानियों में मछली पकड़ता है, तो उसके विरूद्ध मत्स्य क्षेत्र नियम, 1996 के अंतर्गत दर्शाए गए सेक्शन 3 के अन्तर्गत नियम 7 के (1) से (13) के अनुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी। उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि मत्स्य विभाग हरियाणा द्वारा इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त राज्य के अधिसूचित पानियों में हरियाणा मत्स्य क्षेत्र नियम 1996 के नियम 7(1) के अन्तर्गत अनुज्ञप्तिधारी अथवा उसके अभिकर्ता उसके द्वारा नामजद व्यक्ति पहली जुलाई से 31 अगस्त तक के मौसम बंदी के दौरान बंसी और हाथ की डोरी के सिवाय मछली नहीं पकड़ेगा। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि हरियाणा राज्य के प्राकृतिक पानियों में मछली सम्पदा को बढ़ाने के लिए मत्स्य विभाग को सहयोग दें तथा मछली प्रजनन के समय माह जुलाई व अगस्त-2025 मे अधिसूचित पानियों में मछली का शिकार न करें।

## बिजली बिल को लेकर भाई की हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत,** नांगल खेड़ी गांव में बिजली बिल को लेकर मामूली कहासुनी में बड़े भाई की कुदाल से वार कर हत्या करने के आरोपी को सीआईए वन पुलिस ने शुक्रवार शाम को फ्लौरा चौके से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान नांगल खेड़ी गांव निवासी राकेश के रूप में हुई है।

उप पुलिस अधीक्षक यातायात सुरेश कुमार सैनी ने शनिवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में प्रैसवार्ता में बताया कि थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में नांगलखेड़ी गांव निवासी अशोक पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह तीन भाई व एक बहन है। वह सबसे बड़ा उससे छोटा मुकेश और सबसे छोटा राकेश। वह सभी शादीशुदा है। वह अलग मकान में रहता और मुकेश व राकेश उसके साथ लगते मकान में रहते है। मुकेश व राकेश का जमीन व बिजली के मीटर को लेकर आपस में झगड़ा रहता था। राकेश इसको लेकर मुकेश से रंजिश रखता था। 3 जुलाई की शाम करीब 5 बजे वह घर पर था तभी उसको भाई के घर से झगड़े का शौर सुनाई दिया। शौर सुनकर वह और उसकी पत्नी सुमन गए तो अंदर की कुंडी लगी थी। उन दोनों ने गेट को हिलाकर कुंडी खोली। घर के आंगन में राकेश भाई मुकेश के सिर पर कुदाल से बार बार वार कर रहा था। सिर से काफी खुन निकला हुआ था। मुकेश की मौके पर ही मौत हो गई। राकेश उन दोनों को धक्का देकर मौके से फरार हो गया।



थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में अशोक की शिकायत पर हत्या का अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की धरपकड़ शुरू कर दी थी।

उप पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार सैनी ने बताया कि पुलिस टीम ने शुक्रवार शाम को मिली गुप्त सूचना पर आरोपी को फ्लौरा चौक से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बड़े भाई मुकेश की कुंदाल से वार कर हत्या करने बारे स्वीकारा।

पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसका बड़े भाई मुकेश के साथ घर के बिजली के बिल को लेकर विवाद चल रहा था। बिल न भरने के चलते कुछ दिन पहले बिजली कनैकशन कट गया था। मुकेश ने बिल भरकर कनैक्शन चालू करवा लिया था।

## शतरंज गतिविधि विद्यार्थियों को शतरंज के महत्वपूर्ण स्टेप्स एवं नियम सिखाए

**फरीदाबाद।** गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा, फरीदाबाद की जूनियर रेड क्रॉस एवं सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मंचन्दा के मार्गदर्शन में विद्यालय में शनिवार दिनांक 5 जुलाई 2025 को विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के उद्देश्य से शतरंज गतिविधि का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एससीईआरटी हरियाणा एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री अशोक बघेल जी के आदेशानुसार संपन्न हुआ। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में एकाग्रता, तर्क शक्ति, धैर्य, निर्णय क्षमता और रणनीतिक सोच को विकसित करना था, ताकि वे पढ़ाई के साथ साथ मानसिक विकास की दिशा में भी आगे बढ़ सकें। कार्यक्रम में अध्यापिका दीपांजली शर्मा क्क्नञ्ज, शारीरिक शिक्षा ने विद्यार्थियों को शतरंज के खेल का इतिहास, बोर्ड की बुनियादी संरचना, मोहरों की चाल,



विशेष चालें जैसे कास्टलिंग और पॉन प्रमोशन आदि का विस्तार से अभ्यास कराया। बच्चों ने शतरंज की बारीकियों को बड़े उत्साह से सीखा और एक दूसरे के साथ खेलकर रणनीति बनाना सीखा। इस अवसर पर शतरंज से जुड़ी बौद्धिक पहेलियों के माध्यम से विद्यार्थियों की सोचने और तुरंत निर्णय लेने की क्षमता को भी विकसित किया गया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि शतरंज केवल खेल नहीं बल्कि जीवन में धैर्य, दूरदर्शिता और सटीक निर्णय लेने का अभ्यास है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे शतरंज के माध्यम से अपनी एकाग्रता और तर्क शक्ति को मजबूत करें और इसे पढ़ाई में भी लागू करें। उन्होंने शिक्षा विभाग हरियाणा और एससीईआरटी हरियाणा का आभार व्यक्त किया जिन्होंने इस प्रकार की गतिविधियों को स्कूलों में लागू कर विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने की पहल करने का महत्वपूर्ण प्रयास किया है। प्राचार्य मनचंदा ने महत्वपूर्ण संयोजन के लिए शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता दीपांजलि शर्मा एवं विद्यार्थियों का भी विशेष आभार व्यक्त किया।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने डीजेबी को फटकार लगाई 'आप लोगों से गंदा पानी पीने की उम्मीद कैसे कर सकते हैं'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कॉलोनियों में दूषित जल आपूर्ति के लिए दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) को कड़ी फटकार लगाई। हाईकोर्ट ने जल बोर्ड से पूछा कि अधिकारी नागरिकों से दूषित पानी पीने की उम्मीद कैसे कर सकते हैं।

चीफ जस्टिस डी.के. उपाध्याय एवं जस्टिस अनीश दयाल की बेंच उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि पूर्वी दिल्ली के योजना विहार, आनंद विहार, जागृति एंक्लेव व अन्य निकटवर्ती क्षेत्रों के निवासियों को उनके घरेलू नलों में अत्यधिक दूषित पेयजल मिल रहा है।

बेंच ने पूछा कि जब तक कोई अदालत का दरवाजा न खटखटाए, तब तक क्या जल बोर्ड अपनी तरफ से कुछ नहीं करेगा? बेंच ने कहा, जल बोर्ड क्या यह चाहता है कि शहर के लोग दूषित पानी पीएं।

बेंच ने बीती 2 जुलाई को दिल्ली जल बोर्ड को संबंधित इलाकों का निरीक्षण करने का आदेश दिया था। जल बोर्ड की तरफ से बेंच को बताया गया कि जांच एजेंसी ने पाया कि योजना विहार क्षेत्र में जलापूर्ति पाइपलाइनें बहुत पुरानी हो गई हैं। उन्हें बदलने की जरूरत है। डीजेबी ने अपने सर्वे के आधार पर एक स्टेटस रिपोर्ट दायर की है। याचिकाकर्ता के घर व आसपास के क्षेत्रों सहित कई घरेलू कनेक्शन में पुरानी व क्षतिग्रस्त जल आपूर्ति पाइप से होने की बात स्वीकार की गई है। डीजेबी ने कहा कि पाइप लाइन को बदलने के लिए 7 जुलाई तक टेंडर मंगाए जाएंगे। 17 जुलाई तक ठेका दे दिया जाएगा। परियोजना को ठेके की तिथि से 20 दिनों में पूरा करने का प्रस्ताव था। बेंच ने निर्देश दिया कि इन घरों में और इनके आसपास पुरानी और क्षतिग्रस्त जलापूर्ति पाइपों को बदलने से संबंधित कार्य किसी भी स्थिति में अगस्त 2025 तक पूरा किया जाना चाहिए और किसी भी विफलता को अदालत द्वारा गंभीरता से लिया जाएगा। इस मामले में अगली सुनवाई 13 अगस्त को निर्धारित की गई है। वहीं, दिल्ली के द्वारका सेक्टर-8 स्थित बी ब्लॉक में लगभग तीन वर्ष से स्वच्छ पानी की किल्लत बरकरार है। आलम यह है कि दिन में पानी आता नहीं और रात को बदबूदार गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। ऐसे में लोगों में रोष व्याप्त है। स्थानीय निवासियों का दावा है कि जब से डीडीए से दिल्ली जल बोर्ड के पास यह क्षेत्र आया है तब से समस्या और बढ़ गई है। स्वच्छ पानी अब उनके लिए सपना रह गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से लेकर विधायक तक को पानी की परेशानी बताई है। इसके बावजूद समाधान नहीं हो रहा है। अब तो दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों ने फोन तक उठाना बंद कर दिया है।

रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर-8 बी-ब्लॉक के सचिव बीएस त्रिपाठी ने बताया कि पानी की समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। सीवेज, पार्क के रख-रखाव तक की समस्या है। इस ब्लॉक में 321 प्लॉट हैं, जिसमें 1200 परिवार रहते हैं।

किसी इलाके में बिल्कुल पानी नहीं आ रहा है, जबकि कुछ इलाकों में गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है।




## पहले ऑनलाइन दोस्ती फिर करवा दिया लड़के का अपहरण, दिल्ली में खौफनाक वारदात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में हैरान करने देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक लड़के से ऑनलाइन दोस्ती के बाद लड़की ने उसका अपहरण करा दिया। इतना ही नहीं, अपहरण के बाद पीड़ित 20 वर्षीय निखिल की बुरी तरह पिटाई भी की गई। पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि पुलिस ने मामले में शुक्रवार को एक आरोपी संजीव कुमार लोहिया को गिरफ्तार किया है। शुरुआती जांच में फिरौती वसूलने के इरादे से अपहरण की बात सामने आ रही है। हालांकि परिवार को अपहरण के बाद फिरौती से संबंधित कोई कॉल नहीं मिली थी। पुलिस फरार लड़की समेत अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। अन्य साथियों तरुण, आकाश और अन्य के साथ मिलकर दो महीने पहले ही पीड़ित के अपहरण की योजना बनाई थी। इसके लिए उन्होंने नामक लड़की की मदद से पीड़ित को अपने जाल में फंसाया और पीड़ित को बुलाकर उसका अपहरण करने के साथ बुरी तरह पिटाई की। पुलिस के मौके पर आने से इनकी योजना खराब हो गई। फिलहाल आरोपियों के कब्जे से पीड़ित का मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद कर ली गई है। पुलिस के मुताबिक, शकरपुर के गणेश नगर-दो निवासी 20 साल के पीड़ित निखिल उर्फ चेतन से करीब दो महीने पहले खुशी नाम की लड़की ने व्हाट्सऐप पर संपर्क किया। उन दोनों की बातचीत होने लगी और पिछले गुरुवार को लड़की ने पीड़ित को मिलने के लिए बुलाया। पीड़ित निखिल के जाने के बाद उसकी बड़ी बहन को आरोपियों की तरफ से पीड़ित के ही मोबाइल फोन से धमकी भरी कॉल आई। कॉल पर आरोपियों में से एक ने खुद को खुशी का भाई बताया और कहा कि उन्होंने युवक को लड़की के साथ होटल में पकड़ा है।

## संक्षिप्त समाचार

### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को नई सहूलियत, अनारक्षित टिकट काउंटर की जगह बदली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अब अनारक्षित टिकट काउंटर में मामूली बदलाव किया गया है। यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन पर अजमेरी गेट की तरफ टिकट काउंटर को पहली मंजिल से ग्राउंड फ्लोर पर लाया गया है। यात्रियों को पहले सामान लेकर पहली मंजिल पर अनारक्षित टिकट लेने के लिए जाना पड़ता था, लेकिन अब बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर ही टिकट काउंटर बना दिए गए हैं। वहीं पहली मंजिल पर टिकट काउंटर वाले स्थान पर अन्य व्यवसायिक गतिविधियां शुरू करने की योजना है। यहां पर वीआईपी लाउंज भी बनाया जा रहा है, जिसमें 50 रुपये प्रतिघंटा पर यात्री बैठ सकेंगे। जानकारी के मुताबिक, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के अजमेरी गेट की ओर स्थित बिल्डिंग में पहली मंजिल पर लंबे समय से अनारक्षित टिकट काउंटर संचालित हो रहा था, जबकि ग्राउंड फ्लोर पर केवल प्लेटफॉर्म टिकट की सुविधा थी। पहले यात्रियों को अनारक्षित टिकट लेने के लिए पहली मंजिल तक जाना पड़ता था। वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान यह समस्या सामने आई। इसके बाद अनारक्षित टिकट काउंटरों को पहली मंजिल से नीचे ग्राउंड फ्लोर पर शिफ्ट कर दिया गया है। पहली मंजिल पर एक वीआईपी लाउंज (विश्राम कक्ष) तैयार किया जा रहा है, जहां यात्री 50 रुपये प्रति घंटा शुल्क देकर आराम कर सकेंगे। वहीं, यात्रियों के लिए भी पहली मंजिल पर हॉल में रुकने की सुविधा भी होगी। इसके लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। इससे पहले पहाड़गंज की दिशा में भी अनारक्षित टिकट काउंटर को ग्राउंड फ्लोर पर शिफ्ट किया गया था।

### परिसर में प्रवेश के लिए अलग से मार्ग बनेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के नेताओं अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। दरअसल, निचली अदालत द्वारा इन नेताओं को शराब नीति मामले में दस्तावेज उपलब्ध कराने के आदेश के खिलाफ सीबीआई ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। शुक्रवार को आरोपी व्यक्तियों को नोटिस जारी करते हुए जस्टिस रवींद्र डुडेजा ने कहा कि वह इस मामले पर विस्तृत आदेश पारित करेंगे। सीबीआई ने निचली अदालत के 22 मई के आदेश को चुनौती दी थी। आदेश में जांच एजेंसी को निर्देश दिया गया था कि यदि एजेंसी सुनवाई में उन पर भरोसा नहीं कर रही है तो वह गवाहों और अभियुक्तों को भेजे गए अपने सभी नोटिस और लिखित संचार को प्राप्त जवाबों के अलावा अप्रमाणित दस्तावेजों की सूची में शामिल करे। निचली अदालत ने कहा था कि सूची उसके समक्ष दाखिल की जानी चाहिए और दस्तावेजों का निरीक्षण करने के लिए इसकी एक प्रति अभियुक्तों के साथ साझा की जानी चाहिए। निचली अदालत ने जांच अधिकारी को अन्य मुद्दों पर हलफनामा दाखिल करने को कहा था। सीबीआई के वकील ने हाई कोर्ट में दलील दी कि निचली अदालत सीबीआई से ऐसे दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए नहीं कह सकती थी, क्योंकि नोटिस जांच की सामग्री थी, साक्ष्य नहीं। जज ने सीबीआई के वकील से पूछा कि यदि एजेंसी ऐसे विवरण उपलब्ध कराती है तो इससे उसे क्या नुकसान होगा। अदालत को बताया गया कि इससे भविष्य के सभी मामलों में एक मिसाल कायम होगी तथा कानूनों को फिर से लिखने जैसा होगा। इसके विपरीत कुछ आरोपियों की ओर से पेश हुए वकीलों ने दलील दी कि सीबीआई को डर है कि यदि विवरण उपलब्ध करा दिया गया तो उसकी दोषपूर्ण जांच उजागर हो जाएगी। इस मामले में अन्य व्यापारियों के अलावा दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल, आप नेता मनीष सिसोदिया और संजय सिंह तथा बीआरएस नेता के. कविता भी आरोपी हैं। केंद्रीय जांच एजेंसियों ने शराब आबकारी नीति में संशोधन के दौरान अनियमितताओं और लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया है। दिल्ली सरकार ने 17 नवंबर, 2021 को नीति लागू की और भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच सितंबर 2022 के अंत तक इसे रद्द कर दिया गया था। धन शोधन का यह मामला दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना द्वारा मामले की जांच की सिफारिश के बाद दर्ज किए गए सीबीआई के एक मामले के बाद सामने आया है।

## कभी सोचा नहीं था... दिल्ली के सीयूईटी टॉपर की सक्सेस स्टोरी, हासिल की ऑल इंडिया रैंक 2

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के कृष्णा नगर इलाके की गलियां शुक्रवार को ढोल-नगाड़ों और खुशियों की गूंज से गुलजार थीं। वजह थी 17 साल के अर्जव जैन की शानदार कामयाबी, जिन्होंने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट-अंडरग्रेजुएट में ऑल इंडिया रैंक 2 हासिल कर दिल्ली का नाम रौशन किया। अर्जव ने बताया कि उनकी परीक्षा अच्छी गई थी, लेकिन उन्होंने नहीं सोचा था कि वो टॉप कर देंगे।

कृष्णा नगर का यह होनहार सितारा हमेशा से दिल्ली यूनिवर्सिटी के नॉर्थ कैंपस में अपनी कॉलेज लाइफ की कल्पना करता था। उसका सपना है श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में दाखिला लेना और इकोनॉमिक्स में डिग्री हासिल करना। भाई परमानंद विद्या मंदिर से स्कूलिंग पूरी करने वाले अर्जव का कहना है, मेरे शिक्षकों ने हर सवाल का जवाब धैर्य से दिया और मेरे माता-पिता मेरी सबसे बड़ी ताकत बने। उनकी वजह से ही मैं आज यहां हूं। पिछले कुछ महीने अर्जव के लिए रात-दिन पढ़ाई और तनाव से भरे थे। जब ड्राफ्ट आंसर की जारी की, तो उनकी धड़कनें बढ़ गई थीं। लेकिन अब, जब मेहनत रंग लाई, तो अर्जव का चेहरा खुशी से दमक रहा है। उन्होंने कहा, अब मैं कॉलेज लाइफ का मजा लूंगा। फेस्टिवल्स, नए दोस्त और करियर पर फोकस सब कुछ एक साथ। अपने दोस्तों और परिवार के साथ जश्न की तैयारियां जोरों पर हैं, जिन्होंने हर कदम पर उनका हौसला बढ़ाया।



## दिल्ली में 2 दिन हो सकती है झमाझम बारिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गर्मी और उमस से बेहाल राजधानी दिल्ली में अगले दो दिन अच्छी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग की ओर से इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। शुक्रवार को दिल्ली के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। इसके चलते अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। दिल्ली में मॉनसून आने की घोषणा हुए पांच दिन हो चुके हैं लेकिन, अभी तक पूरी राजधानी को भिगोने वाली तेज बारिश एक बार भी नहीं हुई है। हल्की-फुल्की बारिश का क्रम बीच-बीच में बना हुआ है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिनों के बीच दिल्ली में बादलों की मौजूदगी बनी रहेगी। इस बीच में हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। अधिकतम तापमान 35 से 37 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। जबकि, न्यूनतम तापमान 26 से 28 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। मौसम विभाग ने शनिवार और रविवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में शुक्रवार सुबह से ही हल्के बादलों की मौजूदगी बनी रही। बीच-बीच में जब तेज धूप निकली तो लोगों को गर्मी और उमस का सामना करना पड़ा। हालांकि, कुछ ही देर में बादलों ने आकर सूरज को ढक लिया। दिल्ली के कई इलाकों में दिन के समय हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। पूसा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 34.5 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। नजफगढ़ क्षेत्र में 16 मिमी और जनकपुरी में 15.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। बादल छाए रहने और कई इलाकों में हुई बारिश के चलते अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस कम है। न्यूनतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है।

हल्की बारिश और हवा की गति तेज रहने का साफ असर दिल्ली की हवा पर भी देखने को मिल रहा है। दिल्ली की हवा लगातार साफ-सुथरी बनी हुई है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक शुक्रवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 78 के अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को संतोषजनक श्रेणी में रखा जाता है। अगले दो दिनों के बीच भी वायु गुणवत्ता का यह स्तर बना रहने की संभावना है।



## दिल्ली पुलिस ने किया 2 बदमाशों का एनकाउंटर, गोली मारकर पहुंचाया अस्पताल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। नरेला में हुई इस मुठभेड़ में पुलिस ने दो को गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया है। दोनों अपराधी घायल हो गए हैं। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। दोनों बदमाशों पर रोहतक में हत्या करने का आरोप है। दोनों की पहचान हो गई है।

इस मामले पर जानकारी देते हुए दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बताया कि हाल ही में हरियाणा के रोहतक में एक मर्डर हुआ था। इस हत्या में दोनों अपराधी फरार चल रहे थे। शनिवार को दोनों के नरेला इलाके में छिपे होने की जानकारी मिली। पुलिस ने एक ऑपरेशन चलाया और दोनों को सरेंडर करने के लिए कहा। लेकिन अपराधियों ने सरेंडर करने से इनकार कर दिया और पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने भी जवाब फायरिंग शुरू की और कुछ देर में ही दोनों अपराधियों के पैरों में गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। दोनों को घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया, वहां दोनों का इलाज किया जा रहा है। इलाज के बाद दोनों से हत्या के मामले में पूछताछ की जाएगी। इससे पहले 4 जुलाई को भी दिल्ली के नजफगढ़ इलाके में अज्ञान हमलावरों ने एक शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में मृतक की पहचान नीरज तेहलान के रूप में हुई थी। नीरज तेहलान पर पिछले कुछ सालों में कई मुकदमें दर्ज किये जा चुके थे। इसके अलावा पुलिस ने नीरज पर 1 लाख रुपए का इनाम भी रखा हुआ था। पुलिस ने बताया कि 2024 के फरवरी महीने में हुए दोहरे हत्याकांड में नीरज प्रमुख गवाह था, लेकिन शनिवार को बदमाशों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। 4 जुलाई को तहलान पर तब हमला किया गया, जब वो अपनी कार में बैठा था। इस दौरान बदमाश बाइक से कार के पास पहुंचे और दनादन गोलियां चलाने लगे। जब तक गोलियों की आवाज बंद हुई, नीरज को कई गोलियां लग चुकी थीं। पुलिस को शक है कि नीरज की हत्या गैंगस्टर हर्ष धनकड़ उर्फ चिंटू और संजय उर्फ संजू दहिया ने रची थी। हालांकि, पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।




## दिल्ली में नहीं थम रहा गैंगवार, डबल मर्डर के चश्मदीद को नजफगढ़ में गोलियों से भूना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के नजफगढ़ इलाके में शुक्रवार शाम को उस वक्त सनसनी फैल गई, जब बाइक सवार हमलावरों ने एक कार में बैठे नीरज तेहलान को गोलियों से भून डाला। नीरज के सिर पर 1 लाख रुपये का इनाम था। वो फरवरी 2024 के नजफगढ़ डबल मर्डर केस का अहम गवाह भी था। पुलिस के मुताबिक, शाम सवा 7 बजे के करीब 2-3 हमलावरों ने नीरज पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई और फरार हो गए। पुलिस को शक है कि इस हत्या के पीछे कुख्यात गैंगस्टर हर्ष धनकड़ उर्फ चिंटू, जो हाल ही में विदेश से प्रत्यर्पित हुआ और विदेश में छिपा संजय उर्फ संजू दहिया का हाथ हो सकता है। इलाके को सील कर जांच शुरू कर दी गई है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पिछले हफ्ते, दिल्ली के बवाना इलाके में एक और खूनी वारदात ने दहशत फैला दी। कुख्यात गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू के गुर्गों ने 27 जून को व्यापारी दीपक की गोली मारकर हत्या कर दी। दीपक, जो मंजीत महाल का भतीजा था, अपनी बेटी के साथ सुबह की सैर पर था। इसी दौरान बाइक सवार हमलावरों ने उस पर 6 गोलियां दाग दीं। इस हमले में दीपक की बेटी भी गोली लगने से घायल हो गई और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हमलावरों ने चार दिन तक दीपक की रेकी की थी। सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि वे दीपक के घर और उसकी एक एक्टिविटी पर नजर रख रहे थे। 43 साल का बीटेक पास व्यापारी दीपक अपनी पत्नी, बच्चों और माता-पिता के साथ बवाना के नांगल ठाकरान गांव में रहता था। वह रोज सुबह परिवार के साथ बवाना रोड पर सैर के लिए जाता था। हमले के वक्त उसके माता-पिता पीछे थे। जबकि वह अपनी बेटी के साथ आगे चल रहा था।

## घरेलू हिंसा केस में कौन-कौन बनाए जा सकते हैं आरोपी? दिल्ली हाईकोर्ट ने कर दिया साफ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि एक छत के नीचे रहने वाले ही घरेलू हिंसा के मामलों में आरोपी बनाए जा सकते हैं। संबंधित घर से दूर रहने वालों को आरोपी नहीं बनाया जा सकता। जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की बेंच ने घरेलू हिंसा कानून की व्याख्या करते हुए कहा कि बेशक रिश्ता कितना भी करीबी क्यों ना हो। जब तक ये रिश्तेदार एक घर या एक छत के नीचे नहीं रहते इनके खिलाफ घरेलू हिंसा का मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। बेंच ने कहा कि घरेलू हिंसा का दायरा घर में साथ रहने वालों तक सीमित है। परिवार के अलग रह रहे सदस्यों को इसमें जबरन घसीटा नहीं जा सकता।

इसके साथ ही बेंच ने एक महिला की सास, देवर और देवरानी को घरेलू हिंसा का आरोपी बनाने की याचिका को खारिज कर दिया। बेंच ने कहा कि निचली अदालत ने उचित निर्णय लेते हुए याचिकाकर्ता महिला की सास, देवर और देवरानी को बतौर आरोपी समन करने से इनकार कर दिया था। हाईकोर्ट इस आदेश को बरकरार रखता है।

याचिकाकर्ता महिला की शादी वर्ष 2001 में हुई थी। उसका कहना था कि शादी के दूसरे दिन से ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा था। इस बीच उसने एक बेटी को जन्म दिया। परिवार की प्रताड़ना बढ़ती रही। हालांकि, अपनी याचिका में महिला ने कहा कि वह पति के साथ बहुत साल पहले ही अलग हो गई थी। सास और ससुराल के अन्य सदस्य अलग घर में रह रहे थे, लेकिन फिर भी वो उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। इस बाबत महिला ने कड़कड़डूमा अदालत की फैमिली कोर्ट में वर्ष 2022 में घरेलू हिंसा का मुकदमा कराया था।

## रुचिका की हत्या को 2 दिन पहले खरीदा चाकू, डेढ़ घंटे किया इंतजार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के लाजपत नगर में मां-बेटे की हत्या के आरोपी नौकर मुकेश पासवान को पुलिस मुगलसराय से लेकर दिल्ली आ गई है। आरोपी ने पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। आरोपी ने बताया कि वह रुचिका की हत्या करने के लिए सीढ़ियों पर बैठकर उसके घर लौटने का डेढ़ घंटे तक इंतजार कर रहा था। इसके लिए उसने चाकू भी खरीद लिया था।

दरअसल, दो दिन पहले रुचिका ने फोन पर मुकेश को अगले दिन से काम पर नहीं आने पर नौकरी से निकालने की धमकी दी थी। इसे लेकर मुकेश रुचिका से गुस्सा था। इतना ही नहीं, आरोपी हत्या के लिए करीब 6:30 बजे ही रुचिका के घर पहुंच गया था। रुचिका घर पर नहीं थी, तो आरोपी ने करीब डेढ़ घंटे तक घर की सीढ़ियों पर बैठकर इंतजार करता रहा। उसने दो दिन पहले ही चाकू खरीद लिया था।

आरोपी मुकेश ने बताया कि रुचिका स्कूटी से घर आई और उसे सीढ़ियों पर बैठा देखकर चिल्लाई और कहा कि आ गया शक्ल दिखाने के लिए। मुकेश ने रुचिका से पीने के लिए पानी मांगा। रुचिका गेट खोलने के लिए, जैसे ही आगे बढ़ी तभी मुकेश ने पीछे से उसका गला काट दिया। इसके चलते रुचिका का खून गेट के बाहर और सीढ़ियों तक फैला हुआ था। मुकेश रुचिका को घायल अवस्था में घसीटता हुआ बिस्तर तक ले गया और वहां उसे छोड़ दिया। इसी दौरान वहां कृष आ गया और उसने अपनी मां को बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हुआ। मुकेश ने बताया कि वह बीमार था और उसके पेट में दर्द था। इस कारण वह दुकान पर नहीं जा पा रहा था। लेकिन पहले दिन से ही रुचिका उसे फोन करने लगी। उसने रुचिका को फोन पर बताया कि उसकी तबीयत ठीक नहीं है। बावजूद इसके वह उसे परेशान कर रही थी। मुकेश पासवान ने बताया कि उसने रुचिका से 40 हजार रुपये एडवांस सैलरी और दो मोबाइल ले रखे थे। रुचिका हर बात पर पैसे और मोबाइल वापस मांगने की धमकी देती थी। हत्या से दो दिन पहले रुचिका ने उसे डांटा था।



**संपादकीय**

# बादलों के कहर में बहते पहाड़

हिमाचल प्रदेश पर इन दिनों कुदरत की मार पड़ रही है। बादल फटने की घटनाओं से मंडी जिला सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। कई पहाड़ी इलाके भी चपेट में आए हैं। एक तरफ नदियां उफन रही हैं, तो दूसरी तरफ जमीन धंसने से खतरा बढ़ा है। मंगलवार देर रात मंडी जिले में बादल फटने से आई बाढ़ ने तबाही मचा दी। दस लोगों की असमय मौत हो गई, जबकि कई लोग लापता हैं। यह हादसा कितना बड़ा है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जिले के कई हिस्सों से संपर्क टूट गया है। गांवों में कई घर क्षतिग्रस्त हो गए, तो कुछ बह गए। राज्य में एक दिन में बादल फटने की ग्यारह घटनाएं हुईं, जिनमें सबसे अधिक मंडी जिले में दर्ज की गईं। यह दुखद है कि मानसून के बादल हिमाचल प्रदेश के लोगों पर आफत बनकर बरसे हैं। अगर समय पूर्व चेतावनी देने के तंत्र की माकूल व्यवस्था की गई होती तो शायद जान-माल का इतना नुकसान नहीं होता। वैसे बादल फटना कोई सामान्य मौसमी घटना नहीं है। जलवायु परिवर्तन की वजह से ऐसी घटनाओं की आवृत्ति बढ़ रही है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि हिमालयी क्षेत्र में तेजी से बदलते मौसम के मिजाज को समझने की जरूरत है। बचाव के क्या रास्ते हो सकते हैं, इस पर विचार करना होगा। यह जलवायु संकट का ही परिणाम है कि अब पहाड़ों पर भी गर्मी पड़ रही है और मानसून में बादल फटने की घटनाओं में इजाफा हो रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि नमी बढ़ने और गर्म हवा के तेजी से ऊपर उठने के कारण बादल फट रहे हैं और तबाही मचा रहे हैं। ऐसे में चट्टानें, मिट्टी और पेड़ बहते हुए जब नीचे की ओर तेजी से आते हैं, तो रास्ते में आने वाली हर चीज को भारी नुकसान पहुंचाते हैं। कृषि भूमि तो बर्बाद होती ही है, सड़कें और पुल भी ध्वस्त हो जाते हैं और जानी नुकसान भी होता है। हिमाचल और उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों में बार-बार बादल फटने की घटनाएं एक गंभीर चेतावनी है, जिसे हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए।

**सनद रहे कि इससे पहले नवंबर, 2024 में ब्राजील में आयोजित जी20 समिट के दौरान दोनों नेताओं की मुलाकात हुई थी। भारत और अर्जेंटीना ने खनिज संसाधनों खास कर लीथियम के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाया है। पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों की खपत कम करने और स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन बढ़ाने में लीथियम की भूमिका बेहद अहम है। अर्जेंटीना भारत के लिए सोयाबीन और सूरजमुखी तेल का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। 2024 में भारत अर्जेंटीना का पांचवां सबसे बड़ा व्यापारिक सहयोगी और निर्यात गंतव्य था। वहीं, 5-8 जुलाई को पीएम मोदी रियो डे जेनेरियो में ब्रिक्स समिट के दौरान ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा से मुलाकात करेंगे।**

# मोदी की अफ्रीकी व दक्षिण अमेरिकी देशों की यात्रा से ग्लोबल साउथ को मिलेगी मजबूती, भारत की वैश्विक धमक बढ़ेगी

**(कमलेश पांडे )**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने 9 दिवसीय विदेश दौरे पर 2 जुलाई को घाना की राजधानी अकरा के लिए रवाना हो गए। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य भी भारत के वैश्विक साझेदारी को ग्लोबल साउथ और अटलांटिक के दोनों पक्षों के साथ संबंधों को मजबूत करना है।

जब वैश्विक पटल पर अमेरिका और चीन एक दूसरे पर पलटवार करने के लिए रूस के मित्र भारत को अपने-अपने खेमे में मिलाने के लिए तरह-तरह की भारत विरोधी चालें चल रहे हैं, वहीं भारत अपनी सधी चाल से रूस को भी हैरत में डालते हुए ग्लोबल साउथ यानी तीसरी दुनिया के देशों पर निरंतर अपनी पकड़ मजबूत करता जा रहा है। इसलिए पीएम नरेंद्र मोदी विगत 11 वर्षों से लगातार वैश्विक यात्रा कर रहे हैं और भारत की वैश्विक स्थिति को काफी मजबूती प्रदान कर चुके हैं। उनकी कोशिश है कि भारत दुनिया के गुटनिरपेक्ष देशों को एक सशक्त नेतृत्व प्रदान करे और अपने साथ साथ सभी देशों का आशातीत विकास करे। इससे सत्य व अहिंसा की वैश्विक भावना को भी मजबूती मिलेगी।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने 9 दिवसीय विदेश दौरे पर 2 जुलाई को घाना की राजधानी अकरा के लिए रवाना हो गए। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य भी भारत के वैश्विक साझेदारी को ग्लोबल साउथ और अटलांटिक के दोनों पक्षों के साथ संबंधों को मजबूत करना है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री की इस यात्रा में घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया का दौरा शामिल हैं। पीएम मोदी ने इन देशों को भारत की विदेश नीति के लिए महत्वपूर्ण साझेदार बताया, जो ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और बहुपक्षीय सहयोग से जुड़े हैं।

अपने इस विदेश यात्रा के दौरान पीएम मोदी अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के कई देशों की यात्रा करेंगे, जिसके अपने वैश्विक मायने हैं। इसके अलावा वह ब्राजील की मेजबानी में हो रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी शामिल होंगे, जहां वह ग्लोबल साउथ से जुड़े मुद्दों को उठाएंगे। स्पष्ट है कि उनकी यह यात्रा ग्लोबल साउथ में भारत की धमक बढ़ाएगी।प्राप्त जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अफ्रीकी देश घाना की पहली द्विपक्षीय यात्रा की शुरुआत 2-3 जुलाई को की। वह पिछले तीन दशक में यहां आने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के निमंत्रण पर मैं 2-3 जुलाई को घाना का दौरा करूंगा। घाना ग्लोबल साउथ में एक मूल्यवान साझेदार है और अफ्रीकी संघ और पश्चिम अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने निवेश, ऊर्जा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और विकास साझेदारी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि घाना की संसद में बोलना मेरे लिए सम्मान की बात होगी।

बता दें कि घाना के राष्ट्रपति जान महामा 2015 में इंडिया-अफ्रीका फोरम समिट के लिए भारत आए थे। वह जनवरी 2025 में तीसरी बार राष्ट्रपति चुने गए हैं। चूंकि घाना भारत को बड़े पैमाने पर वस्तुओं का निर्यात करता है और पश्चिम अफ्रीका की सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं में से वह एक है। लिहाजा दोनों देश व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। घाना से भारत के आयात में 70 प्रतिशत



हिस्सेदारी गोल्ड की है। प्रधानमंत्री मोदी महामा के साथ द्विपक्षीय भागीदारी की समीक्षा करने के साथ ही आर्थिक, ऊर्जा, रक्षा और विकास सहयोग के जरिये इसे और मजबूत बनाने के तौर-तरीकों पर बात करेंगे।

वहीं, 3-4 जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी त्रिनिदाद एवं टोबैगो की यात्रा करेंगे। क्योंकि कैरिबियाई द्वीप में रहने वाले कुल प्रवासी भारतीयों में से 40-45 प्रतिशत त्रिनिदाद एवं टोबैगो में रहते हैं। प्रधानमंत्री कमला परसाद बिसेसर और राष्ट्रपति क्रिस्टिनी कार्ला कंगालू दोनों ही भारतीय मूल के हैं। लिहाजा प्रधानमंत्री के तौर पर नरेन्द्र मोदी की त्रिनिदाद एवं टोबैगों की यह पहली यात्रा होगी। पीएम मोदी ने कहा कि वह भारत के साथ गहरी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के बीच जुड़ाव साझा करता है। उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू से मिलूंगा, जो इस साल के प्रवासी भारतीय दिवस की मुख्य अतिथि थीं और दूसरी बार कार्यभार संभालने वालीं प्रधानमंत्री कमला परसाद-बिसेसर से मुलाकात करूंगा।

उल्लेखनीय है कि प्रवासी समुदाय के लंबे समय से चले आ रहे रिश्तों को याद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 180 साल पहले भारतीय पहली बार त्रिनिदाद और टोबैगो पहुंचे थे। यह दौरा हमारे पुश्तैनी और रिश्तेदारी के विशेष बंधनों को नया जीवन देने का अवसर देगा। पीएम मोदी पोर्ट ऑफ स्पेन से ब्यूनस आयर्स जाएंगे, जो 57 साल में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का अर्जेंटीना का पहला द्विपक्षीय दौरा होगा। वहीं, 1999 के बाद भारतीय पीएम की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा भी होगी। क्योंकि पीएम मोदी ने नवंबर 2024 में गुयाना की यात्रा की थी। देखा जाए तो महज आठ माह में कैरेबियाई द्वीप की दूसरी यात्रा से इस बात का संकेत मिलता है कि भारत इस क्षेत्र को कितनी अहमियत दे रहा है। बता दें कि करीब 180 वर्ष पहले भारतीय प्रवासी यहां त्रिनिदाद एवं टोबैगो आए थे। दोनों देशों के बीच आर्थिक रिश्ते लगातार मजबूत हो रहे हैं और वित्त वर्ष 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 34.16 करोड़ डॉलर पहुंच गया।

वहीं, 4-5 जुलाई को पीएम मोदी दक्षिणी अमेरिकी देश अर्जेंटीना की यात्रा करेंगे। गत 57 वर्ष में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। जहां वह अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेयी से मुलाकात के दौरान रक्षा, कृषि, खनन, तेल गैस और ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर बात करेंगे। अर्जेंटीना को लैटिन अमेरिका में एक प्रमुख आर्थिक साझेदार और जी20 में निकट सहयोगी बताते हुए उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रपति जेवियर माइली से मुलाकात का इंतजार कर रहा हूं, जिनसे मैं पिछ्ले साल भी मिला था। हम कृषि, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, व्यापार, पर्यटन, प्रौद्योगिकी और निवेश जैसे क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को बढ़ाने पर ध्यान देंगे।

सनद रहे कि इससे पहले नवंबर, 2024 में ब्राजील में आयोजित जी20 समिट के दौरान दोनों नेताओं की मुलाकात हुई थी। भारत और अर्जेंटीना ने खनिज संसाधनों खास कर लीथियम के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाया है। पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों की खपत कम करने और स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन बढ़ाने में लीथियम की भूमिका बेहद अहम है। अर्जेंटीना भारत के लिए सोयाबीन और सूरजमुखी तेल का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। 2024 में भारत अर्जेंटीना का पांचवां सबसे बड़ा व्यापारिक सहयोगी और निर्यात गंतव्य था।

वहीं, 5-8 जुलाई को पीएम मोदी रियो डे जेनेरियो में ब्रिक्स समिट के दौरान ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा से मुलाकात करेंगे। समिट के बाद राष्ट्रपति सिल्वा पीएम मोदी के लिए स्पेशल डिनर की मेजबानी करेंगे। ब्रिक्स समिट में पीएम मोदी वैश्विक प्रशासन के सुधारों, शांति एवं सुरक्षा, बहुपक्षीय संस्थाओं को मजबूत करने, जिम्मेदारी के साथ एआइ के इस्तेमाल, जलवायु परिवर्तन के खतरे को कम करने के लिए जरूरी कदमों और वैश्विक स्वास्थ्य पर बात करेंगे।

भारत की ब्रिक्स में महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि एक संस्थापक सदस्य के रूप में भारत ब्रिक्स को उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच मानता है। हम मिलकर एक अधिक शांतिपूर्ण, समान, न्यायपूर्ण, लोकतांत्रिक और संतुलित बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के लिए प्रयास करते हैं। उन्होंने पुष्टि की है कि वह शिखर सम्मेलन के दौरान कई विश्व नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे।ब्राजील की यात्रा ब्रासीलिया में एक द्विपक्षीय राजकीय दौरे के साथ जारी रहेगी, जो लगभग छह दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का पहला दौरा होगा। उन्होंने कहा कि यह दौरा ब्राजील के साथ हमारी निकट साझेदारी को मजबूत करने और मेरे मित्र राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने का अवसर देगा। बताया जा रहा है कि समिट से इतर वह कई देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। वहीं, ब्राजील की आधिकारिक यात्रा के दौरान वह राष्ट्रपति लूला के साथ व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष, तकनीक, कृषि और स्वास्थ्य के क्षेत्र में रणनीतिक भागीदारी को मजबूत करने के कदमों पर विचार विमर्श करेंगे। ब्राजील दक्षिण अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है।

वहीं, 9 जुलाई को प्रधानमंत्री नामीबिया की अपनी पहली यात्रा करेंगे। इस दौरान पीएम मोदी वहां के संसद को संबोधित करेंगे। नामीबिया जाने वाले वह तीसरे भारतीय प्रधानमंत्री होंगे। पीएम मोदी की यात्रा का अंतिम पड़ाव नामीबिया होगा, जिसे उन्होंने एक भरोसेमंद साझेदार बताया। मोदी ने कहा कि वह राष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी-नदैतवा से मुलाकात और हमारे लोगों, हमारे क्षेत्रों और व्यापक ग्लोबल साउथ के लाभ के लिए सहयोग का एक नया रोडमैप तैयार करने के लिए उत्सुक हैं। वह नामीबियाई संसद के संयुक्त सत्र को भी संबोधित करेंगे। बता दें कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार वर्ष 2000 में मात्र 30 लाख डॉलर था जो अब करीब 60 करोड़ डॉलर पहुंच गया है। भारतीय कंपनियों ने नामीबिया के खनन, मैन्यूफैक्चरिंग, डायमंड प्रोसेसिंग और सेवाओं के क्षेत्र में निवेश किया है। पीएम मोदी ने अपनी बहु-देशीय यात्रा के परिणामों के बारे में बात करते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि पांच देशों की मेरी यात्राएं ग्लोबल साउथ में हमारी दोस्ती के बंधनों को मजबूत करेंगी, अटलांटिक के दोनों पक्षों पर हमारी साझेदारी को और गहरा करेंगी और ब्रिक्स, अफ्रीकी संघ, इकोवास और कैरीकॉम जैसे बहुपक्षीय मंचों में हमारी भागीदारी को बढ़ाएंगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक
(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# भारत की एकता- अखंडता को समर्पित युगपुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

**(हेमन्त खण्डेलवाल-विनायक फीचर्स)**

कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जो अपने विचारों, संघर्षों और बलिदानों से समय की धारा को मोड़ने का संकल्प रखते हैं। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऐसे ही युगपुरुष थे, जिनकी राष्ट्रभक्ति, दूरदृष्टि और दृढ़ संकल्प ने भारत की एकता-अखंडता को सुदृढ़ किया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऐसे ही एक युगदृष्टा थे, जिनका जीवन भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए समर्पित था। वे केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि शिक्षाविद्, समाज सुधारक और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल प्रवक्ता भी थे। 6 जुलाई को उनका जन्मदिवस केवल एक स्मरण तिथि नहीं, बल्कि राष्ट्रनिष्ठा, त्याग और सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

देश की स्वतंत्रता के पश्चात जम्मू-कश्मीर को लेकर जो परिस्थितियाँ निर्मित हुईं, वे राष्ट्र की एकता के लिए चुनौती बन गईं थी। अनुच्छेद 370 और 35 ए जैसे प्रावधानों ने जम्मू-कश्मीर को भारत से पृथक करने का प्रयास किया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इस वैचारिक विभाजन का डटकर विरोध किया। उनका स्पष्ट मत था कि ÷एक देश में दो प्रधान, दो विधान और दो निशान नहीं चल सकते।÷ यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि उनका जीवन दर्शन था। उन्होंने कहा था कि जब कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, तो वहाँ भी भारत के समान संविधान और शासन होना चाहिए। अपने इस सिद्धांत को सत्य सिद्ध करने के लिए उन्होंने अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। उनका बलिदान व्यर्थ नहीं गया, वर्षों बाद उनका सपना साकार हुआ जब 2019 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 और 35 ए को निरस्त किया गया। यह कदम केवल एक संवैधानिक सुधार नहीं था, बल्कि यह भारत की एकता और अखंडता को मजबूत करने का ऐतिहासिक संकल्प था। इस निर्णय के पीछे डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवाद की विचारधारा स्पष्ट रूप से झलकती है।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय राजनीति में एक स्पष्ट और सशक्त राष्ट्रीय विचारधारा प्रस्तुत की। जब पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में वैचारिक प्रतिबद्धताएँ राष्ट्रहित से टकराने लगीं, तब उन्होंने मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया। यह केवल पद का त्याग नहीं था, बल्कि राष्ट्रहित के लिए एक साहसिक और कर्त्तव्यनिष्ठ कदम था। इसके बाद उन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना की, जो भविष्य में भारतीय जनता पार्टी के रूप में विकसित होकर देश की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति बनी। डॉ. मुखर्जी का सबसे बड़ा संघर्ष जम्मू-कश्मीर की परमिट प्रणाली% के खिलाफ था। यह व्यवस्था कश्मीर में भारतीय नागरिकों की स्वतंत्र आवाजाही को सीमित करती थी, जिससे भारत के अंदरूनी हिस्सों को एक-दूसरे से जोड़ना मुश्किल हो रहा था। 1953 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर की यात्रा करने का साहस दिखाया, जिसके पश्चात उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। श्रीनगर की जेल में रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु 23 जून 1953 को हुई। अत्यंत पीड़ादायक है कि न उन्हें समुचित चिकित्सा प्रदान की गई और न ही उनकी मौत की निष्पक्ष जांच की गई। उनकी माता श्रीमती योगमाया देवी ने इसे 'मेडिकल मर्डर' करार दिया, पर सत्ता तंत्र मौन रहा। डॉ. मुखर्जी का यह बलिदान व्यर्थ नहीं गया। उनके निधन के कुछ सप्ताहों के भीतर ही कश्मीर की परमिट प्रणाली समाप्त कर दी गई और धीरे-धीरे वह व्यवस्था बदली, जिसने देश के भीतर अलगाव और तनाव पैदा किया था। हालांकि कांग्रेस सरकारों ने दशकों तक उनकी चेतावनियों को नजरअंदाज किया, परन्तु उनकी विचारधारा आज भी भारतीय राष्ट्रवाद का आधार है।

2004 के बाद जब देश में कांग्रेस की सत्ता रही, तब जम्मू-कश्मीर को विशेष स्वायत्तता देने की बातें पुनः उठी। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 2010 में जम्मू-कश्मीर की स्वायत्तता की बात कहकर भारत की जनता के हितों के साथ खिलवाड़ किया। कांग्रेस ने पीडीपी की कठपुतली बनकर आतंकवादियों के प्रति नरमी बरती, जिससे कश्मीर में दशकों तक हिंसा और विस्थापन हुआ। हजारों नागरिक शरणार्थी बने और उनकी जिंदगी कठिन हुई। इस दौरान अलगाववादी शक्तियों को बढ़ावा मिला और भारत विरोधी गतिविधियां फलने-फूलने लगीं। इसके विपरीत, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2014 के बाद जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद और अलगाववाद को दफन कर देश की एकता को मजबूत किया। डॉ. मुखर्जी के संघर्ष और बलिदान के कारण ही जम्मू-कश्मीर आज भारत का अभिन्न हिस्सा है। भारतीय जनसंघ से भाजपा तक की राजनीति का मूल राष्ट्रवाद रहा है, जिसने देश की अखंडता और सुरक्षा को सर्वोपरि रखा।

शिक्षा के क्षेत्र में भी डॉ. मुखर्जी ने अमूल्य योगदान दिया। उन्होंने उच्च शिक्षा को भारतीय संस्कृति से जोड़ने पर जोर दिया, ताकि देश की युवा पीढ़ी अपने सांस्कृतिक मूल्यों के साथ आधुनिक ज्ञान प्राप्त कर सके। आज नई शिक्षा नीति में भी उनके विचारों की परछाई मिलती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की कई जनकल्याणकारी योजनाएं प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, तीन तलाक विरोधी कानून, डॉ. मुखर्जी के सामाजिक दृष्टिकोण और राष्ट्रहित के विचारों का प्रतिफल हैं। ये योजनाएं देश के गरीब और पिछड़े तबकों को सशक्त बनाने का प्रयास करती हैं, जिसका डॉ. मुखर्जी ने सदैव समर्थन किया था।

डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी भारत के महान राष्ट्रवादी नेता थे, जिनका जीवन देशभक्ति और समर्पण की मिसाल है। वे पद, प्रतिष्ठा या स्वार्थ से ऊपर उठकर केवल देश की सेवा में लगे रहे। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का जीवन हमें सिखाता है कि सच्चा राष्ट्रवाद केवल सत्ता प्राप्ति का साधन नहीं, बल्कि सिद्धांतों और न्याय के लिए निरंतर संघर्ष है। आज जब भारत 2047 में स्वावलंबी और विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर है, तब उनकी शिक्षाएं और भी प्रासंगिक हो जाती हैं।

# दलाई लामा के चयन पर चीन का साजिशपूर्ण हस्तक्षेप

**दलाई लामा केवल तिब्बत के धार्मिक नेता नहीं हैं, वे तिब्बती अस्मिता, स्वतंत्रता और आत्म-सम्मान के प्रतीक हैं। वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो, 1959 में चीन की दमनकारी नीतियों के कारण तिब्बत छोड़कर भारत आए और धर्मशाला में निर्वासित तिब्बती सरकार की स्थापना हुई। भारत ने न केवल उन्हें शरण दी, बल्कि एक शांतिपूर्ण संघर्ष के पथप्रदर्शक के रूप में वैश्विक स्तर पर उनके विचारों को मंच भी प्रदान किया। वर्तमान दलाई लामा ने इस पद के लिए अगले शख्स को चुनने की सारी जिम्मेदारी गाडेन फोडरंग ट्रस्ट को दे दी है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में किसी और को हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। उनका इशारा चीन की ओर था। रिजिजू ने भी इस बात का समर्थन किया है।**

**(ललित गर्ग )**

चीन, दलाई लामा के उत्तराधिकारी के चयन में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रहा है, यह दावा करते हुए कि यह धार्मिक और ऐतिहासिक प्रक्रिया का हिस्सा है। हालांकि, दलाई लामा और तिब्बती समुदाय का कहना है कि यह अधिकार केवल उनके पास है और चीन का हस्तक्षेप धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है।

तिब्बत के आध्यात्मिक नेता एवं वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो की उत्तराधिकार प्रक्रिया न केवल बौद्ध धर्म और तिब्बत की संस्कृति से जुड़ा विषय है, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय राजनीति, मानवाधिकार और भारत-चीन संबंधों के संदर्भ में भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। चीन द्वारा इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का प्रयास न केवल धार्मिक स्वतंत्रता का हनन है, बल्कि यह वैश्विक जनमत की भी अवहेलना है। इन स्थितियों में उत्तराधिकार के मसले पर भारत की भूमिका एक निर्णायक मार्गदर्शक के रूप में उभरती है और इसे दृष्टि में रखते हुए भारत ने दलाई लामा का पक्ष लिया है। ऐसा करने में कुछ भी अप्रत्याशित नहीं हैं। भारत शुरू से तिब्बतियों के अधिकार, उनके हितों और उनकी परंपराओं व मूल्यों के समर्थन में खड़ा रहा है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का बयान चीन के लिए यह संदेश भी है कि इस संवेदनशील मसले पर उसकी मनमानी नहीं चलेगी।

चीन, दलाई लामा के उत्तराधिकारी के चयन में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रहा है, यह दावा करते हुए कि यह धार्मिक और ऐतिहासिक प्रक्रिया का हिस्सा है। हालांकि, दलाई लामा और तिब्बती समुदाय का कहना है कि यह अधिकार केवल उनके पास है और चीन का हस्तक्षेप धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है। चीन, 'स्वर्ण कलश' प्रणाली का उपयोग करके अपने पसंदीदा उम्मीदवार को स्थापित करना चाहता है। चीन का कहना है कि दलाई लामा का उत्तराधिकारी चुनने का अधिकार उसे 'स्वर्ण कलश' प्रणाली के माध्यम से है, जो 1793 में किंग राजवंश के समय से चली आ रही है। इस प्रणाली में, संभावित उत्तराधिकारियों के नाम एक कलश में डाले जाते हैं और फिर एक नाम निकाला जाता है।

दलाई लामा केवल तिब्बत के धार्मिक नेता नहीं हैं, वे तिब्बती अस्मिता, स्वतंत्रता और आत्म-सम्मान के प्रतीक हैं। वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो, 1959 में चीन की दमनकारी नीतियों के कारण तिब्बत छोड़कर भारत आए और धर्मशाला में निर्वासित तिब्बती सरकार की स्थापना हुई। भारत ने न केवल उन्हें शरण दी, बल्कि एक शांतिपूर्ण संघर्ष के पथप्रदर्शक के रूप में वैश्विक स्तर पर उनके विचारों को मंच भी प्रदान किया। वर्तमान दलाई लामा ने इस पद के लिए अगले शख्स को चुनने की सारी जिम्मेदारी गाडेन फोडरंग ट्रस्ट को दे दी है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में किसी और को हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। उनका इशारा चीन की ओर था। रिजिजू ने भी इस बात का समर्थन किया है। वहीं, चीन ने इस मसले में साजिशपूर्ण हस्तक्षेप करते हुए कहा है कि उत्तराधिकारी का चयन चीनी मान्यताओं के अनुसार और पेइचिंग की मंजूरी से होना चाहिए। चीन दलाई लामा की उत्तराधिकार प्रक्रिया पर नियंत्रण चाहता है ताकि तिब्बती जनता को अपने ही धार्मिक नेता से अलग किया जा सके। 2007 में चीनी सरकार ने एक 'धार्मिक मामलों पर नियंत्रण कानून' लागू किया जिसके अंतर्गत दलाई लामा जैसे धार्मिक नेताओं की नियुक्ति भी राज्य की अनुमति से ही संभव बताई गई। यह न केवल बौद्ध धर्म के सिद्धांतों के विरुद्ध है, बल्कि यह तिब्बती जनता की आस्था और पहचान का गला घोंटने जैसा है।

1959 में जब दलाई लामा को कम्युनिस्ट सरकार के दमन के चलते भारत में शरण लेनी पड़ी थी, तब से हालात बिल्कुल बदल गए हैं- चीन बेहद ताकतवर हो चुका है और तिब्बत कमजोर। इसके बाद भी अगर तिब्बत का मसला जिंदा है, तो वजह हैं दलाई लामा। चीन इसे समझता है और इसी वजह से इस पद पर अपने प्रभाव वाले किसी शख्स को बैठाना चाहता है। चीन की योजना यह है कि जब वर्तमान दलाई लामा का देहांत हो, तो वह अपनी पसंद का एक 'दलाई लामा' घोषित करे, जिसे वैश्विक समुदाय भले ही स्वीकार न करे, लेकिन चीन उसकी पहचान को जबरन वैधता प्रदान करे। यह एक राजनीतिक कठपुतली खड़ी करने जैसा है, जिससे तिब्बत पर उसका शासन वैचारिक रूप से मजबूत हो सके। लेकिन भारत, जो दलाई लामा और तिब्बती निर्वासित समुदाय का स्वागत करता रहा है, अब उस नाजुक मोड़ पर है जहाँ केवल नैतिक समर्थन पर्याप्त नहीं होगा। चीन की विस्तारवादी नीति और आक्रामक कूटनीति को देखते हुए भारत को अपनी रणनीतिक स्थिति स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करनी होगी।

चीन ने तिब्बत की पहचान को मिटाने की हर मुमकिन कोशिश कर ली है। दलाई लामा के पद पर दावा ऐसी ही एक और कोशिश है। उसकी वजह से यह मामला धर्म से आगे बढ़कर वैश्विक राजनीति का रूप ले चुका है, जिसका असर भारत और उन तमाम जगहों पर पड़ेगा, जहां तिब्बत के लोगों ने शरण ली है। भारत पर तो चीन लंबे समय से दबाव डालता रहा है कि वह दलाई लामा को उसे सौंप दे। चीन और तिब्बत की लड़ाई भारतीय भूमि पर दशकों से चल रही है और नई दिल्ली-पेइचिंग के बीच तनाव का एक बड़ा कारण बनती रही है। दलाई लामा की घोषणा के अनुसार, उनका उत्तराधिकारी तिब्बत के बाहर का भी हो सकता है- अनुमान है कि भारत में मौजूद अनुयायियों में से कोई एक, तो यह तनाव और बढ़ सकता है। लेकिन, इसमें भारत के लिए मौका भी है। वह चीन पर कूटनीतिक दबाव डाल सकता है, जो पहलगाम जैसी घटना में भी पाकिस्तान के साथ खड़ा रहा और बॉर्डर से लेकर व्यापार तक, हर जगह राह में रोड़े अटकाने में लगा है। धर्मशाला, जहाँ वर्तमान दलाई लामा रहते हैं, अब विश्व स्तर पर तिब्बती संस्कृति एवं बौद्ध परंपराओं का केंद्र बन गया है। भारत को इस केंद्र को आधिकारिक मान्यता देनी चाहिए और संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर इस धार्मिक स्वतंत्रता के प्रश्न को उठाना चाहिए। अब जबकि दलाई लामा स्वयं कह चुके हैं कि उनके उत्तराधिकारी का चयन भारत में हो सकता है तो भारत सरकार को इस पर एक स्पष्ट नीति बनानी चाहिए कि वह चीन द्वारा घोषित किसी भी 'नकली' दलाई लामा या अनुचित हस्तक्षेप को मान्यता नहीं देगा। भारत को अमेरिका, जापान, यूरोपीय संघ जैसे लोकतांत्रिक देशों के साथ समन्वय स्थापित करके इस विषय पर वैश्विक समर्थन, कूटनीतिक दबाव और अंतरराष्ट्रीय समन्वय तैयार करना चाहिए। अमेरिका भी पहले ही कह चुका है कि दलाई लामा का उत्तराधिकारी केवल तिब्बती परंपराओं के अनुसार चुना जाएगा। अमेरिका में तिब्बती बौद्धों की धार्मिक स्वायत्तता को लेकर डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी दोनों ही मुखर रही हैं। इतना ही नहीं अमेरिकी सरकार अगले दलाई लामा के चयन में चीन के दखल को भी अमान्य करार देती आई है।

चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के संस्थापक माओत्से तुंग की कमान में चीनी सेना लंबे समय तक तिब्बत पर कब्जे की कोशिश में जुटी रही। इसके खिलाफ जब दलाई लामा के नेतृत्व में तिब्बती बौद्धों ने आवाज उठाई तो चीनी सेना ने इसे बर्बरता से कुचल दिया। इसके बाद 1959 में चीन के तिब्बत पर कब्जा करने के बाद दलाई लामा तिब्बतियों के एक बड़े समूह के साथ भारत आ गए और यहां से ही तिब्बत की निर्वासित सरकार का संचालन करने लगे। तिब्बत में इस घटना ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। तब से दलाई लामा ने हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला को अपना घर बना लिया, जिससे बीजिंग नाराज हो गया और वहां उनकी उपस्थिति चीन और भारत के बीच विवाद का विषय बनी रही। भारत में बसे तिब्बती शरणार्थियों को शिक्षा, रोज़गार और यात्रा से संबंधित नागरिक अधिकार देने की दिशा में ठोस कदम उठाकर भारत उनके प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर सकता है। भारत में इस वक्त करीब 1 लाख से ज्यादा तिब्बती बौद्ध रहते हैं, जिन्हें पूरे देश में पढ़ाई और काम की स्वतंत्रता है। दलाई लामा को भारत में भी काफी सम्मान दिया जाता है।

दलाई लामा के उत्तराधिकारी का प्रश्न केवल एक व्यक्ति के चयन का विषय नहीं, बल्कि यह बौद्ध संस्कृति, तिब्बती आत्मनिर्णय और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा का सवाल है। चीन की तानाशाही मानसिकता इसे नियंत्रित करना चाहती है, जबकि भारत को इसकी स्वतंत्रता की रक्षा करनी है। भारत को इस धर्म-राजनीति के संघर्ष में विवेकपूर्ण, दृढ़, निर्णायक और न्यायोचित भूमिका निभाते हुए न केवल तिब्बती जनता का, बल्कि विश्व भर के धार्मिक अधिकारों का भी संरक्षक बनना चाहिए। यही भारत की 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की नीति की सच्ची अभिव्यक्ति होगी।लेखक, पत्रकार, स्तंभकार (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## शिक्षा विभाग हरियाणा के संयुक्त निदेशक संजीव कुमार ने राजकीय विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

**पलवल,** शिक्षा मंत्री हरियाणा महिपाल ढांडा के निर्देशानुसार शिक्षा विभाग हरियाणा के संयुक्त निदेशक (प्रशासनिक) संजीव कुमार ने शनिवार को जिला पलवल के विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वीरांगना झलकारी बाई राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पलवल कैंप में भाषा प्रयोगशाला, विद्यालय भवन व आईसीटी कम्प्यूटर लैब का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने छात्राओं से कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग के बारे में प्रश्नोत्तरी किए। उन्होंने कहा कि छात्राओं के प्रशिक्षण के लिए बनाई गई कम्प्यूटर लैब में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। जो कंप्यूटर खराब स्थिति में हैं उन्हें उचित प्रक्रिया के माध्यम से ठीक करवाया जाए, जिससे छात्राओं को कम्प्यूटर का प्रशिक्षण लेने में कोई परेशानी न आए। उन्होंने कक्षाओं में जाकर डिजिटल बोर्ड के प्रयोग की जांच की एवं छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने छात्राओं से संवाद के दौरान कहा कि वे पूरी लगन व मेहनत के साथ की गई पढ़ाई से अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं। पढ़ाई के साथ-साथ खेलना भी अत्यंत आवश्यक है। संयुक्त निदेशक ने आईसीटी लैब तथा भाषा प्रयोगशाला का विद्यार्थियों के विकास के लिए भरपूर प्रयोग करने के लिए निर्देश दिए। संयुक्त निदेशक संजीव कुमार द्वारा विद्यालय के शौचालयों का निरीक्षण भी किया गया तथा सफाई व्यवस्था दुरूस्त पाने पर प्रशंसा की।

संयुक्त निदेशक (प्रशासनिक) संजीव कुमार ने इसके पश्चात राजकीय उच्च विद्यालय पलवल कैंप का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कम्प्यूटर लैब सुचारू रूप से संचालित पाई गई और स्कूल में साफ-सफाई व्यवस्था भी बेहतर मिली। उन्होंने विद्यालय में विद्यार्थियों तथा अध्यापकों को दिए गए टैब के बारे में जानकारी लेकर रिकॉर्ड चैक किया। इस अवसर पर उनके साथ उप जिला शिक्षा अधिकारी मामराज रावत भी मौजूद रहे।

## एक सप्ताह के अंदर गुर्जर सभा जिला कार्यकारिणी की बैठक बुलाकर की जाएगी चुनाव की घोषणा-कर्णसिहं पसीना

**पानीपत, (चुघ) भेदी नजर।** गुर्जर भवन में गुर्जर समाज की जिला कार्यकारिणी व जिला भर से गुर्जर समाज के लोगो की बैठक हुई। जिसमें गुर्जर सभा की कार्यकारिणी द्वारा समाज के लोगों को वर्ष भर का हिसाब किताब व नई कार्यकारिणी सम्बधित विचार विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से गुर्जर समाज के बुजूर्ग सम्मानित व्यक्ति जयपाल छौक्कर को बैठक का प्रधान सर्वसम्मति से बनाया गया ताकि कोई भी व्यक्ति बोलने से पहले बैठक के प्रधान जयपाल छौक्कर से अनुमति लेकर ही बोल सकें। बैठक में उपस्थित सैकड़ों लोगों के सामने गुर्जर सभा के जिला प्रधान कर्णसिंह पसीना की देखरेख में कार्यकारिणी सदस्यों ने वर्षभर की आमदनी व खर्च के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान जयपाल छौक्कर ने कहा कि आज गुर्जर भवन अन्य समाज के भवनों से कई गुणा अच्छा दिखाई दे रहा है। और जिस कार्यकारिणी ने भवन की नीव रखी वो सराहनीय है,लेकिन अब तीन वर्ष के कार्यकाल के दौरान जिला प्रधान कर्णसिहं पसीना व कार्यकारिणी सदस्यों ने मेहनत के बल पर भवन की आमदनी भी बढाने का काम किया है। गत दिनों गुर्जर भवन में हुई बैठक के दौरान की गई अशोभनीय भाषा का प्रयोग करने वालों लोगो की भी समाज के लोगों ने कडी निंदा की वही बैठक में उपस्थित सभी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गुर्जर सभा जिला कार्यकारिणी के चुनाव के लिए आज तक जो प्रक्रिया अपनाई गई है वही प्रक्रिया को अपनाया जाएगा। जल्द ही जिला प्रधान व कार्यकारिणी सदस्य बैठक आयोजित कर चुनाव संबंधित तिथि की घोषणा करेगें। इतना ही नही बल्कि सभी सदस्यों को भी सुचना देगें। इस पर गुर्जर सभा जिला प्रधान कर्ण सिंह पसीना ने बताया कि एक सप्ताह के अंदर-अंदर जिला कार्यकारिणी की बैठक बुलाकर नई कार्यकारिणी गठित करने सम्बधित तिथि की घोषणा की जाएगी। मंच का संचालन पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र जलमाना ने किया। इस मौके पर पूर्व सरपंच रतन सिंह रावल,शिवकुमार बापौली,प्रधान प्रीतम रावल,बल्ला गुर्जर,पूर्व सरपंच कटारसिहं,विनोद,पूर्व चेयरमैन विनय नलवा,शुभम ऊझा,बिट्ट रावल,जिला पार्षद सुंदर छौक्कर,मदन छौक्कर पट्टीकल्याणा,बलबीर,अधिवक्ता राजसिहं,सुरेन्द्र सिहं,विनोद रावल,सतबीर छौक्कर,मा.ब्रहमपाल रावल,सुलेख डिडवाडा,पूर्व प्रधान चूहडसिहं रावल,सुमित जलमाना,भाकियू प्रधान सूरजभान,अनुप छौक्कर,संजय रावल,सीता रावल,सचिन रावल,आजाद नम्बरदार,डा.कृष्ण देव शास्त्री,पिताम्बर ,अशोक जलमाना आदि अनेक मौजूद थें।

## वेस्ट टू वेल्थ की नीति पर कार्य करते हुए तकनीक से बदलें शहरों की तस्वीर : बंडारू दत्तात्रेय

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि देशभर के शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्ष और प्रतिनिधि कचरा प्रबंधन में उन्नत तकनीकों का उपयोग करते हुए वेस्ट टू वेल्थ की नीति को अपनाएं। इससे न केवल स्वच्छता अभियान को नई दिशा मिलेगी, बल्कि शहरी स्थानीय निकायों के आर्थिक संसाधनों में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

राज्यपाल दत्तात्रेय आज मानेसर, गुरुग्राम में शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने हरियाणा विधानसभा की ओर से पहली बार शहरी निकायों के अध्यक्षों के लिए इस प्रकार के राष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन पर विधानसभा अध्यक्ष और उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह गौरव की बात है कि देशभर से आए प्रतिनिधियों ने सम्मेलन में न केवल विचार-विमर्श किया, बल्कि शहरी विकास से जुड़ी सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं को भी आपस में साझा किया। इसके साथ ही, शहरी निकायों से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक और उपयोगी चर्चा हुई, जो भविष्य की नीति निर्माण में मार्गदर्शक साबित होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की, जिससे देशवासियों के मन में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच और जागरूकता आई है। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे इस अभियान में समाज को व्यापक जन-जागरण के माध्यम से जोड़ें, ताकि शहरों को और स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। जितने अधिक लोग इस अभियान से जुड़ेंगे, उतने ही अधिक हमारे शहर खूबसूरत और स्वस्थ होंगे। विशेष रूप से, स्वच्छ भारत अभियान में स्लम इलाकों पर विशेष ध्यान देते हुए जन भागीदारी की जाये। साथ ही, उन्होंने निकायों में डिजिटलीकरण की प्रक्रिया को तेज़ी से लागू करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। राज्यपाल ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध करवा रही है। इसके साथ ही, शहरी स्थानीय निकायों को अपने-अपने क्षेत्रों में युवाओं के कौशल विकास पर विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि रोजगार के अवसरों को और बढ़ावा मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि जो शहर किसी क्षेत्र में रोल मॉडल के रूप में स्थापित हैं, उनकी बेहतरीन प्रथाओं का आदान-प्रदान करके सभी अपने-अपने क्षेत्र में नंबर एक बनने का प्रयास करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अनूठी पहल के तहत इस राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन संभव हुआ है। उन्होंने बताया कि बिरला की यह सोच है कि संसद और विधानसभाओं की तरह नीचे की सभी स्थानीय संस्थाएं भी प्रभावी रूप से कार्य करें, और इसी दृष्टिकोण से यह सम्मेलन आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि देशभर से आए शहरी स्थानीय निकायों के प्रतिनिधि हरियाणा की पावन धरा पर उपस्थित हुए हैं, जहां अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। उन्होंने यह भी कहा कि लोकतंत्र में जितनी अधिक चर्चा होती है, उतने ही बेहतर समाधान निकलते हैं, अधिक प्रभावी निर्णय लिए जाते हैं और लोकहित के कार्य सुचारू रूप से संपन्न होते हैं।

# एसपी वरुण सिंगला की अगुवाई में गत माह पुलिस ने 6 इनामी बदमाशों सहित वांछित 347 आरोपियों को दबोचा

### लाखों की चोरी हुई नगदी तथा वाहन बरामद

**पलवल.05 जुलाई। सुनील कुमार जांगड़ा.** पुलिस प्रवक्ता संजय कादियान द्वारा कार्यालय पुलिस अधीक्षक पलवल से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक पलवल वरुण सिंगला,आईपीएस द्वारा सभी थाना प्रबंधक, चौकी इंचार्ज व इंचार्ज विशेष युनिटों को अवैध तथा गैर कानूनी अपराधों को अंजाम देने वाले आरोपियों पर कार्यवाही करने के लिये सख्त निर्देश दिये गये थे। जिनके तहत जिला पुलिस द्वारा एसपी महोदय के निर्देशन एवं मार्गदर्शन मे जून - 2025 मे चलाए गए स्पेशल अभियान के तहत अवैध कारोबारों मे संलिप्त आरोपियों पर सख्त कार्यवाही करते हुए शराब के अवैध कारोबार में संलिप्त, सट्टा खाईवाली व जुआ खेलने बारे आरोपी, अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले आरोपियों पर कड़ा प्रहार किया गया है।

मुख्य उपलब्धियों का विवरण एक नजर में-पलवल पुलिस ने जून-2025 में संगीन मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे पांच -पांच हजार के 5 तथा दो हजार का एक इनामी सहित 6 इनामी बदमाशों को दबोचा। साथ ही 4 उदघोषित अपराधी एवं 7 बेल जंपर अपराधियों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजने में कामयाबी



हासिल की है। वही ड्रग्स की तस्करी करने वाले 18 आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके खिलाफ 14 मामले दर्ज किये गये। इन आरोपियों के कब्जे से लाखों रुपए की कीमत की 36.762 किलोग्राम गांजा, 5.450 किलो ग्राम चुरा पोस्त,67.84 ग्राम स्मैक, 305.061 ग्राम हेरोइन,150 ग्राम चरस, 100 ग्राम अफीम एवं भारी मात्रा में नशीले एवं प्रतिबंधित इंजेक्शन व दवाई बरामद की। अवैध हथियारों की तस्करी पर कड़ा प्रहार करते हुए व अवैध हथियारों के शौकिन 8 आरोपियो को गिरफ्तार जाकर 10 मामले दर्ज किये गये। जिनके कब्जे से 2 अवैध देसी पिस्तौल,2 देशी कट्टा,1 चाकू,1 राइफल, एक देशी बंदूक तथा 3 कारतूस बरामद किए गए। पलवल पुलिस द्वारा शराब के अवैध कारोबार में संलिप्त 20 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इन आरोपियो के खिलाफ विभिन्न पुलिस थानों में 20 मामले दर्ज किये गये और इन आरोपियों के कब्जे से लाखों रुपए की कीमत की 871 बोतल देशी,9601 बोतल अंग्रेजी शराब, 36 बोतल बियर तथा 3 लीटर लाहन को बरामद किया गया। सट्टा खाईवाली व जुआ खेलने वाले 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर उनके खिलाफ 5 मामले दर्ज किये गये। इन आरोपियों के कब्जे से 20040/- रूप्ये की नगदी बरामद की गई।पलवल पुलिस द्वारा चोरी एवं ग्रहभेदन के पांच मामलों को ट्रेस करते हुए उनमे 6 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनसे एक लाख से अधिक नगदी व वस्तु/आभूषण बरामद किए। पलवल पुलिस द्वारा वाहन चोरी मामलों में 8 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनसे करीब 3 लाख कीमत की चोरी शुदा मोटरसाइकिल/वाहन बरामद की गई। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला द्वारा जिला के सभी थाना प्रभारियों सीआईए स्टाफ, नारकोटिक्स सेल तथा पी.ओ. स्टाफ को विशेष निर्देश दिए है कि विभिन्न मामलों में वांछित आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाई जा रही मुहिम में आमजन का सहयोग लेकर और तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि आगे भी जिला पलवल में किसी भी प्रकार के अवैध कारोबार को बर्दाश्त नही किया जायेगा और इस तरह की सख्त कार्यवाही भविष्य में भी जारी रहेगी। जिला पुलिस पलवल की आमजन से अपील है कि किसी भी तरह के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में सूचना नजदीकी पुलिस थाना, चौकी, विशेष यूनिट, पुलिस कण्ट्रोल रूम या डायल 112 नम्बर पर दे सकते हैं। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जायेगी।

## मंदिरों में चढ़ावे के बाद बचे फूलों व सामग्री के निस्तारण को लेकर रणनीति पर हुआ मंथन



- स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने उद्योग जगत के लोगों के साथ की बैठक।

**वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक**

**कुरुक्षेत्र, 5 जुलाई** स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि मंदिरों और तीर्थों पर श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए जाने वाले फूल और अन्य पूजा सामग्री इस्तेमाल के बाद नदियों में बहाई जा रही है, जिसकी वजह से नदियां प्रदूषित हो रही है। वर्षों से जारी इस व्यवस्था को बदलने के लिए स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा गंभीरता से विचार कर रहा है।

स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कुरुक्षेत्र में उद्योग जगत के चुनिंदा लोगों के साथ आज व्यापक विचार विमर्श किया। बैठक में उद्योगपतियों से मंदिरों में चढ़ाए जाने वाले फूलों के निस्तारण को लेकर गहन मंथन किया गया। स्वच्छ भारत मिशन के वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने व्यापारियों से इसको लेकर ठोस कार्य योजना बनाने का आग्रह किया जिस पर व्यापारियों ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने पर सहमति जताई।

मिशन उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के हर गांव शहर में ऐसे धार्मिक स्थल हैं, जहां हर रोज हजारों टन फूलों व अन्य पूजा सामग्री को मंदिरों में चढ़ाने के बाद इधर-उधर कूड़ेदान आदि में डाल दिया जाता है अथवा नदियों में प्रवाहित कर दिया जाता है। इसके कारण मंदिरों और तीर्थों की स्वच्छता पर असर पड़ता है साथ ही नदियों भी प्रदूषित होती है। अब इस व्यवस्था को बदलने का समय आ गया है हमें इस पर गंभीरता से सोचना होगा। उन्होंने कहा कि मंदिरों में चढ़ाने के बाद बचे फूलों का व्यवसायिक इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे जहां फूलों का निस्तारण होगा साथ ही नदिया भी प्रदूषित होने से बचेगी। यह एक अच्छी पहल होगी जिसे पायलट के तौर पर कुरुक्षेत्र से शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के जल्द ही सिरे चढने की उम्मीद है।

## कला कीर्ति भवन में गूंजी सारंगी की धुनें, सारंग्य वीणा कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

- पृथ्वी के कण-कण में संगीत बसा है। डा. रामेंद्र सिंह।
- सारंगीवादक विनोद पवार ने छेड़ी सारंगी की तार, विभिन्न रागों की दी प्रस्तुति।



**वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक**

कुरुक्षेत्र 04 जुलाई - हरियाणा कला परिषद द्वारा आयोजित होने वाले साप्ताहिक कार्यक्रमों में शुक्रवार को सारंग्य वीणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें चण्डीगढ़ के सुप्रसिद्ध सांरगीवादक पंडित विनोद पवार ने सारंगी की धुनों पर लोगों को को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर विद्या भारती संस्कृति शिक्षण संस्थान के निदेशक डा0 रामेंद्र सिंह बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे। कला कीर्ति भवन की भरतमुनि रंगशाला में हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा ने मुख्यअतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंटकर किया। इस अवसर पर मंच का संचालन वरिष्ठ रंगकर्मी शिवकुमार किरमिच ने किया। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत अतिथियों द्वार दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम से पूर्व हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा ने अतिथियों व कलाकारों का स्वागत करते हुए कहा कि हरियाणा कला परिषद सदैव कला और कलाकारों के हित में कार्य करती रही है। कला परिषद द्वारा प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को संजोए रखने के साथ-साथ युवा वर्ग को संस्कृति से जोड़ने का भी कार्य किया जा रहा है। वर्तमान का दौर आधुनिकता का दौर है जहां युवा वर्ग अपनी संस्कृति को पीछे छोड़ते हुए पाश्चत्य संस्कृति की ओर अग्रसर है। ऐसे में हरियाणा कला परिषद कलाकारों को मंच प्रदान समाज का संस्कृति के प्रति रुझान पैदा करने के लिए प्रयासरत है। वहीं मुख्य अतिथि डा0 रामेंद्र सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि पृथ्वी के कण-कण में संगीत बसा हुआ है। जहां पानी की लहरें संगीत उत्पन्न करती हैं, वहीं पत्तों की सरसराहट में भी संगीत है। इसके अलावा पशुओं के रम्भाने तथा पक्षियों के चहकने में भी संगीत सुनाई देता है। मनुष्य भी जन्म से ही संगीत से जुड़ जाता है और जन्म लेते ही संगीतबद्ध रोना प्रारम्भ करता है। इसलिए संगीत का मानव जीवन में बहुत ही खात महत्व है। देश-प्रदेश के संगीतकार संगीत के माध्यम से ही आमजन को कला से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम में पंडित विनोद पवार न सारंगीवादन कर लोगों को सांरगी के गुणों से अवगत करवाया। इस मौके पर श्याम जंग थापा ने बांसुरी पर संगत दी तो वहीं रजनीश धिमान तथा दिव्याशु ठाकुर ने तबले की थाप दी। पंडित विनोद पवार ने सांरगी की धुने छेड़ते हुए विभिन्न रागों को सुनाया। राग यमन के साथ प्रस्तुति प्रारम्भ करते हुए उन्होंने कई गीतों की धुन सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध किया। वहीं आलापचारी ने अपनी एक अनूठी छाप छोड़ी। 14 मात्रा में विलम्बित झुमरा में बड़ा ख्याल, विलंबित तीन ताल में गत, द्रुत तीन ताल में छोटा ख्याल आदि ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। पंडित विनोद पवार ने कार्यक्रम के नाम सारंग्य वीणा पर भी प्रकाश डालते हुए बताया कि सारंगी का पुरातन नाम सारंग्य वीणा था, जो धीरे-धीरे सारंगी में परिवर्तित हो गया। एक अलग तरह के कार्यक्रम में सांरगी, बांसुरी और तबले की धुनें श्रोताओं के कानों में रस घोलती रही और कलाप्रेमी तालियों के साथ कलाकारों की हौसला अफजाई करते रहे। अंत में मुख्य अतिथि ने सभी कलाकारों को हरियाणा कला परिषद की ओर से सम्मानित किया। वहीं कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा ने डा. रामेंद्र सिंह को स्मृति चिन्ह भेंटकर आभार जताया। इस अवसर पर हरियाणा कला परिषद के कार्यालय प्रभारी धर्मपाल गुगलानी, डा. तरुण जोशी सहित संगीत प्रेमी उपस्थित रहे।

11 जुलाई को कला कीर्ति भवन में होगी सूफी शाम, सूफी नगमों पर झूमेंगे श्रोता। हरियाणा कला परिषद द्वारा साप्ताहिक संध्या में शुक्रवार को सूफी शाम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सूफी गायक विक्रम सिरोहीवाल अपनी मधुर गायकी से सूफी तराने छेडते हुए लोगों का मनोरंजन करेंगे। कार्यक्रम का समय शाम साढ़े 6 बजे रहेगा। इसके अलावा जुलाई माह में 18 जुलाई को स्वांग दम मस्त कबीरा तथा 25 जुलाई को नाटक मीरा की प्रस्तुति रहेगी।

## नदियों को प्रदूषण से बचाने व आस्था के सम्मान की एक मुहिम - सुभाष चंद

### अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध कार्रवाई जारी: डीटीपी

**घरौंडा, 5 जुलाई (सुरेन्द्र पांचाल)** जिला नगर योजनकार सतीश कुमार ने बताया कि गत दिवस गांव कोहण्ड में दो अवैध कॉलोनियों केविरूद्ध तोडफ़ोड़ की कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि गांव कोहंड में कैमला रोड पर लगभग 5.5 एकड़ में स्थित अवैध कॉलोनी के विरूद्ध तोडफ़ोड़ की कार्रवाई की गई, जिसके तहत सभी कच्ची सडक़ों एवं प्लाट की चारदिवारी को तोड़ दिया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट घरौंडा नगरपालिका के सचिव व थाना घरौंडा की पुलिस फोर्स सहित कार्यालय की टीम मौके पर उपस्थित रही। जिला नगर योजनाकार ने लोगों से अपील की कि कोई भी व्यक्ति अवैध कालौनी में कोई निर्माण न करें अन्यथा कार्यालय द्वारा तोडफ़ोड़ की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने भूमि के टुकड़े काटकर बेचने वाले व जमीन मालिक को हिदायत देते हुए कहा कि प्लाट बेचने के नाम पर लिया गया धन तुरंत वापिस करें अन्यथा इस बारे में संबंधित थाने में मामला दर्ज करवाया जायेगा।



## रिफाइनरी डिपो में डीलर के साथ मारपीट करने व तेल चोरी के मामले में नौवां आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत, (चुघ) भेदी नजर।** सीआईए वन पुलिस ने रिफाइनरी डिपो में डीलरों से मारपीट जान से मारने की धमकी देने व टेंकर से तेल चोरी मामले में फरार चल रहे 9वें आरोपी को वीरवार शाम को जीटी रोड सेक्टर 18 मोड़ से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान गांव पांचली बुजुर्ग मेरठ यूपी निवासी कालू राम के रूप में हुई। आरोपी कालू राम तेल टेंकर पर ड्राइवरी करता है।

सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि शुक्रवार को पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

इस मामले में पहले करनाल के कुताना गांव निवासी आरोपी राजेश, विक्रम, सजय, रामजुहारी व पिंटू, फुरलक गांव निवासी दिलावर, फ्रैंडस कॉलोनी अंबाला निवासी दीपक व करनाल के गांव मोतिया निवासी सूरज की गिरफ्तारी हो चुकी है।

थाना सदर में राजेंद्र की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच व आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

# पशुपालकों को आर्थिक तौर पर मजबूत करने के लिए पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग चला रहा अनेक योजनाएं- उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ

- उपायुक्त ने पशुपालकों से पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए किया आह्वान

पलवल, 5 जुलाई। जिला उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि पशुपालकों को पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग की योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने बताया कि हरियाणा प्रदेश देश में दुग्ध उत्पादन में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। प्रदेश की सामाजिक एवं आर्थिक व्यवस्था में पशुधन का स्थान सदैव प्रमुख रहा हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन किसानों व बेरोजगारों की आजीविका का प्रमुख साधन बन चुका है। जिले में पशुधन के क्षेत्र में विकास की गति को बढ़ाने की दिशा में हरियाणा सरकार द्वारा पशुपालकों के लिए विभिन्न प्रकार की लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही है, जिसे जिले के पशुपालकों को अपनाना कर अपनी आमदनी में इजाफा के साथ-साथ पशु उत्पादन में बढ़ोतरी कर देश की सकल घरेलू उत्पाद में अपना योगदान बढ़ाना चाहिए।

पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग के उपनिदेशक डा. विरेंद्र सहरावत ने बताया कि पशुपालन विभाग द्वारा उपायुक्त के दिशा-निर्देशों के अनुसार जिला में पशुपालन से संबंधित योजनाओं और पशुओं को रोगों से बचाने के लिए समय-समय पर पशुपालकों को जागरूक किया जाता है। उन्होंने बताया कि पशुपालन विभाग द्वारा पशुपालकों की आमदनी बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं।

**ये चलाई जा रही हैं योजनाएं-**

-देशी गायों के संरक्षण एवं गौ संवर्धन तथा एकीकृत मुर्रा विकास योजना-इस योजना के तहत पशुपालन विभाग की टीम द्वारा सार्वजनिक संस्थाओं में दुग्ध मापन का कार्य किया जाता है और जिन मुर्रा भैंसों तथा हरियाणा, साहीवाल तथा बिलाही गायों का दुग्ध उत्पादन रिकॉर्डिंग में नस्ल अनुसार बेंच मार्क से अधिक होता है, उन पशुपालकों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती हैं, जो कि 5 हजार रुपये से लेकर 40 हजार रुपये तक है।

-दुधारू पशुओं की हाइटेक डेयरी- विभाग की इस योजना का उद्देश्य पशुपालन गतिविधियों के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर पैदा करना, दुग्ध उत्पादन एवं डेयरी की समग्र उत्पादकता में वृद्धि करना, नस्लों के जर्मप्लाज्म को विकसित करना, स्वच्छ दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करना, कमजोर वर्गो की सामाजिक व आर्थिक स्थिति को सुधारना है।

-इस योजना के तहत 1, 2, 3, 4, 10, 20 व 50 दुधारू पशुओं की डेयरी स्थापित करवाई जाती हैं, जिसमें 4 व 10 पशुओं की इकाई स्थापना के लिए एकमुश्त 25 प्रतिशत (सामान्य वर्ग के लिए) तथा दो -तीन दुधारू पशुओं की इकाई के लिए अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 50 प्रतिशत अनुदान सहायता राशि दी जाती है।

-20 व 50 दुधारू पशुओं की इकाई की स्थापना के लिए लोन ली गई राशि पर 5 वर्ष तक लगने वाले ब्याज को विभाग द्वारा प्रतिपूर्ति सहायता राशि अनुदान के रूप में दी जाती है।

-एक दुधारू पशु की इकाई की स्थापना (केवल महिला पशुपालकों के लिए) के लिए एक लाख रुपए ऋण राशि पर 3 वर्ष तक लगने वाले ब्याज को विभाग द्वारा प्रतिपूर्ति सहायता अनुदान के रूप में दी जाती है।

-इसी तरह सूअर इकाई (10 मादा + एक नर सूअर) की स्थापना के लिए 50 प्रतिशत की अनुदान राशि अनुसूचित जाति वर्ग के लिए और 25 प्रतिशत सामान्य वर्ग के लिए प्रदान की जाती है। -भेड़-बकरी इकाई स्थापित करने के लिए इस योजना के तहत 15 बकरी + 1 मेढ़ा इकाई के लिए विभाग द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग को 90 प्रतिशत की अनुदान राशि तथा सामान्य वर्ग के पशुपालकों के लिए 25 प्रतिशत अनुदान राशि प्रदान की जाती है।

-बैकयार्ड कुक्कुट इकाई योजना के तहत बेरोजगार अनुसूचित जाति वर्ग और बी.पी.एल. परिवार के सदस्य के लिए विभाग द्वारा देसी नस्ल के 50 चूजे के साथ दो फीडर व दो वाटर ड्रिंकर लाभार्थियों को मुफ्त में घर द्वार पर उपलब्ध कराए जाते हैं।

-इसके अलावा पंडित दीन दयाल उपाध्याय सामूहिक पशुधन योजना के तहत जिले का प्रत्येक पशुपालक परिवार अपने पशुओं का रियायती दरों पर बीमा करवा सकता है।

**इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए पोर्टल पर करें आवेदन-** उन्होंने बताया कि जो पशुपालक इन योजनाओं के तहत लाभ लेना चाहता है वे पोर्टल पर आवेदन कर सकता है। आवेदक स्वयं पोर्टल पर या फिर कॉमन सर्विस सेंटर/अंत्योदय केंद्र, अटल सेवा केंद्र, ई-दिशा केंद्र के माध्यम से अपना आवेदन जमा कर सकता है।

**आवेदकों को विभिन्न दस्तावेजों को करना होगा अपलोड-**पी.पी.पी., बैंक पास बुक की कॉपी या रद्द किए गए बैंक चेक की प्रति, पेन कार्ड की प्रति, सेवा क्षेत्र के बैंक द्वारा जारी किया गया अनापत्ति प्रमाण पत्र आदि जरूरी दस्तावेज अपलोड करने होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### शहरी स्थानीय निकायों में जनभागीदारी को जन आंदोलन बनाना होगा: कैलाश विजयवर्गीय



**चंडीगढ, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के शहरी विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि शहरी स्थानीय निकायों में जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है और इसे जन आंदोलन का रूप देना होगा। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र की तीन परतें है। लोकसभा, विधानसभा और शहरी स्थानीय निकाय और इन तीनों में शहरी निकाय सबसे जमीनी और प्रभावशाली स्तर है। विजयवर्गीय शुक्रवार को गुरुग्राम के मानेसर में आयोजित शहरी स्थानीय निकायों के प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वे स्वयं सबसे पहले पार्षद रहे, फिर मेयर बने और बाद में विधानसभा व लोकसभा दोनों में प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने अनुभव साझा करते हुए कहा कि शहरी स्थानीय निकाय वह कड़ी है जहां जनता से सीधा संपर्क होता है और काम करना सबसे चुनौतीपूर्ण लेकिन अत्यधिक संतोषजनक होता है।

देशभर से आए जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि जब इंदौर नगर निगम में फंड की कमी थी, तो उन्होंने आमजन से सीमेंट देने का आह्वान किया। इस पहल पर उन्हें 80 करोड़ रुपये की सीमेंट मिली और उसी की बदौलत लगभग 300 करोड़ रुपये की सड़कों का निर्माण कार्य करवाया गया। उन्होंने बताया कि इंदौर में एक ही दिन में 12 लाख 40 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया था, जिसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया। खास बात यह है कि एक साल बाद भी सभी पौधे जीवित हैं, जो जनसहभागिता की सफलता का प्रमाण है। विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद शहरी स्थानीय निकायों के बजट में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है और शहरी विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। गुरुग्राम जिला के मानेसर में चल रही शहरी स्थानीय निकायों के प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन के अंतिम दिन देश भर के विकास में अग्रणी शहरी स्थानीय निकायों द्वारा प्रस्तुत किए गए विकास के मॉडल पर चर्चा की गई। पांच सत्रों में आयोजित इस चर्चा में 2047 में विकसित भारत के योगदान में शहरी निकायों की भूमिका बढ़ाने और उनके योगदान को लेकर संकल्प लिया गया। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा, सेक्रेटरी जनरल राज्यसभा पी.सी. मोदी सहित अन्य गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति में सत्र संपन्न हुआ।

### विकसित भारत का सपना केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि एक धरातलीय सच्चाई बने: डॉ कृष्ण लाल मिड्ढा




**चंडीगढ, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि शहरी स्थानीय निकायों के प्रतिनिधि अपने-अपने नगरों को स्मिार्ट ही नहीं, बल्कि समर्थ, समावेशी और सतत बनाएं-ताकि विकसित भारत का सपना केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि एक धरातलीय सच्चाई बन सके। डिप्टी स्पीकर शुक्रवार को राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि हरियाणा पहले से ही शहरी स्थानीय निकाय क्षेत्र में पारदर्शिता, ई-गवर्नेंस और नागरिक भागीदारी के कई सफल उदाहरण प्रस्तुत कर चुका है। चाहे वह गुरुग्राम और फरीदाबाद जैसे नगर निगम हों या अन्य जिलों में नगर परिषद, सभी स्थानों पर हमने नागरिकों को केंद्र में रखकर योजनाएँ बनाई हैं। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि इस सम्मेलन में संवैधानिक लोकतंत्र की मजबूती और राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका जैसे विषय पर गहन चर्चा न केवल सामयिक है, बल्कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में भी अत्यंत प्रासंगिक है।

शहरी निकायों की सशक्तता केवल कागज़ों पर नहीं, ज़मीन पर दिखनी चाहिए। एक आदर्श नगर निकाय तब बनेगा जब हर नागरिक को यह भरोसा हो कि उसकी आवाज़ सुनी जाती है, उसकी समस्या केवल एक फ़ाइल में नहीं, बल्कि समाधान की प्रक्रिया में बदलती है। उन्होंने कहा कि जब सभी राज्य अपने-अपने नगर निकायों को सशक्त, उत्तरदायी और नागरिकों के लिए जवाब देह बनाएंगे, तभी हम संवैधानिक लोकतंत्र को उसकी पूर्णता में अनुभव कर पाएंगे । डिप्टी स्पीकर डॉ मिड्ढा ने अपने संबोधन में कहा कि जब हम एक उत्कृष्ट शहरी निकाय की परिकल्पना करते हैं, तो वह केवल एक प्रशासनिक इकाई नहीं, बल्कि एक ऐसा जीवंत, उत्तरदायी और सहभागी तंत्र होता है, जो नागरिकों की जरूरतों के अनुरूप सशक्त, पारदर्शी और समावेशी ढंग से कार्य करता है।

# हरियाणवियों के अधिकारों पर भारी पड़ रहा है बीजेपी का बाहरी प्रेम: भूपेंद्र सिंह हुड्डा

**चंडीगढ, एजेंसी।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि बीजेपी का बाहरी प्रेम हरियाणवियों के अधिकारों व रोजगार पर भारी पड़ रहा है। प्रदेश की तमाम बड़ी नौकरियों में बीजेपी सरकार हरियाणा वालों की बजाय अन्य राज्य के लोगों को भर्ती कर रही है। नौकरी ही नहीं, बल्कि तमाम ठेके भी बाहर के लोगों और कंपनियों को दिए जा रहे हैं। अब तो इस सरकार ने अन्य राज्यों से लोगों को डेपुटेशन पर लाना भी शुरू कर दिया है।

तहसीलदार पद के लिए हुआ ताजा डेपुटेशन इसका उदाहरण है। बीजेपी को बताना चाहिए कि क्या हरियाणा के युवा तहसीलदार, लेक्चर या एसडीओ बनने की योग्यता नहीं रखते? क्या हरियाणा के भीतर सरकारी कामों को करने लायक ठेकेदार नहीं है? ठेकेदार भी बाहर से लाये गए है। आखिर क्यों बार-बार ऐसे पदों व कामो के लिए अन्य राज्य के लोगों को तरजीह दी जाती है? हुड्डा ने कहा कि हरियाणा ही नहीं, प्रत्येक राज्य की नौकरी पर पहला अधिकार उसके स्थानीय लोगों का होता है। तमाम राज्य अपनी नौकरियां, अपने युवाओं को देने के लिए अलग-अलग नियम बनाते हैं। लेकिन हरियाणा देश का इकलौता राज्य है, जहां सरकार प्रदेश की नौकरियों को अन्य राज्यों के लोगों को बांटने की नीतियां बनाती है। यही वजह है कि हरियाणा बेरोजगारी के मामले में देश का नंबर वन राज्य है।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि तहसीलदार का डेपुटेशन इकलौता ऐसा मामला नहीं है। अभी कुछ दिन पहले ही सिंचाई विभाग में हुई अस्सिटेंट इंजीनियर्स की भर्ती में भी यही खेल हुआ। इस भर्ती में सामान्य वर्ग के 42 पदों पर अन्य राज्यों के 28 लोगों को नियुक्ति दे दी गई। इससे पहले बिजली



विभाग की एसडीओ भर्ती से लेकर लेक्चरर्स तक कई भर्तियों में स्थानीय युवाओं के साथ यही धोखा हो चुका है।

डीसी कार्यालयों में सुशासन सहयोगी लगाने से लेकर एचपीएससी के चेयरमैन तक की नियुक्ति अन्य राज्यों से बुलाकर की गई।एक तरफ जहां तमाम राज्य और खासकर भाजपा शासित राज्य अपनी नौकरियों में स्थानीय लोगों को प्राथमिकताएं देने के लिए सख्त नियम बना रहे हैं। उनके द्वारा भर्ती पेपरों में स्थानीय भाषा की अनिवार्यता से लेकर राज्य के सामान्य ज्ञान के प्रश्नों को बढ़ाया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ हरियाणा सरकार के भर्ती पेपरों से प्रदेश के सामान्य ज्ञान संबंधी प्रश्नों को लगभग खत्म कर दिया गया है।

हुड्डा ने कहा कि बीजेपी ने अपनी हरियाणवी विरोधी मंशा उसी वक्त पूरी तरह स्पष्ट कर दी थी, जब उसने डोमिसाइल के नियमों में भी ढिलाई देते हुए 15 साल की शर्त को घटकर 5 साल कर दिया था। यानि अब कोई भी व्यक्ति बड़ी आसानी से हरियाणा का डोमिसाइल हासिल कर सकता है। साथ ही वो ना सिर्फ सामान्य वर्ग बल्कि हरियाणा में आरक्षित श्रेणी की नौकरियां भी हासिल कर सकता है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी 2 लाख पक्की नौकरियां देने का वादा करके तीसरी बार सत्ता में आई है।

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की सुरेंद्र नागर से मुलाकात**

## प्रदेश की राजनीति और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा



**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को दिल्ली में हरियाणा भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर से मिलने पहुंचे।

सुरेंद्र नागर ने अपने निवास पर पहुंचे नायब सिंह सैनी का स्वागत किया। दोनों नेताओं के बीच लगभग आधा घंटा तक प्रदेश की राजनीतिक और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई।

# शहरी निकायों के राष्ट्रीय सम्मेलन में सांस्कृतिक संध्या ने बिखेरे भारतीय रंग

**● हरविन्द्र कल्याण, ओम बिरला और सीएम सैनी रहे मौजूद**



**चंडीगढ़, एजेंसी।** गुरुग्राम के मानेसर में आयोजित शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के राष्ट्रीय सम्मेलन में वीरवार देर शाम भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, आरती सिंह राव सहित अन्य गणमान्य भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में अलग-अलग क्षेत्रों से आए कलाकारों ने कला और संस्कृति के रंग बिखेरे। सबसे पहले गंधर्व वाद्य संगीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। यह प्रस्तुति पंडित चेतन जोशी द्वारा निर्देशित की गई। इसमें उनका साथ अन्य कलाकारों ने दिया। यह प्रस्तुति हरियाणवी लोक एवं भारतीय वाद्य यंत्रों पर आधारित रही। इसमें वाद्य यंत्रों के माध्यम से गंधर्वों द्वारा बजाया जाने वाला संगीत प्रस्तुत किया गया। हरियाणवी लोक संस्कृति के साथ मिश्रण कर ज्यों ही स्वर लहरियां सभागार में गूंजी उन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में दूसरी प्रस्तुति हरियाणवी लोक नृत्य की रही। यह प्रस्तुति मोंटी शर्मा पार्टी द्वारा दी गई। हरियाणवी कलाकारों ने देश भर से आए लोगों को अपनी प्रस्तुति से सम्मोहित कर दिया। सभागार में मौजूद लोगों ने जोरदार तालियों के साथ कलाकारों का अभिनंदन किया।इसके पश्चात अंतिम प्रस्तुति संजय शर्मा की पार्टी ने दी। कोरियोग्राफी की इस प्रस्तुति में कलाकारों ने भारत के रंग दिखाए। सभागार में मौजूद हर शख्स ने तालियां बजाकर कलाकारों की हौसला अफजाई की। यह प्रस्तुतियां सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के अंतर्गत आयोजित हुई।

**दो दिन से लापता युवक का नहर में मिला शव,**

## बस अड्डे पर सब्जी लेने के लिए गया था मृतक



9 चरखी दादरी, एजेंसी। फुफेरा भाई सोमबीर ने बताया कि सुनील अपने परिजनों की इकलौती संतान था और वह विवाहित था। उनको एक पांच साल का बेटा भी है। सुनील के पिता रघबीर खेती करते हैं। सुनील अटेला क्रशर जोन में ही काम करता था। चरखी-दादरी के गांव अटेला नया निवासी एक 30 वर्षीय युवक का शव गांव से करीब करीब 10 किलोमीटर की दूरी पर नहर में मिला है। मृतक सुनील दो दिन पहले सब्जी लेने के लिए गया था और इसके बाद से वह लापता था। अब अटेला चौकी पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई परमजीत के बयान पर इत्तफाकिया मौत की कार्रवाई की है। फुफेरा भाई सोमबीर ने बताया कि सुनील अपने परिजनों की इकलौती संतान था और वह विवाहित था। उनको एक पांच साल का बेटा भी है। सुनील के पिता रघबीर खेती करते हैं। सुनील अटेला क्रशर जोन में ही काम करता था। करीब एक माह से उनकी दिमाग हालत ठीक नहीं थी और परिजनों के पूछने पर भी सुनील ने कुछ नहीं बताया। वीरवार दोपहर डेढ़ बजे सुनील घर में बस अड्डे से सब्जी लाने की कहकर बाइक लेकर निकला था। इसके बाद वह शाम तक घर नहीं लौटा। परिजनों ने तलाश की और सुनील के न मिलने पर अटेला पुलिस चौकी में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई।

# मजबूत संगठन और निष्ठावान कार्यकर्ता ही भाजपा की ताकत: मोहन लाल

**चंडीगढ, एजेंसी।** संगठनात्मक विषयों को लेकर भाजपा की दूसरे दिन भी पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में बैठक हुई। बैठक में 18 जिलों की कार्यकारिणी पर मंथन हुआ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली की अध्यक्षता में हुई बैठक में संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री एवं हरियाणा सरकार में मंत्री कृष्ण बेदी और प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया मौजूद रहे। दूसरे दिन शुक्रवार को जिला अध्यक्षों और जिला प्रभारियों के साथ हुई बैठक में संगठन की तरफ से चल रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की गई और आगामी कार्यक्रमों को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जल्द प्रदेश के सभी संगठनात्मक 27 जिलों की कार्यकारिणी की घोषणा हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन और निष्ठावान कार्यकर्ता ही भाजपा की ताकत है। भाजपा का कार्यकर्ता राष्ट्रहित और भारत माता को परम वैभव पर पहुंचाने के लिए कार्य करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकतर्का पार्टी की विचारधारा और



सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। बैठक के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नायब सरकार ने कांवड़ यात्रियों के लिए सुरक्षा व्यवस्था के पूरे इंतजाम किए हैं ताकि शिव भक्तों को कोई दिक्कत या परेशानियों का सामना ना करना पड़े। बड़ौली ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम ''मन की बात' के 123वें एपिसोड़ को भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में 20 हजार 387 बूथों पर सुना है और सरल ऐप पर अपलोड़ किया है।

## गैंगस्टर भाऊ का फर्जी पासपोर्ट बनवाने का आरोपी मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार

**● रोहतक का रहने वाला है सचिन**

**रोहतक, एजेंसी।** पुलिस के मुताबिक, 2022 में भाऊ दिल्ली से फ्लाइट पकड़कर दुबई भागा था। इसके लिए उसने फर्जी पते पर कुनाल निवासी अगवानपुर, मुरादाबाद (यूपी) के नाम से जाली पासपोर्ट बनवाया था। अमेरिका में बैठे गैंगस्टर हिमांशु उर्फ भाऊ का फर्जी पासपोर्ट बनवाने के आरोपी सचिन दहिया को पुलिस ने मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। वह विदेश भागने की फिराक में था। उसने मेक्सिको की नागरिकता ले रखी है। वहीं से वह शूटरों को डंकी रूट के विदेश भेजता था। पुलिस उसे शनिवार को कोर्ट में पेश करेगी।



मूलतः रोहतक की हरिसिंह कॉलोनी में रहने वाले सचिन दहिया के भाऊ गैंग से रिश्तों का खुलासा पिछले महीने ही पुलिस को चला था। पुलिस तब भाऊ गैंग के दुश्मन व जेल में बंद गैंगस्टर अंकित उर्फ बाबा के चाचा अनिल की एक जून को रिटौली गांव में हुई हत्या की पड़ताल कर रही थी। इस दौरान दिल्ली पुलिस ने अनिल की हत्या में शामिल रोहतक के मदीना निवासी दीपक को मुठभेड़ में दबोच लिया। रोहतक की सीआईए पुलिस ने 17 जून को उसे प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ की। इसके बाद सचिन का काला चिट्ठा खुल गया। पुलिस को मालूम हुआ कि सचिन ने पानीपत के आश्रम रोड पर भी एक मकान ले रखा है।

**चार साल पहले किया था प्रेम विवाह**

## पति के साथ अनबन के चलते लगाया फंदा

**पानीपत, एजेंसी।** आशुतोष मौर्य ने बताया कि वह मूल रूप से यूपी के आजमगढ़ का रहने वाला है। उसने सपना (25) के साथ 2021 में प्रेम विवाह किया था। वे इसके बाद समालखा में भापरा रोड पर आकर रहने लगे। वह मेहनत मजदूरी करता था और सपना घर पर रहती थी। पानीपत के समालखा थाना के अंतर्गत भापरा रोड पर फंदा लगाकर जान देने वाली महिला सपना ने चार साल पहले आजमगढ़ के आशुतोष मौर्य के साथ प्रेम विवाह किया था। अब दोनों में अनबन रहती थी। इसी के चलते सपना ने फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला खत्म कर ली।



थाना समालखा की पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। आशुतोष मौर्य ने बताया कि वह मूल रूप से यूपी के आजमगढ़ का रहने वाला है। उसने सपना (25) के साथ 2021 में प्रेम विवाह किया था। वे इसके बाद समालखा में भापरा रोड पर आकर रहने लगे। वह मेहनत मजदूरी करता था और सपना घर पर रहती थी। उनको कोई संतान नहीं थी। ऐसे में उनके बीच छोटी-छोटी बातों पर विवाद हो जाता था। उनके बीच वीरवार को भी विवाद हो गया था। वह सुबह ही अपने काम पर चला गया था।

# लोकसभा और विधानसभा की तरह नगर निगमों में भी हो हाउस के सेशन: मनोहर लाल

**चंडीगढ़, एजेंसी।** गुरुग्राम के मानेसर में आयोजित शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के राष्ट्रीय सम्मेलन में शुक्रवार को केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कैपिसिटी बिल्डिंग में इस तरह के सम्मेलन का अहम योगदान रहता है। यह पहला मौका है जब इतने बड़े स्तर पर शहरी स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों का सम्मेलन आयोजित किया गया है। इस तरह के आयोजन निरंतर देशभर में आयोजित होने चाहिए। इसके लिए ऑनलाइन माध्यमों का भी सहारा लेना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें और अपने शहरों का स्वरूप बदल सकें।उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं की तरह शहरी स्थानीय निकायों में भी हाउस के सेशन होने चाहिए जिसे कोई लोकसभा अध्यक्ष और विधानसभा अध्यक्ष की तरह चयनित कोई व्यक्ति चलाए। इससे निष्पक्ष तौर पर काम करने की कार्य पद्धति बनेगी। उन्होंने देशभर से आए जन प्रतिनिधियों को शहरी स्थानीय निकायों को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

इसके साथ-साथ इस सम्मेलन में जिन नगर निकायों द्वारा अपने बेहतरीन कार्यों को बेस्ट प्रैक्टिसिस में दिखाया है, उन्हें अपने यहां भी लागू करें और शहरों को और बेहतर बनाएं। पर्यावरण संरक्षित करते हुए शहरों को आगे बढ़ाना होगा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षित करते हुए शहरों को आगे बढ़ाना होगा। प्रगतिशील कार्य करते हुए यह ध्यान रखें कि हमें पर्यावरण को भी बचाना है। हमें ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारते हुए ई-



मोबिलिटी के लिए प्लॉनिंग करनी चाहिए। वर्ष 2002 में भारत में मैट्रो की शुरूआत हुई थी जबकि यूएसए में 150 साल पहले मैट्रो आई थी, लेकिन आज भारत के 21 शहरों में 1 हजार किलोमीटर में मैट्रो चल रही है, जो यूएसए के बराबर है। इसे भविष्य में और आगे लेकर जाने की प्लानिंग है।

अर्बन चैलेंज फंड से शहरों का होगा पुनर्निर्माण केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि केंद्र सरकार के अर्बन चैलेंज फंड के माध्यम से शहरों का पुनर्निर्माण किया जाएगा। इसके तहत 1 लाख करोड़ रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शहरों को और बेहतर बनाने के लिए दुनियाभर के बेहतरीन शहरों की बेस्ट प्रैक्टिसिस को लागू किया जा रहा है। पिछले दिनों स्पेन के साथ एक एमओयू किया गया है, जिससे दोनों देशों में हो रहे बेहतरीन कार्यों को आपस में सांझा किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में शहरीकरण तेजी से बढ़ रहा है, ऐसे में सरकारों, नगर निकायों को भी अपनी स्पीड बढ़ानी होगी। कार्यबल को प्रशिक्षित करना होगा और समय व साधनों का सहीं से इस्तेमाल करना होगा। उन्होंने कहा कि 1970 में 20 प्रतिशत शहरीकरण था लेकिन आज 36 प्रतिशत शहरीकरण हो चुका है जो 2047 तक 50 प्रतिशत हो जाएगा।

आम नागरिकों को जागरूक करना होगा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हम जन प्रतिनिधियों को तो इस तरह के आयोजनों से जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं, लेकिन आमजन को भी जागरूक करना होगा। जनता जागरूक होगी तो सिस्टम में अधिक पारदर्शिता आएगी। विकास कार्यों बेहतर तरीके से होंगे। उन्होंने शहरी निकायों को स्वालंबी बनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों से निश्चित पैसा शहरी स्थानीय निकायों को मिलता है। ऐसे में हमें स्वालंबी होने के साथ-साथ पारदर्शिता पर भी जोर देना होगा।

# किसानों ने काली पट्टी बांध कर किया प्रदर्शन

## किसानों की मांग है कि नगर निगम के रेट पर मिले मुआवजा




**मथुरा।** मथुरा ब्लॉक के गांव कोटा मौजा में रेलवे द्वारा की जा रही किसानों की भूमि अधिग्रहण के विरोध में भारतीय किसान यूनियन सुनील का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन 19 वे दिन भी जारी रहा। धरना प्रदर्शन में किसानों ने काली पट्टी बांधकर रेल अधिकारियों के खिलाफ काला दिवस मनाया। भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी ने बताया कि धरना स्थल पर बुजुर्ग किसान पंडित नरोत्तम शर्मा जो 19 दिन से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठे हुए हैं। भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी, महानगर अध्यक्ष भरत अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि अनिश्चितकालीन आंदोलन को 19 दिन हो चुके हैं लेकिन रेलवे के अधिकारी व जिला प्रशासन के अधिकारी किसानों की बात सुनने को तैयार नहीं हैं। भीषण गर्मी में बरसात में किसान धरना स्थल से नहीं हट रहे। अगर किसानों की जमीन एग्रीकल्चर रेट में जाती हैं तो कोटा मौजा गांव का किसान पूर्ण रूप से बर्बाद हो जाएगा। रेलवे के अधिकारी धरना स्थल पर आकर किसानों से बात करने को तैयार नहीं है। जिला प्रशासन ने अपने हाथ खड़े कर दिये हैं। यह मामला प्रदेश सरकार के हाथ में है जब तक नगर निगम के सर्किल रेट का पैसा नहीं मिल जाता तब तक एक इंच जमीन रेलवे को नहीं देंगे कोटा मौजा गांव के किसान कोटा मौजा मथुरा वृंदावन नगर निगम में आता है तो किसानों को नगर निगम के सर्किल रेट के हिसाब से ही मुआवजा दिया जाए। 10 जुलाई के बाद सड़कों पर उतरकर रेलवे विभाग के खिलाफ बड़ा आंदोलन होगा। छह जुलाई को दिन में 12 बजे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में रेलवे व जिला प्रशासन की बुद्धि शुद्धि के लिए हनुमान चालीसा का पाठ होगा। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से अनिल शर्मा धीरज शर्मा मानिक चंद ख्यालीराम गोपीचंद चंद्रभान चंद्रपाल भूपेंद्र अनिल विनोद गिरिराज लक्ष्मण प्रसाद अनीता सुनीता मालती देवी सविता जसोदा रामवती पुष्पा देवी सरोज कविता गुड्डी राजेश्वरी सहित दर्जनों महिला पुरुष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में मौजूद थे।

# 24 घंटे में सड़क पर गई पांच लोगों की जान

## कोसीकलां में तीन ट्रक टकराए चालक की मौत, दूसरा घायल

- फरह में कोल्ड स्टोर से लौटते बाइक सवार की मौत
- बाजना कट पर डीसीएम ट्रक से टकराई 1 की मौत दो घायल
- राया में बाइक सवार फूफा-भतीजे को अज्ञात वाहन ने कुचला

**मथुरा।** जनपद में चौबीस घंटे में सडक पर पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हुए हैं। तीन थाना क्षेत्रों में अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में फूफा भतीजा सहित पांच लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए।

बीती रात गुरुग्राम से मोटरसाइकलों को ट्रोला में लोड करके गांव सकतपुर हरदोई निवासी टीकाराम राष्ट्रीय राजमार्ग पर जा रहा था। हाइवे 19 पर कोसीकलां के कोटवन चौकी के समीप रात को आगे चलते ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। उसके पीछे चल रहा ट्रक सामने वाले ट्रक से टकरा गया। इस ट्रक के पीछे चल रहे टीका राम ने जब अचानक सामने चलते ट्रक को रुकते देखा तो उसने भी गाड़ी को ब्रेक लगाने का प्रयास किया, लेकिन इससे पहले टीकाराम की गाड़ी आगे चल रहे ट्रक में बुरी तरह से घुस गई। जिसके चलते स्टेरिंग पर बैठा टीकाराम की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दूसरे ट्रक के के घायल चालक को निकाल कर हास्पिटल पहुंचा दिया। मृतक टीका राम के शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दूसरी दुर्घटना थाना फरह के बेरी गांव के इलाके में हुई। गांव नगला चाहर थाना मर्गोरा निवासी युवक कुशल कल दोपहर को बाइक से कोल्ड पर किसी चीज की जानकारी करने के लिए गया था। बताया गया कि गांव लौटने के दौरान उसकी बाइक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में कुशल बुरी तरह से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रुप से घायल को इलाज के लिए एसएन मेडिकल कालेज आगरा भेज दिया। अस्पताल में इलाज के दौरान रात में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना नौहझील के बाजना कट के समीप कानपुर से नोएडा के लिए जाती डीसीएम किसी ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना में चालक की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए। गांव दौलतपुर जनपद इटावा का रहने वाला युवक पंकज कानपुर से डीसीएम में माल लोड कर नोएडा के लिए जा रहा था। रास्ते में यमुना एक्सप्रेस वे पर नौहझील के बाजना कट पर किसी वाहन ने डीसीएम को टक्कर मार दी। दुर्घटना में डीसीएम चला रहे पंकज की मौके पर ही मौत हो गई। डीसीएम में सवार उसका रिश्तेदार नीलेश और गांव का अनुज घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने पकंज के शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना राया की बिचपुरी चौकी के समीप पूजा में शामिल होने के लिए बाइक से आते फूफा भतीजे को किसी वाहन ने कुचल दिया। बताया गया कि गांव रामपुरजनपद जेवर निवासी हरकेश नोएडा की शिवराम कपंनी में सर्विस करता था। उसका भतीजा प्रमोद भी नोएडा सेक्टर 35 में किसी कंपनी में काम करता था। गांव परसा गढ़ी थाना राया में पूजा का कार्यक्रम था। दोनों बाइक से से पूजा मे शामिल होने के लिए गांव आ रहे थे। रास्ते में चौकी बिचपुरी के समीप किसी वाहन ने बाइक को रौंद दिया। जिसके चलते दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों की मौत का पता लगने पर घर में खुशियों का माहौल मातम में बदल गया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# गोवर्धन में हुई चोरी का हुआ खुलासा




**मथुरा।** गोवर्धन पुलिस ने ब्रह्मणान कालोनी में एक मकान से नकदी और सोने चांद के जेवर आदि चोरी करने वाले तीन चोरों को गिरफ्तार करके चोरी किए जेवरात और नकदी बरामद की है। गांव खोरी थाना डीग राजस्थान के रहने वाले नेत्रपाल सिंह ने गोवर्धन के ब्राहम्णान कालोनी में मकान बना रखा है। 28 जून की रात को चोरों ने बंद पड़े मकान को निशाना बना लिया। घर लौटने पर मकान के कमरों के ताले टूटे हुए देख कर नेत्रपाल सिंह के परिवार के होश उड़ गए। चोर घर में रखे दस हजार की नकदी और जेवरात आदि चोरी कर ले गए थे। इस मामले में पुलिस नेत्रपाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने चोरी की घटना में शामिल बदमाशों की तलाश की पुलिस को चोरों के बारे मे सूचना मिली। पुलिस ने महमदपुर चौराहे से पैंठा की ओर बनी पार्किंग के समीप से अभियुक्त योगेंद्र उर्फ ओपी नायक निवासी नारायणपुर रसूलपुर नगला बंजारा थाना छतारी जिला बुलंदशहर, दिनेश निवासी खलौरी थाना जहांगीराबाद, बुलंदशहर व तोजपाल उर्फ तेजा निवासी कालाशपुर निकट सेक्टर 15 सोनीपत जिला सोनीपत, हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों से एक हार पीली धातु, एक चेन पीली धातु, एक जोड़ी कुंडल पीली धातु एक एंड्राइड मोबाइल, एक देशी तमंचा कारतूस, छह हजार रुपये की नकद व एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

# नगर आयुक्त ने किये पार्कों का निरीक्षण

**मथुरा।** नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा वार्ड संख्या 19 स्थित आनंदपुरम पार्क एवं राजा महेंद्र प्रताप सिंह पार्क का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पार्क की साफ सफाई, हरियाली, रख रखाव एवं सौंदर्यीकरण से संबंधित विभिन्न पहलुओं का अवलोकन का किया। नगर आयुक्त ने निर्देश दिये कि पार्क के समुचित मेंटेनेंस के लिए उमेश कुमार, अवर अभियंता (निर्माण) को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश। झूलों की पेंटिंग, बाउंड्री वॉल पर वॉल पेंटिंग, एवं मुख्य द्वार व बोर्ड की रंगाई पुताई कराने के निर्देश दिये। फुटपाथ की इंटरलॉकिंग टाइल्स की मरम्मत के लिए भी निर्देशित किया गया। पार्क में स्थित पेड़ पौधों एवं घास की नियमित कटाई छंटाई कर हरियाली को बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। पार्क परिसर में नियमित साफ सफाई एवं हरित वातावरण बनाए रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। नगर निगम का निरंतर प्रयास है कि ऐसे सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ, सुंदर एवं हरा भरा बनाया जाए। निरीक्षण के दौरान पार्षद यतेंद्र माहौर एवं उमेश कुमार (अवर अभियंता निर्माण) उपस्थित रहे।

# देवशयनी एकादशी पर ठा. द्वारकाधीश के फूल बंगला दर्शन आज

**मथुरा।** देवशयनी एकादशी के दिन रविवार 6 जुलाई को ठाकुर मंदिर द्वारकाधीश में फूल बंगला में विराजमान होकर प्रभु द्वारकानाथ अपने भक्तों को दर्शन देंगे। मंदिर में फूल बंगले बनाने की तैयारी पिछले लगभग 15 दिन से चल रही थी। फूल बंगला सजाने के दिल्ली, कोलकाता और विभिन्न जगहों से फूल मंगाए गए हैं। पुष्टिमार्गीय संप्रदाय के मंदिर ठाकुर द्वारिकाधीश के विधि एवं मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया के मंदिर के सभी कार्यक्रमों का निर्धारण तृतीय पीठाधीश्वर कांकरोली नरेश व मंदिर के गोस्वामी डॉ. वागीश कुमार महाराज के द्वारा किया जाता है। इसी के तहत फूल बंगला मनोरथ का आयोजन हो रहा है। मान्यताओं के अनुसार यह एकादशी देवशयनी एक बहुत ही प्रमुख एकादशी है आज के दिन से देवता 4 महीने के लिए शयन को चले जाते हैं और हिंदू रीति रिवाज के अनुसार 4 महीने तक कोई भी शुभ कार्य नहीं होंगे। इस संपूर्ण कार्यक्रम को आयोजित करने वाले मनोरथी श्री माथुर चतुर्वेद परिषद के मुख्य संरक्षक एवं अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के मुख्य संरक्षक महेश पाठक हैं। श्री तिवारी ने समस्त धर्म प्रेमी जनता से अनुरोध किया है कि वह इस भव्य मनोरथ के विशेष दर्शन जो सांयकाल 6.30 बजे से 8 बजे तक करके अपने जीवन को धन्य कर पुण्य के भागी बने।

# भरतिया मे क्षतिग्रस्त की अंबेडकर प्रतिमा, ग्रामीणों में आक्रोश

## दो वर्ष पूर्व आंबेडकर शोभायात्रा के दौरान भी हुआ था विवाद



**मथुरा।** थाना जैंत क्षेत्र के गांव भरतिया में आंबेडकर प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों ने एक नामजद युवक पर प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाया है। घटना को लेकर ग्रामीणों नाराजगी को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। वहीं तहरीर के आधार पर पुलिस ने एक नामजद व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। यह भी बताया जा रहा है कि घटना कारित करने वाला व्यक्ति सीसीटीवी में आ रहा है। थाना जैंत क्षेत्र के गांव भरतिया में आंबेडकर प्रतिमा लगी हुई है। आरोप लगाया जा रहा है कि प्रतिमा को गांव के ही युवक ने क्षतिग्रस्त कर दिया। सुबह क्षतिग्रस्त प्रतिमा देखकर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई और इस का विरोध किया। इस संबंध में ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर सीओ सदर संदीप कुमार सिंह, थाना प्रभारी जैंत अश्वनी कुमार, थाना प्रभारी वृंदावन प्रशांत कपिल भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों आरोपी के खिलाफ कार्रवाई को लेकर पुलिस के सामने खड़े रहे। पुलिस ने समझा बुझाकर लोगों को शांत कराया। प्रधान प्रतिनिधि की तहरीर के आधार पर पुलिस ने एक नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पिछले दो वर्ष से थाना जैंत क्षेत्र के गांव भरतिया में आंबेडकर शोभायात्रा को लेकर दो समुदाय में विवाद बना हुआ है। दो वर्ष वर्ष पूर्व अनुसूचित जाति के लोगों द्वारा शोभायात्रा निकालने को लेकर सवर्ण समाज के लोगों ने विरोध कर दिया था। जिसमें देखते ही देखते दोनों समुदाय की तरफ से पथराव होने लगा था। जिसमें सवर्ण समाज के लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज हुआ था। तत्कालीन जैंत थाना प्रभारी अरुण पंवार व उपनिरीक्षक शैलेन्द्र शर्मा मामले में लाइन हाजिर हुए थे। रालोद नेता कुंवर नरेंद्र सिंह के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ था। आंबेडकर प्रतिमा पर दोनों समुदाय ने माल्यार्पण किया था। उसके बाद शोभायात्रा पर पुलिस बल तैनात रहा। शुक्रवार रात्रि सवर्ण समाज के युवक द्वारा प्रतिमा क्षतिग्रस्त की सूचना के बाद पुलिस के हाथ पांव फूल गए। सीओ सदर दो थानों के फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। उधर ग्रामीण नई प्रतिमा लगवाने की जिद पर अड़े हुए हैं। सीओ सदर संदीप कुमार सिंह ने बताया गांव भरतिया थाना जैंत निवासी कान्हा पुत्र तारा व तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को जारी किये नोटिस

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने अवगत कराया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के प्राविधानों के अन्तर्गत भारत निर्वाचन आयोग में पंजीकृत उत्तर प्रदेश राज्य के 119 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा वर्ष 2019 से वर्ष 2024 (06 वर्षों) के मध्य आयोग द्वारा आयोजित निर्वाचनों में एक भी चुनाव नहीं लड़े जाने के फलस्वरूप भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसी के क्रम में अपर मुख्य निर्वाचन आयोग अधिकारी, उत्तर प्रदेश के द्वारा जनपद मथुरा की 'भारतीय सत्यार्थ संगठन पता 3 भारत नगर, प्रेम विद्यालय-रेलवे कासिंग, राधापुरम हाउसिंग कॉलोनी के सामने, बिरला मन्दिर के पास, वुन्दावन रोड, जीटीवी-3, मथुरा-281003 (उत्तर प्रदेश) पार्टी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कारण बताओ नोटिस के संबंध में पार्टी के अध्यक्ष, महासचिव अपना प्रत्यावेदन, हलफनामा एवं सुसंगत अभिलेखों के साथ दिनांक 14 जुलाई 2025 तक कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश चतुर्थ तल विकास भवन, जनपथ मार्केट, लखनऊ 226001 को उपलब्ध करा सकते है एवं सुनवाई के लिए नियत दिनांक 21 जुलाई, 2025 को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के समय के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष उपस्थित हो सकते है। यदि पार्टी की ओर से कारण बताओ नोटिस के सम्बन्ध में निर्धारित तिथि के भीतर प्रत्यावेदन उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो यह माना जायेगा कि पार्टी को इस मामले में कुछ नहीं कहना है और पार्टी को राजनैतिक दलों की सूची से हटाये जाने के सम्बन्ध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश की ओर से संस्तुति सहित प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित कर दिया जायेगा।

# मुडिया मेला गोवर्धन परिक्रमा मार्ग में बढने लगी भीड

- मुड़िया पूर्णिमा मेला में श्रद्धालुओं को मिलेगा स्वच्छ वातावरण
- जिलाधिकारी ने दानघाटी मंदिर के आस पास तथा गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर किया श्रमदान



**मथुरा।** चार जुलाई से गोवर्धन में मुड़िया मेला शुरू हो गया है। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने गोवर्धन में डेरा डाल दिया है। सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद किया गया है। साथ ही साफ सफाई को लेकर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बसें गोवर्धन की ओर चल पडी है। बसों में यात्रियों का दबाव बढने लगा है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने सौख स्थित महमदपुर चौराहा तथा दानघाटी मंदिर का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने प्लास्टिक मुक्त ब्रज की रज अभियान को आगे बढ़ते हुए शनिवार को गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर विशेष सफाई अभियान चलाया। उन्होंने स्वयं झाड़ू से परिक्रमा मार्ग की सफाई की तथा आस पास के क्षेत्र में फैले कूड़े को एकत्रित करते हुए साफ सफाई की। जिलाधिकारी ने दुकानों, मंदिरों, कुंडों, घरों, होटलों, आश्रमों आदि के आस पास सफाई की। उन्होंने ब्रज को प्लास्टिक मुक्त करने के उद्देश्य से चलाया विशेष सफाई अभियान। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक न केवल वातावरण को नुकसान देती है बल्कि, इसके सेवन से पशु भी बीमार हो रहे है। जिलाधिकारी ने सभी से आवाह्न किया कि अपने दुकानों, मंदिरों, कुंडों, घरों, होटलों, आश्रमों आदि के सामने तथा आस पास सफाई रखे एवं डस्टबिन का प्रयोग करे। जिलाधिकारी ने सभी को सफाई के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध मुड़िया पूर्णिमा मेला में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं, दर्शनार्थियों, पर्यटकों तथा आम जनमानस को स्वच्छ परिक्रमा मार्ग का अनुभव होगा। पवित्र मुड़िया पूर्णिमा मेला में श्रद्धालुओं के सुविधाओं का विशेष ध्यान दिया जा रहा है तथा प्रशासन बेहतर से बेहतर व्यवस्था उपलब्ध करने के लिए प्रतिबद्ध है। सफाई अभियान में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी गोवर्धन अनिल कुमार सिंह, तहसीलदार गोवर्धन मनीष कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल सहित स्थानीय लोगों व माननीय जनप्रतिनिधियों ने सफाई की।

# प्री यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में बीएल पांडेय ने जीता गोल्ड

## तीन दिन चली प्रतियोगिता में करीब एक हजार प्रतियोगियों ने लिया भाग



**मथुरा।** बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज के खेल मैदान पर तीन दिन चली प्री यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में बीएल पांडेय ने गोल्ड मेडल जीता। प्रतियोगिता में प्रदेश भर के प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें लगभग एक हजार बच्चों ने सहभागिता किया। 10 मीटर एयर पिस्टल में मथुरा के बीएल पांडेय ने 251 का स्कोर बना कर प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता। स्टेट क्वालीफाई कर स्टेट में जगह बनाई तो वही देवेंद्र गोस्वामी ने 151 स्कोर बना कर बढ़त बनाई। चार जुलाई को हुए पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि श्याम सिंह यादव प्रेसिडेंट यूपी राइफल एसोसिएशन एवं जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह, एसपी सिटी राजीव कुमार और सिटी मजिस्ट्रेट ने सभी जीते हुए खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर और ब्राउन मेडल देकर सम्मानित किया। वही मथुरा के बीएल पांडेय को श्याम सिंह यादव ने गोल्ड देकर सम्मानित किया और आपके उज्जवल भविष्य की कामना किया। वही उन्होंने कहा कि मथुरा में जल्द एक और ऐसा आयोजन किया जाएगा। बीएल पांडेय ने बताया कि वह आगरा में अपने कोच आदर्श चौधरी के निर्देशन में तैयारी कर रहे हैं।

# गुरुग्राम के मानेसर में आयोजित सम्मेलन में पार्षद प्रियंका चौधरी ने लिया भाग



**मथुरा।** मथुरा वृंदावन नगर निगम के वार्ड 57 (बालाजीपुरम) की पार्षद श्रीमती प्रियंका चौधरी को उत्तर प्रदेश शासन के शहरी विकास मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान किया गया। यह राष्ट्रीय नगर निकाय सम्मेलन मानेसर (गुरुग्राम), हरियाणा में आयोजित हुआ। जिसमें देशभर के नगर निकायों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। इस सम्मेलन में महापौर विनोद अग्रवाल के साथ प्रतिनिधित्व करते हुए पार्षद श्रीमती प्रियंका चौधरी ने मथुरा वृंदावन की ओर से स्मार्ट सिटी परियोजनाओं, नगरीय स्वच्छता, अधोसंरचना विकास एवं नागरिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर महत्वपूर्ण विचार रखे। सम्मेलन में उनकी सक्रिय सहभागिता ने मथुरा वृंदावन नगर निगम की सकारात्मक छवि को राष्ट्रीय पटल पर सशक्त रूप से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती चौधरी ने कहा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मथुरा वृंदावन नगर निगम के प्रतिनिधित्व के लिए आमंत्रित किया जाना मेरे लिए अत्यंत गौरव का विषय है। यह अवसर न केवल मेरे लिए, बल्कि पूरे नगर निगम और मथुरा वासियों के लिए गर्व की बात है।

# सत्ताधारी पार्टी के फर्जी पदनाम से भ्रम फैला रहे लोग, प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की

**मथुरा।** शहर में कुछ लोग बिना किसी अधिकृत नियुक्ति के स्वयं को महानगर अध्यक्ष जैसे जिम्मेदार पदों पर घोषित कर भ्रम फैला रहे हैं। हाल ही में एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जिसमें वाहन पर महानगर अध्यक्ष लिखा पाया गया। जबकि संबंधित व्यक्ति की कोई आधिकारिक नियुक्ति नहीं है। सूत्रों के अनुसार, यह व्यक्ति न तो किसी राजनीतिक दल से अधिकृत है और न ही उसके पास किसी प्रकार का वैध प्रमाण पत्र है, फिर भी वह समाज में एक पदाधिकारी की तरह व्यवहार कर रहा है। इससे आम जनता और प्रशासन दोनों के बीच भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। समाजसेवियों और जागरूक नागरिकों ने मांग की है कि ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए, फर्जी पदनाम का उपयोग करने वाले लोगों की जांच कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि ष्पद की गरिमा और प्रशासन की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए ऐसे फर्जीवाड़ों पर तत्काल रोक जरूरी है। एक भाजपा कार्यकर्ता राम ने प्रशासन से अनुरोध किया गया है कि ऐसे सभी वाहनों और व्यक्तियों की जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में कोई व्यक्ति बिना अधिकृत नियुक्ति के पदनामों का दुरुपयोग न कर सके।

# बदलते मौसम में बच्चे होने लगे हैं बीमार तो ट्राई करें ये घरेलू नुस्खे, जल्द मिलेगा आराम

**आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाने से मामूली सर्दी-जुकाम या बुखार आसानी से इलाज किया जा सकता है। वहीं अगर यह लक्षण लंबे समय तक बने रहते हैं, तो आपको डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।**

भारत के कई राज्यों में मानसून ने दस्तक दे दी है। मानसूम शुरू होने के साथ ही सर्दी-जुकाम, बुखार, खांसी और ठंड लगने जैसी मौसमी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। वहीं इस मौसम से बच्चे और बुजुर्ग थोड़ा जल्दी प्रभावित होते हैं। इसलिए इस मौसम में बच्चों और बुजुर्ग को स्वस्थ रखना कई बार एक बड़ी चुनौती बन जाती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाने से मामूली सर्दी-जुकाम या बुखार आसानी से इलाज किया जा सकता है। वहीं अगर यह लक्षण लंबे समय तक बने रहते हैं, तो आपको डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

### हल्दी वाला दूध

एक्सपर्ट के मुताबिक सर्दी-जुकाम या बुखार से राहत पाने के लिए बच्चों को हल्दी वाला दूध का सेवन बड़ा असरदार माना जाता है। हल्दी में एंटीसेप्टिक और एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जोकि इंफेक्शन से लड़ने और गले की खराश में राहत देने का काम करते हैं। इसलिए सोने से पहले गुनगुने दूध में थोड़ी सी हल्दी मिलाकर बच्चे को पिला दें।

### गुनगुना पानी

सर्दी-जुकाम या बुखार होने पर बच्चों को ठंडी चीजें नहीं देनी चाहिए। बल्कि बच्चे को पीने के लिए गुनगुना या हल्का गर्म पानी देना चाहिए। इससे गले की खराश और सूजन की समस्या कम हो सकती है।

### अदरक, तुलसी और शहद का काढ़ा

गले की खराश, खांसी या बुखार आदि में आप बच्चे को तुलसी के पत्ते, अदरक, काली मिर्च और शहद का काढ़ा बनाकर दे सकते हैं। यह स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है। हालांकि एक साल से छोटे बच्चे को यह काढ़ा नहीं देना चाहिए।

### तुलसी और अदरक का रस

तुलसी के पत्तों और अदरक का रस और थोड़े से शहद में मिलाकर देने से सर्दी-जुकाम और बुखार से राहत मिल सकती है।

### तरल पदार्थ

अगर बच्चे को बुखार हो गया है, तो उसको पानी पिलाएं, नारियल पानी, सूप या ताजे फलों का रस भी दे सकते हैं। इससे शरीर में पानी की कमी भी पूरी होगी और एनर्जी भी बनी रहेगी।

बारिश के पानी से भी करें बच्चे का बचाव

बच्चे को बारिश में भीगने या गंदे पानी में खेलने से रोकें।

अगर बच्चा गीला हो गया है तो तुरंत उसके कपड़े बदल दें।

बच्चों की साफ-सफाई का खास ख्याल रखें।

पौष्टिक आहार दें, जिससे बच्चों की इम्यूनिटी मजबूत हो।

नींद पूरी करने और आराम करने के लिए पर्याप्त समय दें।

समय-समय पर टीकाकरण जरूर कराएं।





# एल्युमीनियम के बर्तन में भूलकर भी नहीं गर्म करनी चाहिए ये चीजें, स्वास्थ्य को हो सकता है नुकसान

**हल्के बर्तनों में एल्युमीनियम के भी बर्तन आते हैं, जिनकी खासियत यह होती है कि यह जल्दी गर्म होते हैं और बजट में भी आते हैं। लेकिन कुछ खाद्य पदार्थ ऐसे होते हैं, जिनको इन बर्तनों में गर्म करना गलत माना जाता है।**

हम सभी के घरों में स्टील, लोहे और एल्युमीनियम के बर्तन मिल जाते हैं। हर बर्तन की अपनी अलग खासियत होती है। वहीं हर मेटल में बने खाने का स्वाद अलग-अलग होता है। जहां पर कुछ बर्तन बल्कि होते हैं, तो कुछ बर्तन भारी होते हैं। हल्के बर्तनों में एल्युमीनियम के भी बर्तन आते हैं, जिनकी खासियत यह होती है कि यह जल्दी गर्म होते हैं और बजट में भी आते हैं। लेकिन कुछ खाद्य पदार्थ ऐसे होते हैं, जिनको इन बर्तनों में गर्म करना गलत माना जाता है। कई महिलाएं एल्युमीनियम के बर्तन में चटनी बनाने से लेकर दूध तक गर्म करती हैं। जोकि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि एल्युमीनियम के बर्तनों में कौन-सी चीजें गर्म नहीं करनी चाहिए और क्यों।

### दूध न गर्म करें

दरअसल, एल्युमीनियम के बर्तन हल्के और जल्दी गर्म हो जाते हैं। हालांकि कई लोग दूध उबालने के लिए इन बर्तनों का उपयोग करते हैं। लेकिन इन बर्तनों में दूध नहीं गर्म करना चाहिए। क्योंकि दूध में लैक्टिक एसिड होता है, जोकि एल्युमीनियम के साथ रिएक्ट कर सकता है। जिससे दूध का स्वाद बिगड़ सकता है और दूध से मेटल की गंध भी आ सकती है। वहीं इस बर्तन में दूध उबालने से बर्तन की सतह पर दाग पड़ सकते हैं या फिर यह धीरे-धीरे घिस सकता है।

### क्या करें

आप स्टेनलेस स्टील या बोरोसिलिकेट ग्लास के बर्तन में दूध गर्म कर सकते हैं।

इसके अलावा आप इंडक्शन या इलेक्ट्रिकल केटल का इस्तेमाल करते हैं, तो इसमें भी सेफ कोटिंग या स्टील वाले बर्तन का इस्तेमाल करना चाहिए।

### नमक या नमक वाला पानी

नमक सोडियम क्लोराइड मौजूद होता है। जोकि एल्युमीनियम के साथ मिलकर एक रासायनिक प्रक्रिया शुरू करता है। इससे धीरे-धीरे बर्तन की सतह खराब हो सकती है।

अगर आप नमकीन खाना एल्युमीनियम बर्तन में पकाते हैं, तो इसको धोने में देर नहीं करनी चाहिए। क्योंकि धोने में देर करने से बर्तन की सतह पर काले या सफेद धब्बे आ सकते हैं। इससे एल्युमीनियम के पार्टिकल्स भी आपके खाने में मिल सकते हैं, जोकि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं।

### क्या करें

खाने या नमक वाले पानी के लिए स्टेनलेस स्टील, नॉन स्टिक या कास्ट आयरन बर्तनों का इस्तेमाल करना चाहिए।

अगर आपने एल्युमीनियम बर्तन में नमक वाला कुछ पकाया है, तो उसको फौरन धोकर सुखा लेना चाहिए।

एल्युमीनियम बर्तनों को सूखा और साफ रखना चाहिए। जिससे कि जंग लगने की संभावना न हो।

### रेडीमेड सॉस या पैकेज्ड फूड

कई बार हम जल्दी खाना बनाने के लिए फ्रोजन फूड को पका लेते हैं या फिर किसी तरह के सॉस को एल्युमीनियम में गर्म करते हैं। इन खाद्य पदार्थों में एसिडिटी रेगुलेटर, प्रिजरवेटिव्स और अन्य केमिकल्स होते हैं। जोकि गर्म एल्युमीनियम से प्रतिक्रिया कर सकते हैं। इससे खाने का स्वाद बिगड़ सकता है। इस तरह का खाना बार-बार एल्युमीनियम में गर्म करने से बॉडी में एल्युमिनियम पार्टिकल्स प्रवेश करते हैं। जोकि सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।

### क्या करें

बता दें कि पैकेज्ड फूड या सॉस को गर्म करने के लिए सेरामिक, ग्लास या स्टेनलेस स्टील के बर्तनों का इस्तेमाल करें।

वहीं माइक्रोवेव में गर्म कर रहे हैं, तो बीपीए मुक्त माइक्रोवेव सेफ कंटेनर का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

एल्युमीनियम फॉयल में लपेटे हुए खाने को ओवन या माइक्रोवेव में गर्म करने से पहले हटा लें।

# सजावट भी और शुभता भी~इन तरीकों से सजाएं तुलसी, घर का पूरा वातावरण हो जाएगा शुद्ध

तुलसी का पौधा घर में शुद्ध वातावरण, सकारात्मक ऊर्जा और सौंदर्य तीनों लाता है। इसे सजाने का मतलब सिर्फ सुंदरता नहीं, बल्कि श्रद्धा और शुभता से घर को भरना है। वास्तु शास्त्र और आयुर्वेद दोनों में तुलसी को विशेष स्थान दिया गया है। आइए जानें तुलसी के पौधे को सजाने के सुंदर और शुभ तरीके।

तुलसी वृंदावन बनाएं - मिट्टी, पत्थर या संगमरमर से बना पारंपरिक वृंदावन घर के आंगन या बालकनी में रखें। इसके चारों कोनों पर छोटे दीपक या कांच की लाइट लगाकर इसे और सुंदर बना सकते हैं। वृंदावन के आस-पास रंगोली, सफेद रंग से अल्पना या कोलम बनाना शुभ माना जाता है।

तुलसी के पास छोटे पौधे और फूल सजाएं - तुलसी के चारों ओर अपराजिता, मनी प्लांट, एलोवेरा या चमेली जैसे छोटे पौधे लगाएं। इससे तुलसी का स्थान और भी हराभरा और शांतिपूर्ण लगेगा।

दीपक और घंटी लगाएं - तुलसी के पास रोज सुबह और शाम दीपक जलाएं। एक छोटी पीतल या कांसे की घंटी भी टांग सकते हैं जिसे पूजा करते समय बजाया जाए।

गमले को सजाएं - अगर तुलसी को गमले में लगा रहे हैं, तो उस गमले को रंगीन पेंटिंग, वॉरली आर्ट या मंत्रों से सजाएं। इसमें फ? नमो भगवते वासुदेवायफ या फहरि ?फ जैसे मंत्र लिखे जा सकते हैं।

तुलसी की माला -तुलसी के पौधे के चारों ओर लकड़ी की माला, रिबन या फूलों की माला लगाकर सजाएं। त्योहारों पर बंदनवार या तोरण से तुलसी का स्थान सजाएं।

हैंगिंग तुलसी प्लांटर - यदि घर में जगह कम है, तो तुलसी को हैंगिंग पॉट्स में बालकनी या रसोई की खिड़की में रखें।

इन बातों का रखें ख्याल -

तुलसी को सूखने न दें, रोज पानी दें।

-उसके पास कभी जूते-चप्पल न रखें।

-तुलसी के पत्ते बिना हाथ धोए और बिना मंत्र बोले न तोड़ें।



# कम बजट में किचन को दोबारा डेकोरेट करने के लिए फॉलो करें ये शानदार टिप्स, हर कोई करेगा तारीफ



अगर आपकी किचन भी पुरानी और फीकी सी लगने लगी है, तो आप कुछ चीजों की मदद से किचन को अपडेट करके न्यू और फ्रेश लुक दे सकती हैं। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपके किचन में जान डाल देंगी।

किसी भी चीज को लंबे समय तक एक जैसा देखने या फिर इस्तेमाल करने से मन भर जाता है। इसलिए समय के साथ चीजों को अपडेट करना जरूरी होता है। फिर चाहे वह आउटफिट हो, कमरा हो या फिर किचन हो। अगर आप एक हाउसवाइफ हैं, तो आप रसोईघर का काम भी करती होंगी। लेकिन जिस किचन को आप सालों से यूज कर रही हैं, उसको देखकर अब आप भी बोर हो गई होंगी। अगर आपको भी लगता है कि आपके किचन को एक न्यू लुक की जरूरत है, तो आप आसानी से और कम पैसे में इसको न्यू लुक दे सकती हैं।

अगर आपकी किचन भी पुरानी और फीकी सी लगने लगी है, तो आप कुछ चीजों की मदद से किचन को अपडेट करके न्यू और फ्रेश लुक दे सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपके किचन में जान डाल देंगी।

### प्लांट्स लगाएं

अगर आपने किचन को बेहद खूबसूरत और शुद्ध बनाना चाहती हैं, तो किचन में प्लांट्स जरूर लगवाना चाहिए। प्लांट्स लगाने से किचन न सिर्फ अच्छा लगेगा और फ्रेश फील भी देने का काम करेगा। आप प्लांट्स को इनडोर में लगाने के साथ किचन की खिड़की पर रखने साथ हैंग भी कर सकती हैं। प्लांट्स लगाने से किचन में पॉजिटिव बदलाव नजर आएगा। वहीं हरियाली के बीच खाना बनाते हुए भी अच्छा लगेगा।

### वॉलपेपर लगवाएं

किचन में खाना बनाने के दौरान निकलने वाला धुआं और मसाले आदि की छींटे के निशान टाइल्स पर लग जाते हैं और चिकनाई भी जम जाती है। आप इनकी कितनी ही सफाई कर लें, लेकिन कई बार यह निशान हटने का नाम नहीं लेते हैं। आजकम मार्केट आयल फ्री वॉलपेपर खूब मिलते हैं। ऐसे में आप इन वॉलपेपर को मगंवाकर खुद किचन में चिपका सकती हैं। इन वॉलपेपर पर दाग और चिकनाई के निशान भी नहीं लगते और यह जल्दी साफ भी हो जाते हैं। वहीं अगर यह ज्यादा गंदे हो जाते हैं, तो आप इनको बदलकर नए लगवा सकती हैं।

### हैंगिंग लाइट्स

वहीं मार्केट और ऑनलाइन दोनों ही जगह पर यूनिक हैंगिंग लाइट्स भी मिल जाएंगी। ऐसे में आप भी इनसे अपने किचन को डेकोरेट कर सकती हैं। आप किचन के सेंटर में एक लाइन में छोटी-बड़ी के हिसाब से हैंगिंग लाइट्स लगा सकती हैं। डिम लाइट्स जलते ही आपके किचन की रौनक बढ़ जाएगी।

### किचन ऑर्गेनाइजर

ऑनलाइन में बहुत कम पैसे में सामान रखने के लिए ऑर्गेनाइजर मिल जाएगा। आप इनको किचन में लगवाकर बिखरे रखने वाले डिब्बे-डिब्बियों को एक जगह लाइन से ऑर्गेनाइज कर सकती हैं। इससे आपकी रसोई में स्पेस भी ज्यादा लगेगा और सामान भी बिखरा हुआ नहीं रहेगा। आपको किचन ऑर्गेनाइजर में कई डिजाइन और साइज मिल जाएंगे। जिनको आप किचन के साइज के हिसाब से ले सकती हैं।

### कलरफुल एक्सेसरीज

आप मार्केट में मिलने वाली कलरफुल एक्सेसरीज लेकर किचन की वॉल और कैबिनेट पर हैंग कर सकती हैं। इससे किचन साफ-सुथरा और सुंदर दिखने लगेगा।

# सरसों का तेल और चावल हुआ महंगा

## टमाटर समेत कई सब्जियों के दाम भी बढ़े, मॉनसून ने बिगाड़ दिया घर का बजट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत में लोगों को एक बार फिर महंगाई की मार झेलनी पड़ सकती है। क्योंकि, सरसों के तेल में प्रति लीटर 10 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा चावल के दाम भी बढ़े हैं।

जानकारी के मुताबिक, इस साल लगभग 111 लाख टन सरसों की फसल होने का अनुमान था, लेकिन अब तक करीब 95 लाख टन ही मार्केट में सप्लाई आई है। तेल के थोक कारोबारी हेमंत गुप्ता बताते हैं कि बीते एक महीने में सरसों के तेल में लगभग 10 रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

**क्यों महंगा हुआ तेल?-** इसके पीछे कई कारण हैं। एक तो जून के महीने में सरसों के तेल की डिमांड बढ़ जाती है। जिसकी वजह से दाम में बढ़ोतरी होती है। इसके अलावा कई किसानों ने अभी फसल को मार्केट में नहीं उतारा है। जिससे इसकी कमी बनी हुई है। जिससे सरसों के तेल के दाम में उछाल आया है।



चावल कारोबारी सचिन शर्मा बताते हैं कि इन दिनों ईरान में चावल की सप्लाई प्रभावित है। लेकिन देश में घरेलू चावल की डिमांड कुछ तेज हुई है। जिससे चावल कारोबारियों को थोड़ी राहत मिली है।

### बारिश से महंगी हुई सब्जियां

राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत में बारिश के कारण घर का बजट और बिगड़ गया है। बारिश के चलते सब्जियों के दाम में तेजी आई है। दिल्ली-एनसीआर में टमाटर और हरी सब्जियों की कीमत आसमान पर पहुंच गई है।

टमाटर की कीमत 15 रुपये से बढ़कर 50 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। वहीं शिमला मिर्च 80 किलो तक बिक रही है। बैंगन का भाव 80 रुपये प्रति किलो और भिंडी भी 80 रुपये किलो तक पहुंच गई है। हालांकि अलग-अलग मार्केट के अनुसार सब्जियों की कीमत अलग-अलग हो सकती है।

### फसल को पहुंचा नुकसान

सब्जी विक्रेताओं के मुताबिक बारिश के कारण सब्जियों की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। इससे सब्जियों के प्रोडक्शन में काफी कमी आई है। यही कारण है सब्जियों की बाजार में आवक काफी कम है और इनके दाम में तेजी आ रही है।

# आईपीओ से पहले ब्रिगेड होटल वेंच को सफलता, 1.4 करोड़ शेयर बेचकर जुटाई बड़ी रकम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ब्रिगेड होटल वेंचर्स लिमिटेड को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले बड़ी सफलता मिली है। दरअसल, कंपनी ने 360 वन अल्टरनेटिव्स एसेट मैनेजमेंट को शेयर बेचकर 126 करोड़ रुपये जुटाए हैं। ब्रिगेड होटल वेंचर्स बेंगलुरु स्थित रियल एस्टेट कंपनी ब्रिगेड एंटरप्राइजेज लिमिटेड की सब्सिडयरी कंपनी है। बता दें कि ब्रिगेड होटल वेंचर्स ने 360 वन अल्टरनेट्स एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड (360 वन) को 90




रुपये प्रति शेयर के भाव पर 1.4 करोड़ शेयर जारी किए। यह लेनदेन कंपनी की पूर्व-प्रस्ताव शेयर पूंजी का 4.74 प्रतिशत है।

**900 करोड़ रुपये तक के नए शेयर-** दस्तावेज के अनुसार, कंपनी के आईपीओ में 900 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे। इससे हासिल राशि में से कंपनी करीब 480 करोड़ रुपये का इस्तेमाल कर्ज चुकाने और 107 करोड़ रुपये जमीन खरीदने में करेगी। शेष राशि का इस्तेमाल अन्य कार्यों के लिए रखा जाएगा। जेएम फाइनेंशियल और आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज को आईपीओ के लिए बुक रनिंग लीड मैनेजर के रूप में नियुक्त किया गया है। ब्रिगेड होटल वेंचर्स दक्षिण भारत के प्रमुख शहरों में होटलों का स्वामित्व और डेवलप करता है। 2004 में हॉस्पिटैलिटी में प्रवेश करने के बाद से यह बेंगलुरु, चेन्नई, कोच्चि, मैसूर सिटी में नौ ऑपरेटिंग होटलों का प्रबंधन करने के लिए विकसित हुआ है, जो कुल 1,604 प्रमुख होटलों का प्रबंधन करता है। ये संपत्तियां मैरियट और इंटरकॉन्टिनेंटल होटल समूह जैसे प्रसिद्ध वैश्विक हॉस्पिटैलिटी ब्रांडों के तहत संचालित की जाती हैं। दक्षिण भारत में दूसरे सबसे बड़े निजी होटल परिसंपत्ति के मालिक के रूप में, ब्रिगेड होटल वेंचर्स अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करना जारी रखता है।

# उपभोक्ताओं को रिफंडः ई-कॉमर्स कंपनियों और खुदरा विक्रेताओं ने लौटाए 7.14 करोड़ रुपये

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उपभोक्ताओं को राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) की मदद से पिछले दो महीनों में ई-कॉमर्स कंपनियों और अन्य खुदरा विक्रेताओं से 7.14 करोड़ का रिफंड मिला है। इस हेल्पलाइन के जरिये रिफंड दावों से जुड़ी 15,426 उपभोक्ता शिकायतों का समाधान किया गया। उपभोक्ताओं की शिकायतें 30 क्षेत्रों से संबंधित थीं।




उपभोक्ता मामलों के विभाग ने शुक्रवार को बताया, कुल 15,426 शिकायतों में से सबसे ज्यादा 8,919 ई-कॉमर्स कंपनियों के खिलाफ आई।इनका निपटान किया गया। रिफंड में भी यह क्षेत्र सबसे आगे रहा और उपभोक्ताओं को 3.69 करोड़ रुपये का रिफंड दिलाया गया।विभाग ने कहा, 25 अप्रैल से 30 जून के बीच उपभोक्ताओं को कुल 7.14 करोड़ रुपये का रिफंड दिलाना हेल्पलाइन की प्रतिबद्धता, जवाबदेही और बेहतर कार्यप्रणाली को दर्शाती है।

**17 भाषाओं में दर्ज करा सकते हैं शिकायत-** उपभोक्ता इस हेल्पलाइन पर एक टोल-फ्री नंबर 1915 के जरिये 17 भाषाओं में अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

# पीयूष गोयल बोले- 153 देश भारत से खिलौना आयात कर रहे, सरकार क्षेत्र के लिए एक और योजना लाने की तैयारी में

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत का खिलौना उद्योग, जो पहले दूसरे देशों से आयात पर निर्भर था, अब घरेलू स्तर पर विनिर्माण कर रहा है और 153 देशों को निर्यात कर रहा है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज दिल्ली में 16वें टॉय बिज इंटरनेशनल बी2बी एक्सपो 2025 को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह बदलाव लगातार नीतिगत समर्थन, गुणवत्ता मानकों के प्रवर्तन और स्थानीय विनिर्माण समूहों को मजबूत करने से संभव हुआ है।

मंत्री गोयल ने बताया कि गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) से भारत में अच्छी गुणवत्ता वाले खिलौने बनने लगे हैं और हमारे खिलौने अब अंतरराष्ट्रीय स्तर के बनते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की 1.4 बिलियन की आबादी एक बड़ा कैप्टिव मार्केट प्रदान करती है, जो विनिर्माण को बढ़ाने के लिए एक स्वाभाविक लाभ प्रदान करती है। इस पैमाने के साथ, उद्योग लागत दक्षता प्राप्त कर सकता है और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बन सकता है। उन्होंने कहा कि बड़ा घरेलू बाजार न केवल विस्तार का समर्थन करता है, बल्कि इसके लिए आधार का काम भी करता है।

पीयूष गोयल ने कहा कि अगर भारतीय कंपनियां



अच्छी ब्रांडिंग, आकर्षक पैकेजिंग और मजबूत डिजाइन पर ध्यान दें, तो भारतीय खिलौने विदेशों में और ज्यादा पसंद किए जाएंगे।

**खिलौना उद्योग की तरक्की देश के विकास की मिसाल-** गोयल ने बताया कि खिलौना उद्योग की यह तरक्की देश के विकास की एक मिसाल है। उन्होंने याद दिलाया कि जब प्रधानमंत्री मोदी ने वोकल फॉर लोकल अभियान शुरू किया था, तो कुछ लोगों को शक था कि भारतीय चीजें विदेशी सामान का मुकाबला नहीं कर पाएंगी। लेकिन आज आत्मनिर्भर भारत के सपने के साथ, देश में बने खिलौनों को ज्यादा पसंद किया जा रहा है।

# 94 करोड़ लोगों को मिल रहा सामाजिक सुरक्षा योजना लाभ, अंत्योदय-समावेशी विकास नीति से सशक्त हो रहा देश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में बीते एक दशक में जो बदलाव आया है उसे अब लगातार अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिल रही है। बीते दिनों अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) द्वारा जारी किए गए आंकड़े इस बदलाव की पुष्टि करते हैं। 2015 में जहां भारत की महज 19 फीसदी जनसंख्या को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में माना जाता था, वहीं 2025 तक यह आंकड़ा बढ़कर 64.3 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। यानी, 94 करोड़ भारतीय अब कम से कम एक सामाजिक सुरक्षा योजना से लाभान्वित हो रहे हैं।

यह न केवल भारत के लिए बल्कि वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भी एकउल्लेखनीय उपलब्धि है। भारत में सामाजिक सुरक्षा का विस्तार सिर्फ संख्या की वृद्धि नहीं है बल्कि नीतियों के दृष्टिकोण में एक गहरा बदलाव भी




दर्शाता है। पहले जहां यह कल्याण योजनाएं केवल दिखावटी या चुनावी भाषणों तक सीमित थीं वहीं अब उन्हें डेटा आधारित, कानूनी रूप से समर्थित और संस्थागत रूप से प्रमाणित ढांचे में समाहित किया गया है। इस बदलाव से गांव-गरीब का भी 'सिस्टम' के प्रति भरोसा जाग रहा है।

अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने की संकल्पना पर आधारित योजनाओं से बीते 10 वर्षों में यह स्पष्ट हुआ है कि कल्याण सिर्फ अब सरकारी जुमला नहीं है बल्कि शासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सरकार की सबसे बड़ी सफलता यह रही है कि उसने कल्याणकारी योजनाओं को 'डिजिटल ट्रांसफर आधारित न्याय' में बदला। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से 44 लाख करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजे गए।

# रिलायंस, अडानी और टाटा.... इन शेयरों को ट्रेडिंग फर्म ने बनाया था निशाना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अमेरिका के ट्रेडिंग फर्म जेन स्ट्रीट ग्रुप की चार इकाइयों को भारतीय सिक्योरिटी मार्केट में एंट्री करने से प्रतिबंधित कर दिया है। इन पर डेरिवेटिव सेगमेंट में धोखाधड़ी और हेरफेर का आरोप है। सेबी ने अपने 105 पन्नों के अंतरिम आदेश में जेन स्ट्रीट से जुड़े कई अहम खुलासे किए हैं। आदेश में यह भी बताया गया है कि जेन स्ट्रीट ग्रुप ने प्रमुख बैंक निफ्टी और निफ्टी 50 के शेयरों की खरीद और बिक्री के माध्यम से इंडेक्स स्तरों में कैसे हेरफेर कर बंपर कमाई की। सेबी ने 18 ट्रेडिंग सेशन की पहचान की है। इसमें से 15 में बैंक निफ्टी और तीन में निफ्टी 50 शामिल हैं।

**बैंक निफ्टी में कौन-कौन से बैंक शामिल-** जेन स्ट्रीट के कथित हेरफेर में मुख्य रूप से बैंक निफ्टी शामिल हैं। बैंक निफ्टी की बात करें तो इसमें एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडसइंड बैंक, फेडरल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी), केनरा बैंक और बंधन बैंक शामिल थे।

# अडानी बदलेंगे 3 के शेयर वाली कंपनी की किस्मत ! अधिग्रहण की रेस में सबसे आगे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अरबपति गौतम अडानी के नेतृत्व वाला अडानी समूह जयप्रकाश एसोसिएट्स के अधिग्रहण की रेस में सबसे आगे है। बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि अडानी ने जयप्रकाश एसोसिएट्स के अधिग्रहण की दौड़ में सबसे अधिक बोली लगाई है। अडानी समूह की बोली 12,500 करोड़ रुपये है। शेयर बाजार में इस कंपनी के शेयर की कीमत 3 रुपये है। बता दें कि लंबे समय से शेयर की ट्रेडिंग बंद है।



**ये कंपनियां भी रेस में-** अडानी समूह के अलावा जयप्रकाश एसोसिएट्स के लिए संभावित खरीदारों की सूची में अनिल अग्रवाल की वेदांता, जेएसपीएल (नवीन जिंदल), डालमिया भारत सीमेंट और पीएनसी इंफ्राटेक भी शामिल हैं।

**दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही कंपनी-** वित्तीय रूप से संकटग्रस्त इंफ्रास्ट्रक्चर और रियल एस्टेट फर्म जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही है। इस कंपनी को तीन जून, 2024 के राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की इलाहाबाद पीठ के आदेश के माध्यम से कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) में स्वीकृत किया गया था।

### जयप्रकाश एसोसिएट्स का साम्राज्य

जयप्रकाश एसोसिएट्स के पास प्रमुख रियल एस्टेट परियोजनाएं हैं। इनमें ग्रेटर नोएडा में जेपी ग्रीन्स, नोएडा में जेपी ग्रीन्स विशटाउन का एक हिस्सा (दोनों राष्ट्रीय राजधानी के बाहरी इलाके में), और जेपी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स सिटी, जो आगामी जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निकट रणनीतिक रूप से स्थित है। इसके अलावा दिल्ली-एनसीआर में इसके तीन कॉमर्शियल/औद्योगिक कार्यालय भी हैं, जबकि इसके होटल खंड की दिल्ली-एनसीआर, मसूरी और आगरा में पांच संपत्तियां हैं। जयप्रकाश एसोसिएट्स के पास मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश में चार सीमेंट कारखाने हैं और मध्यप्रदेश में कुछ पट्टे पर ली गई चूना पत्थर की खदानें हैं। हालांकि, सीमेंट कारखाने परिचालन में नहीं हैं।

# आधा हुआ टोल टैक्स ! सरकार ने दी नेशनल हाईवे पर गाड़ी चलाने वालों को राहत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने नेशनल हाईवे पर टोल टैक्स कम कर दिया है। यह कमी उन रास्तों पर हुई है जहां सुरंग, पुल या फ्लाईओवर हैं। सरकार ने टोल की दरों को 50 प्रतिशत तक घटा दिया है। इससे गाड़ी चलाने वालों का खर्च कम होगा। अभी तक एनएच शुल्क नियम, 2008 के हिसाब से टोल टैक्स लिया जाता था। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 2008 के नियमों में बदलाव किया है। अब टोल टैक्स की गणना के लिए एक नया तरीका अपनाया जाएगा।

मंत्रालय ने एक नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें कहा गया है कि नेशनल हाईवे के किसी हिस्से पर बने स्ट्रक्चर (पुल, सुरंग, फ्लाईओवर या एलिवेटेड हाईवे) के इस्तेमाल की दर की गणना इस तरह की जाएगीः स्ट्रक्चर की लंबाई को दस गुना करके, नेशनल हाईवे के उस हिस्से की लंबाई में जोड़ा जाएगा जिसमें स्ट्रक्चर नहीं है। या फिर नेशनल हाईवे के उस हिस्से की कुल लंबाई को पांच गुना किया जाएगा। दोनों में से जो भी कम होगा, उसे माना जाएगा। इसका मतलब है कि पुल, सुरंग या फ्लाईओवर की वजह से लगने वाले टोल को कम किया जाएगा।



### मंत्रालय ने उदाहरण देकर समझाया

एक उदाहरण में मंत्रालय ने बताया कि अगर नेशनल हाईवे का कोई हिस्सा 40 किलोमीटर का है। और इसमें सिर्फ स्ट्रक्चर ही है तो कम से कम लंबाई की गणना इस तरह होगीः 10 × 40 (स्ट्रक्चर की लंबाई का दस गुना) = 400 किलोमीटर या नेशनल हाईवे के हिस्से की कुल लंबाई का पांच गुना = 5 × 40 = 200 किलोमीटर।

**कितने पर लगेगा टैक्स?-** मंत्रालय ने आगे कहा कि टोल टैक्स कम लंबाई पर लगेगा, यानी 200 किलोमीटर पर। 400 किलोमीटर पर नहीं। इस मामले में यूजर चार्ज सड़क की लंबाई के सिर्फ आधे (50 प्रतिशत) पर ही लगेगा। इसका मतलब है कि अगर आप किसी ऐसे रास्ते से जा रहे हैं जिसमें पुल या सुरंग है, तो आपको पहले के मुकाबले कम टोल देना होगा।

**अभी टैक्स देने का क्या है नियम?-** अभी के नियमों के अनुसार, नेशनल हाईवे पर बने हर किलोमीटर के स्ट्रक्चर के लिए यूजर्स को दस गुना ज्यादा टोल देना पड़ता है। यानी, अगर किसी रास्ते पर एक किलोमीटर का पुल है।

# समस्या का खोजा ऐसा समाधान, सिर्फ 8000 रुपये से खड़ा कर दिया करोड़ों का साम्राज्य

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कोयंबटूर की रहने वाली कृतिका कुमारन ने जबरदस्त कामयाबी हासिल की है। हाउसवाइफ से बिजनेसवुमन बनने तक का उनका सफर प्रेरणा देने वाला है। उन्होंने बेटी की त्वचा की समस्या के समाधान के लिए घरेलू साबुन बनाना शुरू किया। धीरे-धीरे यह काम एक बड़े बिजनेस में बदल गया। 2017 में शुरू हुआ यह बिजनेस आज करोड़ों रुपये का टर्नओवर कर रहा है। कृतिका ने यह सब सिर्फ 8,000-10,000 रुपये के छोटे से निवेश से शुरू किया था। उन्होंने विल्वह नाम से नैचुरल, ऑर्गेनिक और टिकाऊ पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स की पूरी रेंज बनाई। आइए, यहां कृतिका कुमारन की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**ऐसे तैयार हुआ रास्ता-** कोयंबटूर की कृतिका कुमारन ने अपनी बेटी की गंभीर एक्जिमा की समस्या के समाधान के लिए घर पर ही प्राकृतिक साबुन बनाना शुरू किया। यह ऐसा कदम था जिसकी प्रेरणा उन्हें अपने परिवार से ही मिली। कृतिका की मां कई दशकों तक गंभीर त्वचा समस्याओं से जूझती रहीं, जिसके लिए उन्हें कई दवाएं लेनी पड़ीं।




अपनी मां की त्वचा की समस्याओं को देखकर कृतिका प्राकृतिक और सुरक्षित विकल्पों की तलाश करने लगीं। बाद में यही तरीके अपनाकर उन्होंने अपनी बेटी की समस्या को दूर किया। तमिलनाडु के गोबिचेट्टीपलायम के एक कृषि प्रधान शहर में पली-बढ़ीं कृतिका ने इंजीनियरिंग की है। उन्होंने यू ट्यूब वीडियो देखकर और कॉस्मेटोलॉजी में डिप्लोमा करके अपने ज्ञान को बढ़ाया। 2017 में उन्होंने बकरी के दूध, जैतून के तेल और अरंडी के तेल जैसी प्राकृतिक सामग्रियों का इस्तेमाल करके साबुन बनाना शुरू किया। उनके पहले बकरी के दूध के साबुन ने उनकी बेटी की त्वचा पर चमत्कारी प्रभाव दिखाया। इससे घर के बने उत्पादों पर उनका विश्वास बढ़ गया।

**मामूली पूंजी से काम किया शुरू-** उत्पादों की बढ़ती लोकप्रियता से उत्साहित होकर कृतिका ने मार्च 2017 में अपने घर की रसोई से विल्वह ब्रांड की शुरुआत की। यह नाम पवित्र बिल्वम पत्ती से लिया गया है। उन्होंने सोशल मीडिया, विशेष रूप से फेसबुक और इंस्टाग्राम पर अपने उत्पादों का प्रचार किया। जल्द ही उन्हें कोयंबटूर और तमिलनाडु के अन्य हिस्सों से ऑर्डर मिलने लगे। शुरुआत में केवल 8,000-10,000 रुपये के छोटे से निवेश के साथ कृतिका ने क्लासिक बकरी के दूध के साबुन, चारकोल साबुन और गुलाब साबुन जैसे विभिन्न उत्पाद बनाने शुरू किए। इनमें बकरी का दूध मुख्य सामग्री बनी रही।

### बढ़ने लगा बिजनेस

जैसे-जैसे मांग बढ़ी, विल्वह का विस्तार हुआ। कृतिका ने अमेजन, फ्लिपकार्ट और नायका जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर अपने उत्पादों को लिस्ट करके अपनी पहुंच बढ़ाई। पांच महीने के भीतर उन्होंने अपने घर के पीछे 1,000 वर्ग फीट की एक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित की। इसमें मशीनरी पर लगभग 10 लाख रुपये का निवेश किया। 2020 में विल्वह को एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के रूप में रजिस्टर किया गया। कृतिका के पति तमिल कुमारन भी बाद में व्यवसाय में शामिल हो गए। पहले वह अपने परिवार के टेक्सटाइल व्यवसाय में थे। उन्होंने एमबीए किया हुआ है। वह विल्वह में फाइनेंस और व्यवसाय प्रबंधन को संभालते हैं। जबकि कृतिका प्रोडक्शन को देखती हैं।

### अब करोड़ों का टर्नओवर

विल्वह ने अपने पहले साल में ही 1 करोड़ रुपये का टर्नओवर हासिल किया था। तब से यह ब्रांड लगातार बढ़ रहा है। साल 2023 में यह टर्नओवर 29 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। ब्रांड अब लगभग 70 अलग-अलग स्किनकेयर और हेयर केयर उत्पाद बेचता है। साथ ही लगभग 100 लोगों को रोजगार देता है। चेन्नई और कोयंबटूर में अपने खुद के फिजिकल स्टोर खोलने के साथ विल्वह की 50 प्रतिशत बिक्री सीधे उसकी वेबसाइट, 20 प्रतिशत स्टोर्स से और 30 प्रतिशत ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से होती है। कृतिका विशेष रूप से अपने मिल्क रेंज प्रोडक्टों पर जोर देती हैं। इनमें मिल्क क्रीम, ब्राइटनिंग सीरम और गोट मिल्क शैम्पू शामिल हैं। उनका उद्देश्य बाजार में अन्य ब्रांडों से इन्हें अलग करना है। कृतिका ने दिखाया है कि दृढ़ संकल्प और जुनून के साथ कुछ भी करना संभव है।

# जेन स्ट्रीट मामलाः बैन के बाद भी खत्म नहीं हुई जांच, सेबी की पैनी नजर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की जेन स्ट्रीट मामले में जांच अंतरिम आदेश के बाद भी जारी रहेगी। न्यूज एजेंसी पीटीआई सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेबी ने अभी तक बैंक निफ्टी के प्रथम दृष्टया 18 दिनों और निफ्टी सूचकांक में 'एक्सपायरी' के दिनों में तीन दिनों की हेरफेर की ही जांच की है। सूत्रों ने कहा कि जांच अन्य एक्सपायरी दिनों, बाजारों पर डील सहित सूचकांकों, संभावित रुझानों पर केंद्रित होगी। हालांकि यह नहीं बताया कि जांच में कितना समय लगेगा, और कहा कि जांच का दायरा काफी बड़ा है।

### सेबी ने लगाया है प्रतिबंध

बाजार नियामक ने आदेश में न्यूयॉर्क स्थित हेज फंड जेन स्ट्रीट को कैश और फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेडिंग में दांव लगाकर सूचकांकों में हेरफेर करने का दोषी पाया है, ताकि अच्छा मुनाफा कमाया जा सके। सेबी ने हेज फंड को बाजार तक पहुंचने से निलंबित कर दिया है और 4,843 करोड़ रुपये से अधिक के लाभ को जब्त कर लिया है। जांच में पाया गया कि जनवरी 2023-मई 2025 की जांच अवधि के दौरान जेएस ने नेट बेस पर 36,671 करोड़ रुपये का लाभ कमाया।

### प्रतिक्रिया से बचने पर जोर

सेबी के सूत्रों ने ऐसी प्रतिक्रिया से बचने पर जोर दिया, जहां खुलासे से अधिक विनियमन हो और इसके बजाय उसने बेहतर प्रवर्तन की वकालत की। उन्होंने कहा, मौजूदा विनियमों का बेहतर प्रवर्तन वास्तव में इष्टतम विनियमन का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। दूसरी ओर, अधिक विनियमन खराब प्रवर्तन की भरपाई नहीं कर सकते। सूत्रों ने कहा कि नियामक निवेशक सुरक्षा, बाजार स्थिरता और निरंतर पूंजी निर्माण के लिए समर्थन सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से वायदा और विकल्प क्षेत्र की निगरानी करना जारी रखेगा।

उन्होंने कहा कि खुदरा निवेशकों को होने वाले अधिक नुकसान की ओर इशारा करने वाले अध्ययनों के बाद फ्यूचन-ऑप्शन सेग्मेंट पर सेबी की कार्रवाई ने डील खत्म होने के दिनों में खुदरा गतिविधि को कुछ हद तक कम कर दिया है।

# विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने जाग्रेब सुपरयूनाइटेड रैपिड चेस खिताब जीता

## अमेरिकी प्लेयर वेस्ली सो को 36 चालों में मात दी, 18 में से 14 पॉइंट हासिल किए

**जाग्रेब (एजेंसी)।** क्रोएशिया के जाग्रेब में चल रहे सुपरयूनाइटेड रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट में भारतीय शतरंज खिलाड़ी डी गुकेश ने रैपिड खिताब जीत लिया है।

यह टूर्नामेंट ग्रैंड चेस टूर 2025 का हिस्सा है और गुकेश ने रैपिड फॉर्मेट में 18 में से 14 पॉइंट अर्जित करके खिताब अपने नाम किया।

गुकेश ने आखिरी राउंड में अमेरिकी खिलाड़ी वेस्ली सो को 36 चालों में हराकर रैपिड खिताब अपने नाम किया। गुकेश ने टूर्नामेंट में 9 मुकाबलों में से 6 में जीत हासिल की, 2 ड्रॉ रहे और एक में उन्हें हार का सामना करना पड़ा

**टूर्नामेंट में पहला मुकाबला हार गए थे गुकेश** – गुकेश को टूर्नामेंट के पहले ही मुकाबले में पोलैंड के जान-क्रिस्टॉफ डूडा ने 59 चालों में मात दी थी। इसके बाद गुकेश ने वापसी की। उन्होंने फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा और भारत के प्रगनानंद को हराया।

गुकेश ने टूर्नामेंट के चौथे राउंड में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और पांचवें राउंड में अमेरिका के फेबियानो कारुआना को हराया था।

छठे राउंड में गुकेश का मुकाबला नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन से हुआ, जिसमें भारतीय ग्रैंडमास्टर ने जीत हासिल की। गुकेश ने कार्लसन को एक महीने के अंदर दूसरी बार हराया है। गुकेश ने कार्लसन को 2 जून को नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में भी हराया था। ग्रेब सुपरयूनाइटेड टूर्नामेंट में गुकेश ने वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन को हराया।



**तीसरे दिन दोनों मुकाबले ड्रॉ रहे** – टूर्नामेंट के तीसरे दिन (4 जुलाई) गुकेश के दोनों मुकाबले ड्रॉ रहे। उनकी इस दिन की शुरुआत डच ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी के खिलाफ ड्रॉ के साथ हुई। उसके बाद क्रोएशिया के इवान शारिक के खिलाफ उन्होंने 87 चालों वाला लंबा मुकाबला खेला। यह मैच भी ड्रॉ रहा।

**प्रगनानंद ने सिर्फ एक जीत हासिल की** – इस टूर्नामेंट में प्रगनानंद का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। उन्होंने 9 मैचों में सिर्फ एक जीत इवान शारिक के खिलाफ दर्ज की। वहीं, 7 मुकाबले ड्रॉ खेले, जबकि एक में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कुल 9 अंक अर्जित किए। प्रगनानंद बुखारेस्ट फेज में विनर और वारसॉ में तीसरे स्थान पर रह चुके हैं। इससे वह ग्रैंड चेस टूर के ओवरऑल रैंकिंग में अब भी प्रबल दावेदार बने हुए हैं।

**कार्लसन और डूडा किस पोजिशन पर रहे** – मैग्नस कार्लसन ने टूर्नामेंट के आखिरी दिन (4 जुलाई) अमेरिकी प्लेयर फैबियानो कारुआना के खिलाफ जीत से शुरुआत की, लेकिन अगले गेम में नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से ड्रॉ खेलकर वह गुकेश को चुनौती नहीं दे पाए। वहीं, डूडा, जिन्होंने पहले राउंड में गुकेश को हराया था, उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया और दूसरे स्थान पर रहे।

**अब टूर्नामेंट का ब्लिट्ज फेज खेला जाएगा** – इस टूर्नामेंट का ब्लिट्ज चरण शनिवार से शुरू होगा और 6 जुलाई को खत्म होगा। रैपिड और ब्लिट्ज ङ्क दोनों फॉर्मेट से अर्जित अंकों के आधार पर ओवरऑल विनर का फैसला होगा।

फीफा क्लब वर्ल्ड कप

## पाल्मेरास को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा चेल्सी



**फिलाडेल्फिया, एजेंसी।** अगस्टिन जियाय के अंतिम क्षणों में किए गए आत्मघाती गोल की बदौलत चेल्सी ने फीफा क्लब वर्ल्ड कप के क्वार्टर फाइनल में पाल्मेरास पर 2-1 से जीत हासिल की। यह मुकाबला फिलाडेल्फिया के लिंकन फाइनेंशियल फील्ड पर खेला गया। इसी के साथ चेल्सी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। कोल पाल्मर ने पहले हाफ में चेल्सी के लिए गोल किया, जिससे ब्लूज को न्यूयॉर्क में ब्राजील की टीम फ्लूमिनेंस के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाने में मदद मिली। ब्रेक के बाद पाल्मेरास ने जोरदार वापसी की, जब युवा फुटबॉलर एस्टेवाओ ने 53वें मिनट में एक शानदार गोल दागते हुए टीम को बराबरी पर ला दिया, लेकिन मुकाबले के 83वें मिनट में अगस्टिन जियाय के आत्मघाती गोल के चलते पाल्मेरास ने मुकाबला 1-2 से गंवा दिया। चेल्सी के मैनेजर एन्जो मारेस्का ने कहा, जैसा कि हमने उम्मीद की थी, यह एक मुश्किल मुकाबला था। मुझे लगता है कि दूसरे हाफ की तुलना में हम पहले हाफ में थोड़े बेहतर थे। हमने मुकाबले को बेहतर तरीके से कंट्रोल किया। मुझे लगता है कि हम जीत के हकदार थे। खिलाड़ियों को बधाई, क्योंकि उन्होंने काफी अच्छा खेल दिखाया हैं। मारेस्का ने आगे कहा, मैं खुश हूं क्योंकि हम जीत गए, खुश हूं क्योंकि उन्होंने गोल किया, इसलिए यह एक शानदार रात है। वहीं, दूसरी ओर फीफा क्लब विश्व कप 2025 में अपने शानदार अभियान को जारी रखते हुए फ्लूमिनेंसे ने अल हिलाल को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में स्थान पक्का कर लिया है।

# यशस्वी ने टेस्ट क्रिकेट में रचा इतिहास, सचिन और विराट को छोड़ दिया पीछे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के ओपनिंग बैट्समैन यशस्वी जायसवाल ने एजबेस्टन टेस्ट के दौरान एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. इस दौरान उन्होंने पूर्व भारतीय कप्तान राहुल द्रविड़ और पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग की बराबरी कर ली है, जबकि मास्टर-ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया. यशस्वी जायसवाल ने ये मुकाम एजबेस्टन टेस्ट के दूसरी पारी के दौरान हासिल किया. जायसवाल टेस्ट क्रिकेट में ये मुकाम हासिल करने वाले दूसरे सबसे युवा भारतीय बल्लेबाज हैं. लीड्स टेस्ट मैच में शानदार शतक लगाने वाले यशस्वी दूसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में कुछ खास नहीं कर पाए, लेकिन एक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया.

### यशस्वी ने कौन सा रिकॉर्ड बनाया?

टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे कम पारियों में संयुक्त रूप से सबसे तेज 2000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं. इस दौरान उन्होंने भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग की बराबरी कर ली है. जायसवाल ने ये उपलब्धि एजबेस्टन टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 10वां रन बनाने के दौरान किया. हालांकि वो अपनी पारी को लंबी नहीं कर पाए और 22 गेंदों में 28 रन बनाकर आउट हो गए. यशस्वी ने पहली पारी में 87 रनों की शानदार पारी खेली थी.

जायसवाल ने टेस्ट क्रिकेट की 40वीं पारी में 2000 रन पूरे किए. इससे पहले राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग ने भी इतनी ही पारियों में 2000 रन पूरे किए थे. द्रविड़ ने साल 1999 में न्यूजीलैंड के खिलाफ हैमिल्टन में और वीरेंद्र सहवाग ने साल 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में यह उपलब्धि हासिल की थी.

### 21वें टेस्ट मैच में हासिल की उपलब्धि

जायसवाल ने 21 टेस्ट मैचों की 40 पारियों में 53.10 की औसत से 2018 रन बनाए हैं. इसमें 5 शतक और 11 अर्धशतक शामिल हैं. इस मामले में उन्होंने पूर्व भारतीय बल्लेबाज विजय हजारे और टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर को पीछे छोड़ दिया. विजय हजारे और गौतम गंभीर ने 43 पारियों में 2000 रन पूरे किए थे. दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली इस लिस्ट में किसी के आसपास भी नहीं हैं. उन्होंने 53 पारियों में दो हजार रन पूरे किए थे.

इसके अलावा यशस्वी जायसवाल ने सबसे कम एज में दो हजार रन पूरे करने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं. उन्होंने 23 साल 188 दिन की एज में यह उपलब्धि हासिल की. इस मामले में सचिन तेंदुलकर उनसे आगे हैं. सचिन ने 20 साल 330 दिन में टेस्ट क्रिकेट में दो हजार रन पूरे किए थे.

## इंडिया-इंग्लैंड: इंग्लैंड ने भारत को 05 रन से हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड की महिला टी20 टीम ने 5 मैच की सीरीज के तीसरे मुकाबले में हरमनप्रीत की अगुआई वाली भारतीय टीम को 5 रन के करीबी अंतर से हरा दिया। भारत को जीत के लिए अंतिम गेंद पर 6 रन की जरूरत थी। हरमनप्रीत कौर (23) ने छक्का लगाने की पूरी कोशिश की, लेकिन बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में लॉरेन बेल का शिकार हो गईं और भारत इतिहास रचने से चूक गया। भारत ने सीरीज के शुरुआती दोनों मैच अपने नाम किये थे। भारतीय टीम यदि तीसरा मैच भी जीत लेती तो 19 साल में पहली बार इंग्लैंड के खिलाफ लगातार 3 टी20 मैच जीतने का रिकॉर्ड बनाती। पहली बार 2 या उससे ज्यादा मैच की सीरीज भी अपने नाम कर लेती। अब उसे सीरीज जीतने के लिए कम से कम अगले मैच तक इंतजार करना होगा। भारत बनाम इंग्लैंड चौथा टी20 इंटरनेशनल मैच 9 जुलाई को मैनचेस्टर के एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड में भारतीय समयानुसार रात 11 बजे से खेला जाएगा।

भारत को तीसरा टी20 इंटरनेशनल मैच जीतने के लिए 172 रन का लक्ष्य मिला था। स्मृति मंधाना जब तक क्रीज पर मौजूद थीं तब तक उसके जीतने की 100 फीसदी संभावना लग रही थी। स्मृति मंधाना 16वें ओवर की तीसरी गेंद पर जब पवेलियन लौटीं तब टीम का स्कोर 3 विकेट पर 131 रन था। हालांकि, इसके बाद भारत अगली 27 गेंद में 41 रन नहीं बना पाया।

कनाडा ओपन

## चोउ तिएन चेन को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे श्रीकांत



**कैलगरी, एजेंसी।** भारत के स्टार शटलर किदांबी श्रीकांत कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने शनिवार को क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीयता प्राप्त चोउ तिएन चेन को सीधे गेम में 21-18, 21-9 से हराया। श्रीकांत ने चीनी ताइपे के वांग पो-वेई को 43 मिनट तक चले इस मुकाबले में शिकस्त देकर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का किया था।वर्तमान में विश्व में 49वें स्थान पर काबिज श्रीकांत अब फाइनल में जगह बनाने के लिए जापान के तीसरी वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोटो से भिड़ेंगे। श्रीकांत के पास 30 वर्षीय केंटा निशिमोटो के खिलाफ हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में 6-4 की बढ़त है। भारतीय खिलाड़ी ने पिछली विश्व चैंपियनशिप में जापानी शटलर को सीधे गेम में हराया था। इसके बावजूद निशिमोटो अन्य भारतीय खिलाड़ियों के लिए चुनौतियां पेश करते रहे हैं। अपने कोर्ट कवरेज के लिए पहचाने जाने वाले निशिमोटो इस सीजन में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। निशिमोटो ने भारत के शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम को 21-15, 5-21, 21-17 से कड़ी टक्कर देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई है। श्रीकांत प्री-क्वार्टरफाइनल मैच में चीनी ताइपे के वांग पो-वेई के खिलाफ 21-19, 21-14 से जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। श्रीकांत ने यह मुकाबला 41 मिनट में जीता था। वांग पो-वेई वर्ल्ड नंबर-71 हैं।

# दूसरे टेस्ट में भारत ने की दमदार वापसी

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** भारत ने बर्मिंघम टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ 317 रन की बढ़त हासिल कर ली है। भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 3 विकेट खोकर 152 रन बना लिए हैं। कप्तान शुभमन गिल और पंत मोर्चा संभाले हुए थे। करुण नायर 26 और यशस्वी जायसवाल 28 रन बनाकर आउट हुए। ब्रायडन कार्स और जोश टंग को एक-एक विकेट मिला। एजबेस्टन स्टेडियम में शनिवार को मैच का चौथा दिन था और पहले सेशन का खेल जारी था। टीम इंडिया ने सुबह 64/1 के स्कोर से खेलना शुरू किया। तीसरे दिन इंग्लैंड पहली पारी में 407 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत को पहली पारी में 180 रन की बढ़त मिली। जैमी स्मिथ ने 184 और हैरी ब्रूक ने 158 रन बनाए। मोहम्मद सिराज ने 6 और आकाशदीप ने 4 विकेट लिए। भारत ने पहली पारी में कप्तान शुभमन गिल (269 रन) के दोहरे शतक के सहारे 587 रन बनाए।

### तीसरे दिन बने यह रिकॉर्ड्स...

**बेन स्टोक्स का पहला गोल्डन डक** – इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स पहली ही गेंद पर कॉट बिहाइंड हो गए। उन्हें मोहम्मद सिराज ने बाउंसर फेंक कर विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। 113 टेस्ट के करियर में स्टोक्स 16वीं बार जीरो पर आउट हुए, लेकिन पहली बार ही किसी बॉलर ने उन्हें पहली गेंद पर पवेलियन भेजा।टेस्ट क्रिकेट में बगैर गोल्डन डक के सबसे ज्यादा पारियां खेलने का रिकॉर्ड भारत के राहुल द्रविड़ के नाम है। जो 286 पारियों बाद गोल्डन डक हुए थे।

**जैमी स्मिथ ने 80 बॉल पर शतक लगाया** – इंग्लैंड के विकेटकीपर बैटर जैमी स्मिथ ने महज 80 गेंद पर शतक लगा दिया। यह इंग्लैंड से चौथा सबसे तेज टेस्ट शतक रहा। फास्टेस्ट सेंचुरी का रिकॉर्ड गिल्बर्ट जेसप के नाम है, जिन्होंने 1902 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 76 गेंद पर सेंचुरी लगा दी थी।

**ब्रूक ने सबसे तेज 2500 रन बनाए** – इंग्लैंड से हैरी ब्रूक ने भी शतक लगाया, उन्होंने 158 रन की पारी खेली।





**भारत के खिलाफ छठे विकेट के लिए सबसे बड़ी पार्टनरशिप** – जैमी स्मिथ और हैरी ब्रूक ने छठे विकेट के लिए 303 रन की पार्टनरशिप की। यह इंग्लैंड से भारत के खिलाफ किसी भी विकेट के लिए तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी रही। इंग्लैंड से भारत के खिलाफ छठे विकेट के लिए यह सबसे बड़ी पार्टनरशिप रही। ब्रूक-स्मिथ ने जॉनी बेयरस्टो और क्रिस वोक्स का रिकॉर्ड तोड़ा। दोनों ने 2018 में लॉर्ड्स स्टेडियम में 189 रन जोड़े थे।

**11 साल बाद भारत के खिलाफ 300+ रन की पार्टनरशिप** – भारत के खिलाफ टेस्ट में 11 साल बाद किसी भी विकेट के लिए 300 से ज्यादा रन की पार्टनरशिप हुई। 2014 में आखिरी बार न्यूजीलैंड के ब्रेंडन मैक्कलम और बीजे वाटलिंग ने छठे विकेट के लिए ही 352 रन जोड़े थे। भारत के खिलाफ टेस्ट में 12वीं बार 300 से ज्यादा रन की पार्टनरशिप हुई।

**प्लेइंग-11**

**इंग्लैंड-** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स, जैमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

**भारत-** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, करुण नायर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, आकाशदीप, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा।

# विंबलडन- आंद्रे रूबलेव राउंड ऑफ 16 में पहुंचे

### फिट्ज ने भी थर्ड राउंड का मैच जीता; विमेंस सिंगल्स में मैडिसन कीस बाहर

**पेरिस (एजेंसी)।** विंबलडन के थर्ड राउंड में आंद्रे रूबलेव ने राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली है। उन्होंने एड्रियन मन्नारिनो को सीधे सेट में हराकर अगले राउंड में पहुंचे। वहीं विमेंस सिंगल्स छठी सीड मैडिसन कीस को उन्हें जर्मनी की सिगमंड ने हराकर बाहर कर दिया।





**मेंस सिंगल्स में फ्रिट्ज जीते** – रूबलेव ने फ्रांस के एड्रियन मन्नारिनो को 7-5, 6-2, 6-3 के अंतर से हराया। मेंस सिंगल्स में रूबलेव के अलावा अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज, इंग्लैंड के कैमरन नोरी, ऑस्ट्रेलिया के लुसियानो डारडेरी, पोलैंड के कामिल माचजैक और चीली के निकोलस जेरी को भी जीत मिली। सभी ने राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली। यह मुकाबले रविवार से खेले जाएंगे।

**मेंस डबल्स में जीती टॉप सीड जोड़ी** –मेंस डबल्स में नंबर-1 सीड मार्सेलो अरेवालो और मैट पैविक की जोड़ी ने अगले राउंड में जगह बना ली। दोनों ने स्पेन के जौम मुनार और पेड्रो मार्टिनेज की जोड़ी को हराया। दूसरी सीड हेनरी पैटन और हैरी हेलोवारा की जोड़ी ने भी अगले राउंड में जगह बना ली।

**विमेंस सिंगल्स में मैडिसन कीस बाहर** – विमेंस सिंगल्स में अमेरिका से छठी सीड मैडिसन कीस को उलटफेर का शिकार होना पड़ा।

# राहु दोष से मुक्ति के लिए घर में किस दिशा में रखना चाहिए खाली गमला, वास्तु शास्त्र के अनुसार जानें सही तरीका



**वास्तु शास्त्र के अनुसार आपकी कुंडली में अगर राहु दोष चल रहा है, तो आपको घर में खाली गमला रखना चाहिए। इससे कई समस्याएं भी दूर होती हैं लेकिन याद रखें कि खाली गमले में सही दिशा में रखना बहुत जरूरी है। आइए, जानते हैं घर की कौन-सी दिशा में रखें खाली गमला। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार घर में खाली बर्तन या गमला रखना शुभ नहीं माना जाता लेकिन वास्तु शास्त्र के अनुसार अगर घर में खाली गमला सही दिशा में रखा जाए, तो आपके घर से कई परेशानियां दूर हो जाती हैं। खासतौर पर अगर आपकी कुंडली में राहु का दुष्प्रभाव पड़ रहा है, तो आपको वास्तु शास्त्र के अनुसार गमले को सही दिशा में रखना चाहिए। आइए, जानते हैं राहु दोष से मुक्ति के लिए घर की किस दिशा में रखें गमला।ज्योतिष शास्त्र के अनुसार घर में खाली बर्तन या गमला रखना शुभ नहीं माना जाता लेकिन वास्तु शास्त्र के अनुसार अगर घर में खाली गमला सही दिशा में रखा जाए, तो आपके घर से कई परेशानियां दूर हो जाती हैं। खासतौर पर अगर आपकी कुंडली में राहु का दुष्प्रभाव पड़ रहा है, तो आपको वास्तु शास्त्र के अनुसार गमले को सही दिशा में रखना चाहिए। आइए, जानते हैं राहु दोष से मुक्ति के लिए घर की किस दिशा में रखें गमला।**

## घर में किस दिशा में रखें खाली गमला

आपके जीवन में अगर कई परेशानियां चल रही हैं, तो आपको वास्तु शास्त्र के अनुसार घर की दक्षिण दिशा में खाली गमला रख देना चाहिए। इससे घर की नकारात्मक ऊर्जा खत्म हो जाती है। इस खाली गमले में आप एक हल्दी की गांठ भी रख सकते हैं, इससे आपको घर की नकारात्मक ऊर्जा दूर हो जाती है। खाली गमले का मतलब यह नहीं है कि इसे आपको पूरा खाली रखना है, बल्कि इसमें मिट्टी भी होनी चाहिए। हां, बस यह बात याद रखें कि इसमें कोई पौधा न लगा हो।

## बुरी नजर से बचाता है खाली गमला

बुरी नजर को नकारात्मक ऊर्जा से जोड़कर देखा जाता है। माना जाता है कि अगर आपके घर में किसी की बुरी नजर का साया मंडरा रहा है, तो आपको दक्षिण दिशा में खाली गमला जरूर रख देना चाहिए। इससे बुरी नजर का असर कमजोर पड़ जाता है और आपके अधूरे काम भी बनने शुरू हो जाते हैं।

## अकाल मृत्यु का खतरा टल जाता है

दक्षिण दिशा को यमराज की दिशा कहा जाता है, इसलिए दक्षिण दिशा की तरफ मुंह करके न ही भोजन किया जाता है और ना ही कोई शुभ कार्य किया जाता है, लेकिन वास्तु शास्त्र के अनुसार दक्षिण दिशा में खाली गमला रखने से अकाल मृत्यु होने खतरा भी टल जाता है।

## गृह क्लेश से मुक्ति के लिए कारगर

आपके घर में अगर आए दिन हमेशा लड़ाई होती रहती है, तो आपको घर की दक्षिण दिशा में गमला जरूर रखना चाहिए क्योंकि छोटी-छोटी बातों पर गृह क्लेश होने का मतलब यह होता है कि आप आपके घर में नकारात्मक ऊर्जा का वास है, इसलिए गमला रखने से घर से नकारात्मक ऊर्जा बाहर चली जाती है।

## कर्ज मुक्ति होकर आर्थिक स्थिति होती है मजबूत

जब किसी व्यक्ति के जीवन में बुरी दशा चल रही होती है, तो उसके बने-बनाए काम बिगड़ने लग जाते हैं और कुछ ऐसी स्थितियां बनने लग जाती हैं, जिससे कि व्यक्ति कर्ज में डूबता चला जाता है, इसलिए अगर आपको इन समस्याओं को दूर करना है, तो आपको घर की दक्षिण दिशा में खाली गमला रखना चाहिए। इससे आपको कर्ज से मुक्ति है और आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो जाती है।

# वास्तु शास्त्र- ब्रह्म स्थान का हमेशा रखें ध्यान



घर में विभिन्न स्थानों एवं दिशाओं की अपनी एक अलग भूमिका होती है, किसी भी स्थान पर वास्तुदोष घर के सदस्यों को प्रभावित करता है। हमें अपने घर के ब्रह्म स्थान का सदा ध्यान रखना चाहिए। आइए जानते हैं कि ब्रह्म स्थान क्या है और कैसे ब्रह्म स्थान के दोष को दूर किया जा सकता है।

वास्तु शास्त्र में ब्रह्म स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है, किसी भी भूखण्ड के मध्यभाग को ब्रह्म स्थान या नाभि स्थान कहा जाता है। ब्रह्म स्थान का रहस्य वास्तु शास्त्र के अतिरिक्त दर्शन और आध्यात्म से संबंधित है। ब्रह्म स्थान का तत्व आकाश है।

संसार का अंतिम तत्व ब्रह्म या परमेश्वर को माना जाता है जो अघन्या, अविनाशी तथा निरपेक्ष है। पाश्चात्य विचारक इसे निरपेक्ष मानते हैं जबकि हिन्दू धम में शंकराचार्य ब्रह्म और आत्मजा को एक ही मानते हैं।

भारतीय परम्परा में धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष नामक चार पुरुषार्थ। भूखण्ड का ब्रह्म क्षेत्र इन्हीं पुरुषार्थों की प्राप्ति के लिए होता है, इसीलिए कहा गया है, छत का ब्रह्म क्षेत्र निर्दोष होना चाहिए। वहां किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं होना चाहिए। ब्रह्म स्थान में गंदी, नई-पुरानी, छोटी या बड़ी वस्तु नहीं होनी चाहिए।

ब्रह्म स्थान में बीम, पीढ़ी, छज्जा और यहां तक की छत भी नहीं होना चाहिए। दोपहर को सूर्य की किरणें सीधी आनी चाहिए।

वास्तुशास्त्र कहता है कि नाभिस्थान खुला हुआ, सम्पूर्ण वस्तुओं से रहित न हो तो घर का स्वामी हृदय रोग से पीड़ित रहता है।

ब्रह्म स्थान के खुले होने से परिवार के लोग सुखी व सम्पन्न होते हैं।

ब्रह्म स्थान में ध्यान, जप, प्राणायाम लाभप्रद होते हैं, समाधि की प्रक्रिया सिद्ध होती है।

ब्रह्म स्थान के दोष दूर करने के उपाय -

ब्रह्म स्थान में निष्काम भाव से पूजा करें, ईश्वर की उपासना करें, कुछ मांगे नहीं।

ब्रह्म स्थान के नौ चौखानों के ऊपर एक-एक पिरामिड लगाने से यह दोष कम होता है।

गीता, रामायण आदि धार्मिक ग्रंथों का नियमित पाठ करने से सकारात्मक उर्जा के कारण वास्तु दोष प्रभावहीन रहता है।

ब्रह्म स्थान ठीक कर लेने से ईशान कोण का दोष व्यक्ति को कम प्रथावित करता है।

इस स्थान पर सत्संग, हरिकीर्तन, भजन आदि से यह दोष दूर हो जाता है।

ब्रह्म स्थन को दोष मुक्त रखने से भौतिक जीवन के दोष, कठिनाइयों तथा विरोधाभासों को दूर किया जा सकता है।

प्रसिद्ध वास्तुशास्त्रियों के दिशा-निर्देश अनुसार ब्रह्म स्थान को जानने के लिए किसी भूखण्ड या मकान की लम्बाई को तीन भागों में बांटिए, फिर उसकी चौड़ाई को चार भागों में बांटिए, सारे भागों को रेखाओं के माध्यम से इस तरह से मिलाएं कि वह चौकोर आकार में नजर आने लगे। इस प्रकार नौ वर्ग या आयात (चौभुज) बन जाएंगे। इनमें से सबसे बीचवाला भाग ब्रह्म स्थान होता है।

# बच्चों को सोना नहीं चांदी की चेन पहनाइए, जानेंगे फायदा तो दंग रह जाएंगे

**आजकल सोने की बढ़ती कीमतों के कारण इसे खरीदना बहुत मुश्किल हो गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बच्चों को चांदी की चेन पहनाना सोने बेहतर विकल्प होता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, चांदी चंद्रमा से जुड़ी है और बच्चों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए उत्तम मानी जाती है। आइए विस्तार से जानें बच्चों को चांदी की चेन पहनाने के लाभ... आज के समय में सोने का भाव इतना बढ़ गया है कि एक छोटी सी बाली खरीदने पर भी हमें कई बार सोचना पड़ रहा है। ऐसे में माता-पिता अपने बच्चों के लिए भी सोने की चेन नहीं खरीद पा रहे हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सोना नहीं बल्कि चांदी की चेन बच्चों को पहनाना अति उत्तम माना गया है। इसके ज्योतिषी लाभ इतने अत्यंत शुभ हैं कि आप जानकर दंग रह जाएंगे। ऐसे में आप अपने छोटे बच्चों को चांदी की चेन पहना सकते हैं, इससे उनका मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहता है। आइए विस्तार से जानते हैं बच्चों को चांदी की चेन पहनाने के विशेष लाभ...**



## चांदी का संबंध चंद्रमा ग्रह से

माना जाता है की चांदी चंद्रमा से जुड़ी होती है, जो मन, भावनाओं और शांति का प्रतिनिधित्व करती है। इसे हिंदू धर्म में बेहद पवित्र माना जाता है जिसे छोटे बच्चों को पहनाने से विशेष लाभ होता है। चांदी मन को शांत करता है और बच्चों के विकास के लिए भी बहुत अच्छा होता है। बता दें कि चंद्रमा को मानसिक स्थिति, सुंदरता, शीतलता और शांति का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में चांदी पहनने से इन सभी का प्रभाव बच्चों के जीवन पर भी देखने को मिलता है।

## बच्चों को क्यों पहनाएं चांदी की चेन?

ज्योतिषशास्त्र में बताया गया है कि 14 वर्ष की उम्र तक बच्चों पर सभी ग्रहों से ज्यादा चंद्रमा का प्रभाव होता है। ज्योतिष के अनुसार, 14 साल तक बच्चों की कुंडली अजन्मी होती है, क्योंकि उनके जीवन पर केवल एक ग्रह चंद्रमा का प्रभाव रहता है और इसका संबंध चांदी से होता है। यही कारण है कि 14 साल तक के बच्चों को सोने की बजाए चांदी की चेन पहनाना सबसे उत्तम और फलदायी होता है। ऐसा करने से आपको उनके जीवन में कई सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे।

# क्या कहते आपके सितारे




**मेष** आज का दिन आपके लिए समस्याओं भरा रहने वाला है। आप अपने बिजनेस में यदि पार्टनरशिप में कोई डील फाइनल करेंगे, तो वह आने वाले समय में आपको अवश्य समस्या देगी। आप किसी परिजन के घर जा सकते हैं। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधा दूर होगी और आप अपने घर के रिनोवेशन का काम भी शुरू कर सकते हैं, जो विद्यार्थी कहीं बाहर जाकर पढ़ने की सोच रहे थे, तो उन्हें कोई बेहतर अवसर हाथ लगेगा।




**वृषभ** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। नौकरी में आपको प्रमोशन मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ सकती है, लेकिन आप सभी कामों को समय से निपटाने की पूरी कोशिश करेंगे। आप किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। भाई व बहनों से आपकी खूब पटेगी और रक्त संबंधी रिश्तो में मजबूती आएगी।




**मिथुन** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। संतान के करियर को लेकर कोई डिसीजन आप थोड़ा धैर्य रख कर ले और आपकी बेवजह क्रोध करने की आदत के कारण परिवार के सदस्य भी नाराज रहेंगे। आपको अपनी डाइट पर भी पूरा ध्यान देना होगा, नहीं तो कमजोरी महसूस हो सकती है।




**कर्क** आज का दिन आपके लिए उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है। आप अपने बिजनेस में चल रही समस्याओं को लेकर परेशान रहेंगे, जिसके लिए आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से बातचीत की आवश्यकता होगी। शेयर मार्केट में आप थोड़ा सोच समझकर इन्वेस्टमेंट करें। आपका डूबा हुआ धन आपको मिल सकता है। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपको किसी सामाजिक आयोजन में सम्मिलित होने का मौका मिल सकता है।




**सिंह** आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा, लेकिन आपके लंबे समय से रुके हुए काम आसानी से पूरे होंगे। आप अपने घर के कामों में भी कोई बदलाव करने की सोचेंगे और रखरखाव पर भी पूरा ध्यान देंगे। आपके परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। सरकारी योजनाओं में धन लगाने से आपको बेहतर लाभ मिलेगा।




**कन्या** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप कामों को लेकर योजना तो बनाएंगे, लेकिन आपकी कुछ योजनाओं पर विराम लग सकता है। लेकिन आपको उससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। आप अपनी मेहनत जारी रखें। संतान की फरमाइश पर आप उन्हें कहीं घुमाने लेकर जा सकते हैं। आप अपने खर्चों को थोड़ा कंट्रोल करके चले, नहीं तो आने वाले समय में आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं।




**तुला** आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपके घर परिवार में यदि किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। आप अपने घर मे किसी पूजा-पाठ का आयोजन कर सकते हैं। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आप किसी दूसरे की मदद के लिए भी आगे आएंगे। आप दानपुण्य के कार्यों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे, लेकिन कार्यक्षेत्र में आप किसी से बेवजह न उलझे।




**वृश्चिक** आज का दिन किसी नई संपत्ति की खरीदारी के लिए रहेगा। आपकी सेहत कमजोर रहेगी। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। किसी पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में आप बड़े सदस्यों से राय अवश्य लें, तभी फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। आप जीवनसाथी के लिए कोई नए बिजनेस की शुरुआत कर सकते हैं। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी को लेकर लॉन्ग ड्राइव पर जाने की योजना बनाएंगे।




**धनु** आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती भरा रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। किसी नए काम की शुरुआत करना आपके लिए अच्छा रहेगा। दोस्त आपको इन्वेस्टमेंट संबंधित कोई प्लान बता सकते हैं, जिसमें आप थोड़ा सोच समझकर ही धन लगाए। आपको किसी कानूनी मामले में निराशा हाथ लगेगी। आपकी बिजनेस को लेकर कोई रुकी हुई डील फाइनल हो सकती है।




**मकर** आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में अच्छा रहने वाला है। आप इधर-उधर के कामों पर ध्यान थोड़ा कम लगाएंगे। आपको किसी दूसरे के मामले में भी बेवजह बोलने से बचना होगा। आप दिल से काफी खुश रहेंगे, इसलिए आप अच्छा सोचेंगे। आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान-सम्मान दिलवाएगी। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से यदि खटपट चल रही थी, तो उसे भी आप दूर करने की पूरी कोशिश करेंगे।




**कुंभ** आज का दिन आपके लिए मेहनत व ईमानदारी से काम करने के लिए रहेगा। आप गलत तरीके से धन कमाने से बचें और आपको संतान के करियर पर पूरा ध्यान देना होगा, उन्हें एक नई राह दिखानी होगी। जीवनसाथी की सेहत में कुछ गिरावट आ सकती है, जिसको लेकर आप लापरवाही बिल्कुल ना करें। आपका कोई दूर रह रहा परिजन आपसे मेल मुलाकात करने आ सकता है। आपके बिजनेस में चांद लगेंगे




**मीन** आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपका कार्यक्षेत्र मे काम को लेकर आइडिया बॉस को खूब पसंद आएगा और वह आपसे काफी खुश रहेंगे। आपके प्रमोशन की बात भी आगे बढ़ सकती है। जीवनसाथी आपके कामों में आपका पूरा साथ देगी। आप अपने परिवार के सदस्यों को साथ मिल-बैठकर कुछ पुरानी यादों को ताजा करेंगे। आपकी किसी खास व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जो आपकी धन संबंधित समस्याओं को दूर करने में काफी मदद करेंगी।

## बच्चों को चांदी की चेन पहनाने के लाभ

चांदी चंद्रमा का प्रतिनिधित्व करती है और इसे पहनने से बच्चों की कुंडली में चंद्रमा की स्थिति मजबूत होती है। अगर आप अपने बच्चों को 14 साल की उम्र तक चांदी की चेन पहनाकर रखते हैं, तो इससे उनके जीवन से नकारात्मकता दूर होने लगती है। साथ ही, बच्चों का स्वास्थ्य भी इससे अच्छा बना रहता है। मान्यता है कि अगर बच्चे गले में हमेशा चांदी की चेन पहनकर रखते हैं, तो इससे उनके मानसिक विकास को बढ़ावा मिलता है और एकाग्रता भी बढ़ती है। ऐसे में अपने 14 साल तक के बच्चों को चांदी की चेन जरूर पहनानी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### भाषा विवाद के बीच महाराष्ट्र सरकार का बड़ा फैसला, 3 अक्तूबर को मनाएंगे मराठी दिवस

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में हिंदी थोपे जाने के आरोपों के बीच चल रहे भाषा विवाद पर नया मोड़ आ गया है। प्राइमरी स्कूलों में हिंदी अनिवार्य करने के फैसले के बाद अब महाराष्ट्र सरकार ने 3 अक्तूबर को शास्त्रीय मराठी भाषा दिवस मनाने का ऐलान किया है। शुक्रवार को इसकी जानकारी देते हुए सरकार की तरफ से कहा गया कि 3 से लेकर 9 अक्तूबर तक पूरा सप्ताह शास्त्रीय मराठी भाषा सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। महाराष्ट्र सरकार की तरफ से जारी आदेश में इस सप्ताह में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी गई। आदेश के मुताबिक पूरे हफ्ते शास्त्रीय मराठी भाषा सप्ताह मनाने के बाद इसी संबंध में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन समारोहों का उद्देश्य मराठी के बारे में रिसर्च और जन जागरुकता को बढ़ाना और भाषा के संरक्षण पर ध्यान केंद्रित किया जाना शामिल होगा। सरकार ने राज्य के सभी जिला कलेक्टरों को मराठी भाषा जिला समिति के प्रमुख के रूप में नामित किया और इसके साथ ही इस पूरे सप्ताह के दौरान कार्यक्रमों की रूप रेखा बनाने का निर्देश दिया। आदेश में कहा गया है, ÷शास्त्रीय मराठी भाषा सप्ताह के दौरान शास्त्रीय मराठी भाषा के विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान, सेमिनार, सम्मेलन, कार्यशालाएं और शिविर आयोजित किए जाने चाहिए। शास्त्रीय मराठी ग्रंथों की प्रदर्शनी आयोजित की जानी चाहिए। साथ ही, ताम्रपत्र शिलालेखों/शिलालेखों की प्रदर्शनी आयोजित करके छात्रों और आम जनता को मराठी भाषा की शास्त्रीय साहित्यिक परंपरा से परिचित कराया जाना चाहिए।÷

### कर्नाटक में पांच बाघों की मौत : मंत्री ने दो अधिकारियों को किया निलंबित

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के वन मंत्री ईश्वर खांडरे ने माले महादेश्वर (एमएम) पहाड़ियों में पांच बाघों की अप्राकृतिक मौत के संबंध में लापरवाही और कर्तव्य निर्वहन में चूक के लिए दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मंत्री ने इस मामले में उप वन संरक्षक (डीसीएफ) वाई चक्रपाणि को निलंबित करने की भी सिफारिश की है। एमएम हिल्स के हुग्याम रेंज में 26 जून को एक मादा बाघिन और उसके चार शावक मृत पाए गए थे। खांडरे ने चक्रपाणि के आचरण की विभागीय जांच की भी सिफारिश की। घटना के बाद तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। खांडरे का यह निर्णय अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (एपीसीसीएफ) कुमार पुष्कर की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय जांच समिति द्वारा प्रस्तुत प्रारंभिक रिपोर्ट की समीक्षा के बाद आया।घटना की जांच के लिए इस समिति का गठन किया गया था। मंत्री ने समिति को 10 जुलाई तक अपनी अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। खांडरे के कार्यालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, बाघों की अप्राकृतिक मौत मामले में अधिकारियों की लापरवाही और कर्तव्यों का पालन ना करने के स्पष्ट सबूत हैं जिनके आधार पर मंत्री ने कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग से डीसीएफ वाई चक्रपाणि के निलंबन की सिफारिश की है। बयान में कहा गया है कि सहायक वन संरक्षक गजानन हेगड़े और संबंधित क्षेत्र के रेंज वन अधिकारी मदेश को निलंबित कर दिया गया है क्योंकि वे गश्ती कर्मचारियों की प्रभावी निगरानी करने में विफल रहे और वन संरक्षण के अपने मौलिक कर्तव्यों का निर्वहन करने में घोर लापरवाही बरती।

### तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, पिता-पुत्र की मौत

**शामली , एजेंसी।** शामली थानाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने संवाददाताओं को बताया कि वेदखेड़ी मोड़ के निकट यह दुर्घटना हुई और मृतकों की पहचान कौसर (40) व फरमान (छह) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और मामले की जांच की जा रही है। थानाध्यक्ष ने कहा कि ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

### इटली में यौन दरिंदों पर सीधा वार : रेपिस्ट को मिलेगी 'केमिकल सजा', हो जाएंगे नपुंसक

**रोम एजेंसी** इटली सरकार अब रेप और बच्चों से यौन शोषण करने वालों के खिलाफ कड़ा कानून लाने जा रही है। इस कानून के तहत ऐसे अपराधियों को 'केमिकल कैस्ट्रेशन' की सजा दी जा सकेगी। यह एक दवा आधारित इलाज होता है। इसमें ऐसी दवाएं दी जाती हैं जो अपराधी का हवस का भूत यानि यौन इच्छा को बहुत कम कर देती हैं। यह इलाज पूरी तरह स्वैच्छिक यानी अपनी मर्जी से लिया जाएगा। यह वापस भी लिया जा सकता है यानी स्थायी नहीं होगा। अगर अपराधी यह इलाज स्वीकार करता है, तो उसे जेल की सजा में कुछ छूट दी जा सकती है। हाल के समय में इटली में कई बड़े यौन अपराध हुए हैं। खासकर बच्चों के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले बढ़े हैं। इन मामलों के बाद लोगों में काफी गुस्सा है। प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी की सरकार और लीग पार्टी इस प्रस्ताव का समर्थन कर रही हैं। उनका कहना है कि इससे दोबारा अपराध होने से रोका जा सकेगा।कुछ विपक्षी नेता और मानवाधिकार संगठन इस कानून का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह इंसानों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। कुछ डॉक्टरों का मानना है कि हर यौन अपराध सिर्फ यौन इच्छा की वजह से नहीं, बल्कि गुस्से और नियंत्रण की भावना से भी होते हैं। सरकार ने इस पर काम शुरू कर दिया है। एक समिति बनाई गई है जो इस कानून का ड्राफ्ट तैयार करेगी।




### चैटजीपीटी ने दिखाया रास्ता... पलक झपकते ही बदल दी जिंदगी! महिला ने चुकाया 20 लाख का लोन

**वाशिंगटन एजेंसी।** आज के समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिर्फ तकनीकी दुनिया में बदलाव नहीं ला रहा, बल्कि आम लोगों की ज़िंदगी में भी बड़ा फर्क डाल रहा है। अमेरिका की रहने वाली 35 साल की जेनिफर एलन इसकी एक सच्ची मिसाल हैं। उन्होंने एआई टूल चैटजीपीटी की मदद से करीब 20 लाख रुपये (25,000 डॉलर से ज़्यादा) का क्रेडिट कार्ड कर्ज चुकाया। जेनिफर पेशे से रियल एस्टेट एजेंट और साथ ही कंटेंट क्रिएटर भी हैं। आमदनी अच्छी थी, लेकिन फाइनेंशियल लिटरेसी यानी पैसों

### पुतिन के हाइपरसोनिक मिसाइल हमले के बाद यूक्रेन का काउंटर अटैक

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन ने रूस पर पलटवार करते हुए शनिवार (05 जुलाई, 2025) को उसके मिलिट्री एअरफील्ड पर हमला किया। इस बात की जानकारी यूक्रेन की सेना ने सोशल मीडिया के जरिए दी। यूक्रेनी सेना ने एक बयान में कहा कि यूक्रेन के विशेष बलों ने शनिवार को वोरोनिश क्षेत्र में रूस के बोरिसोग्लबस्क सैन्य हवाई क्षेत्र पर हमला किया, जिसमें ग्लाइडर बम स्टोर और एक ट्रेनर एअरक्राफ्ट को निशाना बनाया गया। सेना ने आगे कहा कि अन्य विमानों पर भी हमला होने की संभावना है। हालांकि सेना ने इसकी कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। बयान में कहा गया, यह हवाई क्षेत्र दुश्मन के स्ब-34, स्ब-35स और स्ब-30स्रूविमानों का घरेलू बेस है। वहीं, रूस ने सबसे बड़ा हवाई हमला करते हुए ड्रोन और मिसाइलों से रात भर यूक्रेन को निशाना बनाया।


**किराए के लिए ख़ाली है**

1-3600 वर्ग फुट कमर्शियल हॉल सेमी फर्निश्ड मेन रोड सेक्टर 10 टी सी काम्प्लेक्स फ़रीदाबाद में।
2-1620 वर्ग फुट ऑफिस सेमी फर्निश्ड मेन रोड टी सी काम्प्लेक्स सेक्टर 10 फ़रीदाबाद में ।
3 - टू बेड रूम सेट ग्राउंड फ्लोर वेल फर्निश्ड सेक्टर 7 डी ब्लॉक फरीदाबाद में ।
4- वन रूम सेट वेल फर्निश्ड सेकंड फ्लोर सेक्टर 7 डी ब्लॉक फ़रीदाबाद में ।
इच्छुक व्यक्ति फ़ोन नंबर 9999446252,,9811157562 पर संपर्क करें ।



**- सूचना -**

फ़रीदाबाद ज़िला में भेदीनज़र समाचारपत्र में अपने समाचार,विज्ञापन देने और अख़बार की कापी प्राप्त करने के लिये सम्पर्क करें -
1-गोपाल न्यूज़ एजेन्सी
अम्बेडकर चौक बल्लभगढ़
**मोबाइल नम्बर-9811477 204**
2-नरेंद्र बुक्स शाप
मूँगफली चौक ऐन.आई. टी. नम्बर -5 फ़रीदाबाद
**मोबाइल नम्बर : 9810229192**
3-दीक्षित न्यूज़ एजेन्सी ओल्ड फ़रीदाबाद
**मोबाइल-98111 59238**



**छोटा विज्ञापन बड़ा फायदा**
आज ही स्पेस बुक कराएं
कॉल करें
0120-4152063,
9811157 562






आर.एन.आई. नं.
HAR/HIN/2011/43680
प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी एवं संपादक उमा शर्मा द्वारा
**उमा पब्लिकेशनस्**
प्लाट न. 3/1 टी.सी.सी. कॉम्पलेक्स सेक्टर - 10 फरीदाबाद से प्रकाशित एवं नीलू प्रिंटिंग प्रेस ई-33 सेक्टर -7 नोएडा से मुद्रित



संपादक
**उमा शर्मा**
प्रधान संपादक
**गिरीश चन्द्र शर्मा**
फोन नं. -
011-66304689
0120-4189808
0129-2290152
0129-2267 07 8
0129-2977562
फैक्स नं. -
011-66304690
0129-2297 640
मो. : 9811157 562,



सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद होगा ।
पीआईबी एक्ट अनुसार सभी विवादित समाचारों की ज़िम्मेदारी समाचार लेखक की होगी भेदीनज़र संस्थान ,संपादक और प्रधान संपादक क़ानूनन ज़िम्मेदार नहीं होगा